माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ
बुधवार, 7 फरवरी 2024
वर्ष 34, अंक 13, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये
www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा 16
सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ 15






## एक नजर

### कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाज़की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने आज नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी। दूरदर्शन और आकाशवाणी, श्रीनगर के पूर्व निदेशक नाज़की मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के मदार गांव के निवासी और कश्मीरी सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक प्रसारक तथा शिक्षक मीर गुलाम रसूल नज़क के पुत्र थे। एक कवि, नाटककार और प्रसारक के रूप में नाजकी ने अपने युवा दिनों में अपनी पहचान बनाई थी।

### रिश्वत में सहायक कर आयुक्त पर केस दर्ज

**मुंबई।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर संबंधी एक लंबित मामले के निपटारे को लेकर एक कंपनी के निदेशक से एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक राज्य कर सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एसीबी मुंबई इकाई ने राज्य कर (जांच शाखा) के सहायक आयुक्त अर्जुन सूर्यवंशी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दो फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया।

# उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश

## सदन से पास होने और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद बन जाएगा कानून

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) पेश किया। विधेयक के पेश होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाए। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा कि यूसीसी की एक्सपर्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जानी चाहिए थी और ड्राफ्ट के अध्ययन को समय मिलना चाहिए।

प्रारंभिक चर्चा के बाद 11.25 बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर फिर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस नेता यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी ने विपक्ष को नहीं बुलाया गया, कोई सुझाव नहीं लिए। हिमाचल, यूपी से विवाह करके आए लोगों पर कौन-सा नियम लागू होगा। आर्य ने कहा कि प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही स्थगित कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया गया है। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि आदिवासी व जनजाति समाज को बाहर क्यों रखा गया। इन समुदाय की महिलाओं को विधेयक में क्यों वंचित किया गया।

भाजपा विधायकों ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि विपक्ष इसे लेकर भ्रांतियां फैला रहा है। स्पीकर ने सायं 6:35 बजे सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बुधवार को सदन में पारित होने के बाद विधेयक राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

### समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा
- संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक लागू होगा
- सभी धर्मों में लड़की की विवाह की उम्र 18 वर्ष होगी
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून के दायरे से बाहर होंगी
- बहुपत्नी प्रथा समाप्त, एक पति-पत्नी का नियम सब पर लागू


भारतीय संविधान की प्रति के साथ सदन में पहुंचे मुख्यमंत्री।

### विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए: कांग्रेस

कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए, ताकि उसमें सुधार किया जा सके। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि विधेयक को पहले प्रवर समिति के हवाले किया जाए। विधेयक के संदर्भ में संसदीय कार्यमंत्री को चर्चा करनी चाहिए थी। कहा कि एक्सपर्ट कमेटी में धर्मगुरुओं को भी शामिल किया जाना चाहिए था।

### बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन पर जेल

समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की रसीद के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए। पंजीकरण कराने वाले युगल की सूचना रजिस्ट्रार को उनके माता-पिता या अभिभावक को देनी होगी।

# केजरीवाल के पीए, आप सांसद अन्य के परिसरों में ईडी का छापा

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली जल बोर्ड के ठेके में रिश्वत के आरोपों पर कार्रवाई
- राष्ट्रीय राजधानी में 10 से 12 परिसरों में की गई छानबीन

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और अन्य लोगों के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आरोप है कि डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं से उत्पन्न रिश्वत को चुनावी फंड के रूप में आम आदमी पार्टी (आप) को भेजा गया। धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई छापेमारी में ईडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष


एनडी गुप्ता के आवास पर छापेमारी के दौरान सुरक्षाकर्मी।

एनडी गुप्ता के कार्यालय तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पंकज मंगल के अलावा पार्टी से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि 'आप' नेताओं के खिलाफ छापेमारी पार्टी को डराने और चुप कराने की कोशिश है। यह छापेमारी दिल्ली जल बोर्ड के ठेके की प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी है। इसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सेवानिवृत्त मुख्य इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा और ठेकेदार अनिल कुमार अग्रवाल को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था।

### प. बंगाल में कई जगहों पर छापा

**कोलकाता।** ईडी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) कोष के कथित गबन की जांच के सिलसिले में मंगलवार सुबह पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। सॉल्ट लेक के आईए ब्लॉक में एक पूर्व खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) के आवास पर छापा मारा गया। झारग्राम जिले में पश्चिम बंगाल लोक सेवा के एक अधिकारी के सरकारी आवास पर भी छापेमारी की जा रही है।

### बिहार में जदयू एमएलसी की 26 करोड़ की दो अचल संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार को कहा कि उसने बिहार में कथित अवैध रेत खनन मामले की अपनी धन शोधन जांच के तहत राज्य विधानपरिषद के सदस्य और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता राधा चरण साह की 26 करोड़ रुपये की दो अचल संपत्तियां कुर्क कीं। बिहार पुलिस ने 'ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' और अन्य के खिलाफ आईपीसी और बिहार खनिज नियम, 2019 की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 19 प्राथमिकियां दर्ज की थीं, जिसके आधार पर निदेशालय ने धन शोधन का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी ने एक बयान में दावा किया कि जांच में सामने आया कि रेत की अवैध बिक्री और इसके खनन को मुख्य रूप से एक गिरोह द्वारा नियंत्रित किया गया और इस गिरोह के सदस्य होने के नाते राधा चरण 'साह ब्रॉड सन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' के माध्यम से अपराध से भारी-भरकम आय प्राप्त कर रहे थे।

# परीक्षा में धांधली पर अब 10 साल की जेल, एक करोड़ जुर्माने का भी प्रावधान

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया। लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।

उन्होंने कहा कि यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं। सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया। सिंह ने अनियमितता के कारण परीक्षा रद होने पर पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के कुछ सदस्यों के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य तरह की प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा।

### लोक परीक्षा विधेयक-2024 को लोकसभा की मंजूरी

#### कानून के दायरे में ये परीक्षाएं

विधेयक में कहा गया है कि प्रश्न पत्र या उत्तर कुंजी का लीक होना, सार्वजनिक परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी भी तरीके से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उम्मीदवार की सहायता करना और कंप्यूटर नेटवर्क या कंप्यूटर संसाधन या कंप्यूटर सिस्टम के साथ छेड़छाड़ करना, किसी व्यक्ति, लोगों के समूह या संस्थानों द्वारा किए गए अपराध हैं। विधेयक के दायरे में यूपीएससी, एसएससी, रेलवे द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाएं, बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित सभी कम्प्यूटर आधारित परीक्षाएं आएंगी।

# नए निर्वाचन आयुक्त के चयन को आज बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति निर्वाचन आयुक्त पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए बुधवार को यहां बैठक करेगी। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में 14 फरवरी को चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद एक पद रिक्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून के मुताबिक, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों का नाम सूचीबद्ध करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी चयन समिति का हिस्सा हैं।

# मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 11 लोगों की मौत

हरदा/भोपाल, एजेंसी

- 200 घायल, राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मदद राशि देने की घोषणा

मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 200 अन्य घायल हो गए। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें घटनास्थल पर रुक-रुक कर हो रहे विस्फोटों के साथ आग लगने के बीच लोग खुद को बचाने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह संजय दुबे ने बताया कि अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। कतिपय सूत्र 11 मौतों की बात कह रहे हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। घायलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हादसे में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

# अजित पवार गुट ही असली राकांपा : निर्वाचन आयोग

- फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

**नई दिल्ली/मुंबई।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। इसके साथ ही अजित पवार और राकांपा संस्थापक शरद पवार गुट के बीच पार्टी पर दावे को लेकर महीनों से जारी लड़ाई समाप्त हो गई है। आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किया। आयोग ने कहा कि निर्णय में ऐसी याचिका की पोषणीयता के निर्धारित पहलुओं का पालन किया गया, जिसमें पार्टी संविधान के उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और संगठनात्मक तथा विधायी दोनों में बहुमत के परीक्षण शामिल थे। आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष छूट देते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को अपने राजनीतिक दल के लिए एक नाम का दावा करने और तीन प्राथमिकताएं प्रदान करने के लिए बुधवार दोपहर तक का समय दिया। आयोग के फैसले के खिलाफ शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने यह जानकारी दी।

# दिल्ली में लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना का रिटायर्ड जवान है पकड़ा गया रियाज अहमद
- जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी माड्यूल का है सदस्य

दिल्ली पुलिस ने लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।बताया कि यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है। आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उसकी पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों से रविवार को जानकारी मिली थी कि रियाज अहमद राथर नाम का आतंकी उनके द्वारा हाल ही में भंडाफोड़ किए गए आतंकी मॉड्यूल मामले में वांछित है। जम्मू-कश्मीर की जांच एजेंसियों ने इस भंडाफोड़ में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से पांच एके राइफल (छोटी), पांच एके मैगजीन और छोटी एके राइफल के 16 कारतूस सहित अन्य सामग्री बरामद की थी।

# ज्ञानवापी के सभी तहखानों के एएसआई सर्वे पर 15 को सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया।

## आस्था की डगर

### रामलला के दर्शन की ललक जेनेवा से खींच लाई रामनगरी, आज सरयू में स्नान के बाद करेंगे दर्शन

# स्विट्जरलैंड से 8 साल पैदल यात्रा कर अयोध्या पहुंचे बेन

मौजीराम यादव, नवाबगंज/गोंडा

- 24 साल की उम्र में 2015 से शुरू की थी भारत के लिए यात्रा, अब हैं 32 के

**अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के दर्शन की ललक ऐसी कि एक रामभक्त 8 साल की पैदल यात्रा कर स्विट्जरलैंड से अयोध्या पहुंच गया। रामभक्त बेन बुधवार को पुण्य सलिला मां सरयू के पवित्र जल में स्नान करने के बाद रामलला और हनुमानजी का दर्शन पूजन करेंगे। स्विट्जरलैंड के रहने वाले बेन (32) ने मंगलवार को अयोध्या की सीमा कटरा शिवदयालगंज पर श्रीराम के प्रति अपनी आस्था को अमृत विचार से साझा किया।

स्विट्जरलैंड के जेनेवा शहर के रहने वाले बेन वर्ष 2015 में स्विट्ज़रलैंड से पैदल ही भारत की यात्रा पर निकले थे। धार्मिक परिवार से जुड़े बेन का कहना है कि जब वह घर से निकले थे तब उनकी उम्र 24 वर्ष थी। सनातन धर्म और हिंदू देवी देवताओं के प्रति गहरी आस्था रखने वाले बेन ने बताया कि उनके मन में था कि वह अयोध्या समेत भारत में स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर भगवान का दर्शन करेंगे। स्विट्जरलैंड से आस्ट्रिया होते हुए वह पाकिस्तान पहुंचे और फिर वाघा बॉर्डर से भारत में दाखिल हुए। उन्होंने भारत के विभिन्न शहरों में स्थित मंदिरों में दर्शन-पूजन किया है। अब तक वह जम्मू-कश्मीर, अमृतसर, चंडीगढ़ हिमाचल प्रदेश, हरियाणा व उत्तराखंड के हरिद्वार तक की यात्रा कर चुके हैं। बेन ने बताया कि जब उन्होंने सुना कि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है तो उन्होंने काफी कोशिश की कि वह भी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या पहुंच जाएं लेकिन वह समय से अपनी यात्रा पूरी नहीं कर पाए। मंगलवार को वह पैदल चलते हुए कटरा शिवदयालगंज पहुंचे। यहां वह एक होटल पर चाय पीने रुके तो आसपास के लोगों ने जिज्ञासा वश उन्हें घेर लिया। उन्होंने लोगों से कहा कि आप लोग सौभाग्यशाली हैं जो राम नगरी में जन्म लिया है। जय श्री राम, जय जय हनुमान कहते हुए बेन अयोध्या के लिए रवाना हो गए।

### भारत के लोग बहुत अच्छे, मोदी-योगी की तारीफ



अमृत विचार से बातचीत करते हुए स्विस नागरिक बेन ने कहा कि भारत के लोग बहुत अच्छे हैं। इंडिया में मुझे कोई दिक्कत नहीं हुई। प्रभु श्रीराम की कृपा से मुझे खाने-पीने और विश्राम में कोई दिक्कत नहीं हुई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दर्शन कर लिया तो मेरा जीवन सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा इंडिया के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जितनी सराहना की जाए कम है। श्रीराम का मंदिर बनाने में इनका अहम योगदान है। बेन उर्फ अहिंसक बुधवार को सरयू नदी में स्नान करके प्रभु श्रीराम और हनुमान जी समेत अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना करेंगे।

### भारत पहुंचकर अहिंसक रखा नाम, हिंदी भी सीखी

स्विस नागरिक बेन ने बताया कि उनके पिता सोमास स्विट्जरलैंड में फिजिक्स के टीचर हैं। मां सरस्वती गिरि योगा टीचर हैं। मां भारतीय मूल की हैं, इसलिए पूरा परिवार सनातन धर्म को मानता है। बड़े भाई जोनस भी योगाश्रम में रहते हैं। सभी लोग धार्मिक विचारधारा से जुड़े हुए हैं। भारत पहुंचने पर बेन ने अपना नाम बदल लिया है और नया नाम अहिंसक रख लिया है। इस नाम का अर्थ भी वह बताते हैं। वह कहते हैं कि सनातन धर्म अहिंसा का संदेश देता है इसलिए यह नाम उन्हे अच्छा लगा। बेन उर्फ अहिंसक हिंदी भी बोल लेते हैं।

## एक नजर

### माध्यमिक स्कूलों में 11,094 शिक्षकों की होगी भर्ती

अमृत विचार,लखनऊ : विधानसभा में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि माध्यमिक स्कूलों में खाली पड़े 11094 शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा 426 प्रधानाचार्य और 11 लाईब्रेरियन भी नियुक्त किए जाएंगे। जबकि 3132 अनुसेवक आउटसोर्सिंग से रखे जाएंगे। अपना दल (कमेरावादी) से विधायक पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक, लाइब्रेरियन, प्रधानाचार्य, अनुसेवक के रिक्त पदों की भर्ती होगी। इसमें प्रवक्ता पुरुष 2540 और महिला 1412, सहायक अध्यापक 4771 और सहायक अध्यापिका 2371 पद शामिल हैं। लाइब्रेरियन के 11 और प्रधानाचार्य के 426 पदों पर भर्ती की जाएगी। शिक्षकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सीधी भर्ती के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को भेजा गया है। राजकीय इण्टर कालेजों में लाइब्रेरियन पदों हेतु नई नियमावली प्रख्यापित किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उप्र शैक्षिक( सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा नियमावली-1992 समूह 'ख' के अन्तर्गत प्रधानाचार्य के रिक्त पदों का अधियाचन उप्र लोक सेवा आयोग, प्रयागराज को प्रेषित किया गया है।

# चुनाव से पहले 'उद्योग' प्रदेश की कठिन परीक्षा देगी योगी सरकार

## 7.5 लाख करोड़ के निवेश से 10,441 उद्योग क्रियान्वयन के लिए तैयार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कलियुग में राम राज्य का मनमोहक सपना दिखाता बजट भी आ गया। जनआकांक्षाओं पर आशंकाएं गिनाता विपक्ष का शोर भी शुरू हो गया है। मगर, योगी सरकार पहली परीक्षा लोकसभा चुनाव से पहले उद्योग प्रदेश के दावे की होने जा रही है। इसी फरवरी माह में भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतारने का लक्ष्य है, हालांकि 7.5 लाख करोड़ निवेश से 10 हजार 441 उद्योग क्रियान्वयन के लिए तैयार हैं। इस आयोजन में वही सख्शियत अमिट रंग भरने आ रहे, जिन्होंने कुछ दिन पहले ही अयोध्या में मेरे राम आ गए.. का बिगुल बजाया था।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आने की सहमति दे दी है। अब




ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम मोदी ने दी आने की सहमति

इसी माह के आखिरी पखवारे में कार्यक्रम को लेकर पीएमओ भेजी गई संभावित तिथियों में कोई एक अपनी सुविधानुसार मोदी तय करेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जिस अभिभाषण और योगी सरकार के बजट पर मंगलवार को विपक्ष के प्रहारों को सत्ता पक्ष निष्फल करने में जुटा है, उसकी पहली चुनौती चंद कदम ही दूर है। राज्यपाल के अभिभाषण में कहा गया था कि पिछले साल इसी महीने में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश-विदेश के निवेशकों द्वारा 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे लगभग एक करोड़ 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारकर रोजगार के व्यापक अवसर सृजित किए जाएंगे।

बजट में भी उद्योग प्रदेश बनाने के लिए सरकार ने खजाना खोलने का दावा किया है। एफडीआई के साथ ही फॉर्च्यून ग्लोबल 500 और फॉर्च्यून इण्डिया 500 कम्पनियों के निवेश को आकर्षित करने के लिए 250 करोड़, अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के लिए भी 400 करोड़, गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए 2057 करोड़ 76 लाख, स्टेट हाईवे के लिए 2881 करोड़, सड़कों के मेंटेनेंस के लिए 3000 करोड़, पुलों और आरओबी के लिए 3850 करोड़, अयोध्या एयरपोर्ट का विस्तार और जेवर एयरपोर्ट के लिए 1150 करोड़ की व्यवस्था करके आधारभूत ढांचा सजा रही है।

उप्र. औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के जरिए एक ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य उद्योग प्रदेश से ही पूरा होना है। पिछड़े इलाके पूर्वांचल, बुंदेलखंड, अवध आदि क्षेत्रों तक प्रगतिशील, नवीन और प्रतिस्पर्धी औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करके सरकार उन सवालों का जबाव भी दे रही है कि नोएडा और गाजियाबाद के बाद अन्य जिलों में अब बड़े-बड़े उद्योग लगेंगे। इसी कड़ी में डिफेंस कॉरीडोर के 6 नोड्स में से 3 नोड्स का आवंटन पूर्ण हो चुका है।

### 15 से 25 के बीच भूमि पूजन

यूपी में उद्योगों का भूमि पूजन समारोह की पहली संभावित तिथि 15 फरवरी है। हालांकि आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान को 25 फरवरी तक शादी के लिए बुकिंग से सरकार ने मना कर रखा है। इससे तय है कि मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से 15 से 25 के बीच कोई तिथि फाइनल हो सकती है। सरकार तीन दिवसीय समारोह के लिए करीब तीन हजार निवेशकों को भी आमंत्रित करने की तैयारी कर चुकी है। सरकार का लक्ष्य भूमि पूजन समारोह के जरिए 10 लाख करोड़ के निवेश को धरातल पर उतारना है।

### पहले इन्वेस्टर्स समिट के निवेश को धरातल पर उतारने में लगे कई वर्ष

राज्य सरकार ने 2018 में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट में 4.28 लाख करोड़ के 1045 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसे धरातल पर उतारने के लिए तीन ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी हुई। पहला ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 2018 में लगभग 61 हजार करोड़ के निवेश की 81 परियोजनाएं, 2019 में दूसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के जरिए 65 हजार करोड़ के निवेश की 250 से आधिक परियोजनाएं और 2022 में तीसरे ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह के माध्यम से 80 हजार करोड़ के निवेश की 1400 से अधिक परियोजनाएं धरातल पर उतरीं। अब 2023 की 40 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल तक पहुंचाने में सरकार कितना समय लेगी, भविष्य बताएगा।

# एनडीए में शामिल हो सकती है रालोद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ रिश्तों को प्रगाढ़ कर रहे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के राजनीतिक साथी रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी सपा से नाता तोड़ने की फिराक में हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव में भाजपा की हैट्रिक रोकने की तैयारी में जुटे इंडिया गठबंधन को इस बार उप्र. से बड़ा झटका लग सकता है। सूत्रों के अनुसार जयंत चौधरी एनडीए में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक भजपा की तरफ से रालोद को कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा से अपने उम्मीदवार देने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, सपा की मंशा मुजफ्फरनगर, कैराना, बिजनौर लोकसभा सीटों पर रालोद सिंबल पर अपने उम्मीदवार खड़े करने की थी। इसी के चलते दोनों दलों के बीच दूरियां बए.सकती हैं।

दरअसल, पूर्व में जयंत चौधरी और अखिलेश यादव की लखनऊ में हुई मुलाकात के बाद सात सीटों पर हुए समझौते की बात सामने आ चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा ने आरएलडी को जिन चार सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की है, उसमें कैराना, बागपत, मथुरा और अमरोहा शामिल है। वहीं सूत्रों के अनुसार, सपा ने कैराना, मुजफ्फरनगर और बिजनौर में प्रत्याशी अपना और निशान आरएलडी का रहने की शर्त रखी है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि सपा और आरएलडी के बीच गठबंधन टूटने की यह बड़ी वजह हो सकती है।

### अटकलें हैं, रालोद अपनी जगह अडिग: त्रिलोक त्यागी

रालोद के प्रधान महासचिव त्रिलोक त्यागी का कहना है कि जब भी चुनाव आता है इस तरह की अटकलें शुरू की जाती हैं और हर बार विरोधियों को मुंह की खानी पड़ती है। चार महीने पहले भी इस तरह के गठबंधन की चर्चा शुरू की गईं थी। इस तरह के दावों में कोई दम नहीं है। रालोद अपनी जगह अडिग है।

# बेसिक स्कूलों में 85,152 पद खाली, भर्ती का प्रस्ताव नहीं

## बेसिक शिक्षा मंत्री के जवाब से कई वर्षों से सुपरटेट का इंतजार कर रहे युवाओं को झटका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में खाली पदों की संख्या 85 हजार 152 है, लेकिन सरकार के पास अभी तक इन पदों पर भर्ती का कोई प्रस्ताव नहीं है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह के इस जवाब से टेट और सीटेट करके सुपरटेट की परीक्षा के जरिए शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को झटका लगा है। मंत्री ने यह भी तर्क रखा है कि परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों के जरिए 21 बच्चों पर एक अध्यापक का अनुपात भी दुरुस्त है।

विधानसभा में मंगलवार को प्रश्न प्रहर के दौरान सपा विधायक अनिल प्रधान और अभय सिंह के अगल-अलग सवालों के जबाव में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि उप्र बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में स्वीकृत पद 4,17,886 के सापेक्ष प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के 85,152 पद रिक्त हैं। परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में नामांकित छात्र संख्या 1,05,06,379 हैं, और कार्यरत अध्यापकों की संख्या 3,32,734 है। इस प्रकार छात्र-शिक्षक अनुपात 31:1 (31 छात्र पर एक शिक्षक) है। मंत्री ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्रों की संख्या 1,47,766 को सम्मिलित करते हुए छात्र-शिक्षक अनुपात 21:1 है, जो मानक के अनुसार पूर्ण है।

एक अन्य सवाल के जवाब में बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात पूरा है, अभी शिक्षक भर्ती का कोई प्रस्ताव या

**मंत्री ने कहा, परिषदीय स्कूलों में 1,47,766 शिक्षामित्रों से छात्र-शिक्षक अनुपात दुरुस्त**

प्रक्रिया विचाराधीन नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षामित्र और अनुदेशक दोनों पढ़ाई में सहयोग करते हैं। विभाग में अंशकालिक अनुदेशक, शिक्षा मित्र और सहायक अध्यापकों को मिलाकर वर्तमान में शिक्षकों की संख्या 6,28,915 है। अनुपात पूरा है, और पढ़ाई में कोई दिक्कत नहीं है। एक पूरक प्रश्न के जवाब में संदीप सिंह ने यह भी कहा कि उनकी सरकार में 2017 से लेकर अभी तक 1,26,371 नये शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। डॉ हृदय नारायण सिंह के 69 हजार शिक्षक भर्ती में कोर्ट के आदेश को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने आदेशानुसार कार्यवाही की बात कही।

### परिषदीय स्कूलों में सुरक्षाकर्मी रखने से इंकार

सपा विधायक त्रिभुवन दत्त के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में सुरक्षा कर्मी का पद सृजित नहीं है। परिषदीय विद्यालयों में बढ रही चोरी की घटनाओं के रोकथाम के लिए पुलिस विभाग से निगरानी कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

### हिंदी माध्यम से 12,279 स्कूल हुए अंग्रेजी

सपा विधायक पिंकी यादव के सवाल पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि विगत पांच वर्षों में बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन हिन्दीय माध्यमम के 12279 विद्यालयों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर संचालित किया जा रहा है। समस्ता 12279 विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने हेतु 6870 प्रधानाध्याकपक एवं 40271 सहायक अध्यासपक तैनात हैं।

**बेसिक शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा बीमा पर सरकार की नाः** सपा विधायक डॉ रागिनी और त्रिभुवन दत्त ने सवाल पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को चिकित्सीय इलाज हेतु कैशलेश हेल्थ इन्श्योरेन्स से आच्छादित करने हेतु कोई योजना है, तो सरकार ने नहीं में जवाब दिया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद एक निगमित निकाय है। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शैक्षिक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी का संवर्ग परिषदीय है और चिकित्सा अनुभाग-6 के आदेश संख्या-2257/5-6-11-1082/87, दिनांक 20 सितम्बर, 2011 के प्राविधानानुसार कैशलेश चिकित्सा की सुविधा केवल राज्य कर्मचारियों को अनुमन्य की गयी है।



मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित करते ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, साथ में अन्य सदस्य।

# विपक्ष जनता की भावनाओं का करे सम्मान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**राज्यपाल के अभिभाषण पर ऊर्जा मंत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया**

**अमृत विचार:** ऊर्जा व नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विपक्ष को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद ज्ञापित रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से लेकर अब तक में पूरा देश राममय हो गया है, लेकिन विपक्ष अभिभाषण के दौरान सदन में गो-बैक के नारे लगा रहे थे।

उन्होंने कहा कि जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। राज्यपाल ने अभिभाषण के दौरान कहा कि अयोध्याधाम अपने त्रेतायुगीन वैभव के साथ नगरीय विकास और सम्पन्नता का एक मॉडल बनकर उभरा है। राज्यपाल का अभिभाषण विपक्ष को रास नहीं आया। कुछ लोगों को राम के नाम और राम मंदिर से ही आपत्ति है, उन्हें बता दें कि राम से राम का नाम और उनके धाम को अलग नहीं किया जा सकता, फिर भी कुछ लोग अयोध्या जाने से डर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान राम में जिन्हें श्रद्धा नहीं थी, वे मथुरा में जाकर ही कुछ कर देते। हम लोगों ने आस्था में विश्वास किया, देश की आर्थिक प्रगति में विश्वास करते हैं, पुरातन संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं को अपनाते हुए, इसका संवर्धन करते हुए देश का विकास कर रहे हैं।

# एक जाति, एक परिवार की है समाजवादी पार्टी

**उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विधानसभा में सपा पर किया सीधा हमला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान मंगलवार को नौकरियों में आरक्षण को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लोकसभा में महिला आरक्षण बिल की प्रतियां फाड़ने और प्रोन्नति में आरक्षण का विरोधी करार देते हुए समाजवादी पार्टी पर तीखा प्रहार किया। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा एक जाति, एक परिवार की पार्टी है। सपा ने पूर्व में जो पाप किए, उसे ये अब धो रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने सपा पर केवल अखबार में छपने के लिए मुद्दे उठाने का आरोप लगाते हुए इसे 'छपासू रोग' की संज्ञा दी। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर विरोध प्रकट किया।

इससे पहले सपा के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने भी उप मुख्यमंत्री के कथनों को जैसे ही लफ्फाजी बताया, सत्तापक्ष के सदस्य विरोध में उठ खड़े हुए और वर्मा से यह बयान वापस लेने का दबाव बनाने लगे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी हस्तक्षेप करते हुए ऐसी टिप्पणी न करने का सुझाव दिया। लालजी वर्मा ने ही कार्य स्थगन प्रस्ताव के तहत पीजीआई, लोहिया समेत चिकित्सीय संस्थानों में नियुक्तियों में आरक्षण पर खड़े किए थे।

इस बीच वित्तमंत्री सुरेश खन्ना उठ खड़े हुए और विपक्ष पर लगभग भड़कते हुए बोले, लफ्फाजी आप लोग कर रहे हैं। प्रोन्नति में आरक्षण किसने खत्म किया? आप लोग विषय से हटकर बात कर रहे हैं। बाद में सपा के सदस्यों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर सांकेतिक विरोध प्रकट किया और कुछ ही पल में वापस आ गए।

इससे पूर्व ब्रजेश पाठक ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा था कि, मैं जब सांसद था तो लोकसभा महिला आरक्षण बिल की प्रति सपा ने मेरे सामने ही फाड़ी थी, मैं गवाही दे सकता हूं। पाठक के मुताबिक, एक जाति और एक परिवार की पार्टी सपा आरक्षण विरोधी है जिसे मात्र अखबारों में छपने का शौक है। उप मुख्यमंत्री ने बाद में विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर सपा सदस्य के सवाल का स्पष्ट जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने कमेटी गठित की है और आरक्षण नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराया जाएगा, इसमें संदेह नहीं।



विधानसभा की कार्यवाही के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य सदस्य।

### जिसे मंदिर देखना हो चले, आगे मस्जिद के लिए भी चलेंगे

अमृत विचार,लखनऊ : विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन में स्पष्ट किया कि, राम मंदिर की ही तरह विधायकों के साथ भविष्य में मस्जिद (प्रस्तावित) देखने चलने पर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। साथ ही उन्होंने साफ किया कि मैंने कहा है कि, रामलला दर्शन को अयोध्या जो जाना चाहें जाएं। दरअसल, विधानसभा में आरक्षण पर सत्तापक्ष और विपक्ष की तीखी नोकझोक के बाद सपा सदस्य इकबाल महमूद ने पीठ से रामलला की तर्ज पर विधायकों को वह स्थान भी दिखाने की गुजारिश की जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद बनना प्रस्तावित है। सपा सदस्य ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि अगर सभी विधायकों को आप साथ अयोध्या ले जाकर दर्शन कराना चाहते हैं तो वहीं कुछ दूरी पर वह स्थान भी जहां राम मंदिर की ही तरह सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मस्जिद निर्माण के लिए स्थान सुरक्षित किया गया है। सपा सदस्य ने अपनी इस अपील के पीछे सामाजिक सद्भावना, एकता का हवाला दिया। इस पर महाना ने कहा कि आगे जब मस्जिद कमेटी कहेगी तो हम वहां भी चलेंगे।

### विधायकों को लेकर अयोध्या जाने वाली बस में विधानसभा अध्यक्ष भी रहेंगे मौजूद

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सरकार ने विधानसभा के सभी सदस्यों को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या आमंत्रित किया है। इसके लिए 11 फरवरी का दिन तय हुआ है। विधानभवन से अयोध्या तक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान सदस्यों को इसकी जानकारी दी। विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से सभी दलों के सदस्यों को 11 फरवरी, रविवार के दिन अयोध्या धाम चलने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में दलीय नेताओं ने अयोध्या ले चलने का अनुरोध किया था। सपा के वरिष्ठ सदस्य शिवपाल यादव ने भी कहा था कि अध्यक्ष जी ले जाएंगे तो हम लोग चलेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को बताया कि, 11 फरवरी को सभी सदस्य प्रात : आठ बजे यहां विधानभवन परिसर में आ जाएंगे और हम सभी लोग एक साथ चलेंगे। अपनी-अपनी पत्नियों को भी साथ ले जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बसों की व्यवस्था है, मैं भी साथ रहूंगा।

### निर्धारित हुआ पूरा कार्यक्रम

विधायकगण अयोध्या धाम में साढ़े 11 बजे पहुंचकर पहले हनुमानगढ़ी का दर्शन करेंगे। उसके बाद साढ़े 12 से दो बजे तक राम लला के दर्शन करेंगे। दो बजे से तीन बजे तक दोपहर भोजन की व्यवस्था वहीं की गई है और फिर वहां से सवा तीन बजे बस से ही सभी सदस्य लखनऊ वापस आएंगे। महाना के मुताबिक, जो भी सदस्य दर्शन करना चाहते हैं वे निर्धारित तारीख को समय पर विधानभवन में आ जाएं।

# विपक्ष ने गिनायीं सरकार की कमियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**अमृत विचार:** राज्य विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर तीखी प्रतिक्रिया प्रकट की। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने अभिभाषण की प्रशंसा की तो विपक्षी सदस्यों ने खामियां गिनाते हुए संशोधन का प्रस्ताव रखा। इस दौरान कई सपा सदस्य अभिभाषण में राम मंदिर का जिक्र करने को लेकर प्रतिक्रिया देने में असमंजस में दिखे। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण की सराहना तो की, लेकिन भाजपा सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कटघरे में भी खड़ा करने का प्रयास किया।

सपा सदस्य कमलाकांत राजभर ने कहा कि अभिभाषण में उप्र. की सही तस्वीर नहीं नजर आ रही। लगातार अपराध बढ़ रहा है। बेटियों पर अत्याचार की घटनाओं में इजाफा हुआ है। उन्होंने राजभर समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग भी की।

### राम के समर्थन में हाथ उठाया थाः स्वामी ओमवेश

समाजवादी पार्टी के विधायक स्वामी ओमवेश ने कहा कि वह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के भक्त हैं, वह कभी राम का विरोध नहीं कर सकते हैं। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से राम मंदिर के बधाई प्रस्ताव के विरोध में शामिल विधायकों में से उनका नाम हटाने का आग्रह किया। दरअसल, कि विधानसभा में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए पीएम मोदी के नाम बधाई प्रस्ताव पर हुई वोटिंग में स्वामी ओमवेश सहित सपा के 14 विधायकों ने प्रस्ताव के विरोध में हाथ खड़ा किया था। मंगलवार को खबरें प्रकाशित होने के बाद सपा विधायकों को क्षेत्र में नाराजगी का भय सताने लगा। स्वामी ओमवेश ने सदन में कहा वह प्रतिदिन हवन के बाद जयश्रीराम का नारा भी लगाते हैं। मैंने, बधाई प्रस्ताव के विरोध में नहीं बल्कि समर्थन में हाथ खड़ा किया था।

भाजपा सदस्य रामफेरन पांडेय ने सदन में कहा कि सपा सरकार में रामभक्तों पर गोलियां चलवाई गयी थीं। इन कर्मों का फल अब इनको मिल रहा है। इनको राम मंदिर रास नहीं आ रहा। इनका पीडीए छलावा है। सपा सदस्य शाहिद मंजूर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा अयोध्या मामले का निराकरण करने की उनको खुशी है। हालांकि इसे वोटों में तब्दील करने का काम भाजपा कर रही है।

बदलापुर से भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि विपक्ष के 14 सदस्यों ने राम मंदिर का विरोध कर इतिहास के काले पन्नों पर अपना नाम दर्ज करा लिया है। विरोध करने वालों का अपने ही घर में घुसना, खाना-पीना बंद हो जाएगा। भाजपा सदस्य मुकेश चौधरी ने कहा कि हम हर काम में पहले राम का नाम लेते हैं।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने मेरे क्षेत्र में 10 वर्ष से बंद चल रही तीन चीनी मिलों को शुरू कराया, जिससे किसान खुशहाल हो रहा है। विपक्ष से बोले कि आपने माफिया को संरक्षण दिया, सरकार ने उन्हें मिट्टी में मिला दिया। इसके अलावा महेश त्रिवेदी, डॉ. राकेश कुमार वर्मा, स्वामी ओमवेश, श्रीराम चौहान समेत तमाम सदस्यों ने अभिभाषण पर अपने विचार रखे।

# खेलों में पदक विजेता अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की होगी सीधी भर्ती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**विभिन्न विभागों के अन्तर्गत चिन्हित किए गए हैं 24 पद**

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने प्रदेश के पदक विजेता अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की सीधी भर्ती को लेकर सरकार ने कुल नौ विभागों में 24 पदों की व्यवस्था की है। सरकार की ओर से इसकी पूरी जानकारी मंगलवार को विधानसभा में दी गई।

सपा विधायक ई. सचिन यादव ने कुशल खिलाड़ियों की नियुक्ति को लेकर सरकार से योजना जाननी चाही तो, सरकार की ओर कहा गया कि इसके लिए खेल विभाग ने उप्र अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली- 2022 के अन्तरर्गत अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति प्रदान किये जाने हेतु विभिन्न विभागों के अन्तर्गत 24 पद चिन्हित किये हैं। बताया गया कि ग्राम विकास विभाग से खंड विकास अधिकारी के चार पद, बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के एक पद, माध्यमिक शिक्षा विभाग में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक के दो पद, गृह विभाग में उपाधीक्षक के सात पद, पंचायती राज विभाग में जिला पंचायतीराज अधिकारी के दो पद, युवा कल्याण विभाग में जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी के दो पद, परिवहन विभाग में यात्रीकर/मालकर अधिकारी के दो पद, वन विभाग में क्षेत्रीय वन अधिकारी के दो पद और राजस्व विभाग में नायब तहसीलदार के दो पद शामिल हैं।

# सदन में केतकी सिंह के खिलाफ सपा का विरोध

**अमृत विचार,लखनऊः** राज्य विधानसभा में बजट सत्र के दौरान मंगलवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर भाजपा विधायक केतकी सिंह ने विवादित टिप्पणी कर दी। इससे क्षुब्ध होकर सपा विधायकों ने केतकी सिंह के खिलाफ सदन में ही विरोध जताना शुरू कर दिया।

हंगामा करते हुए सपा विधायक वेल में आ गए और केतकी सिंह के बयान को सभा की कार्यवाही से निकालने की मांग की। उन्होंने केतकी सिंह से भी माफी मांगने के लिए कहा। बाद में विस अध्यक्ष सतीश महाना के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। उन्होंने केतकी सिंह के बयान को कार्यवाही से हटाने का आश्वासन दिया।

# कमेटी की रिपोर्ट के बाद तय होगा शिक्षामित्रों का मानदेय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाने पर शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया है, उसकी रिपोर्ट के बाद ही मानदेय में बढोत्तरी तय होगी।

सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने सवाल किया था कि क्या बढ़ती मंहगाई के मद्देनजर प्राथमिक स्कूलों में तैनात शिक्षा मित्रों का मानदेय 40 हजार रुपये प्रतिमाह करने का सरकार विचार करेगी, जवाब में मंत्री ने कहा कि विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या- 32599/2015 उ0प्र0 राज्य व अन्य बनाम आनन्द कुमार यादव में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 25-07-2017 के अनुपालन में शासनादेश संख्याः 1928/79-5-2017-282/98 दिनांक 20 सितम्बर, 2017 द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 3500 प्रतिमाह से बढ़ाकर 10000 प्रतिमाह भुगतान किया जा

**शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की कर रहे मांग, नहीं हो पाया निर्णय**

### संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारी नहीं होंगे स्थायी

सपा के डॉ. संग्राम यादव, डॉ. हृदय नारायण सिंह पटेल और अनिल कुमार ने संविदा कर्मियों को विनियमित किये जाने के संबंध सवाल उठाया। मुख्यमंत्री की ओर से लिखित जवाब में कहा गया है कि आउटसोर्सिंग के रूप में कार्यरत कार्मिकों को स्था यी करने की कोई नीति नहीं है। सर्विस प्रोवाइडर के माध्यतम से लिए जाने वाले कर्मी राज्य सरकार द्वारा नियुक्तो कर्मी नही हैं।

रहा है। बताया कि शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर दिया गया है। कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार सरकार निर्णय लेगी।

गौरतलब है कि प्रदेश के शिक्षामित्र लंबे समय से मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे हैं पर अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया गया है।

# विधान परिषद में भी गूंजा शिक्षामित्रों का मुद्दा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधान परिषद में मंगलवार को शिक्षा मित्रों के उचित मानदेय न दिये जाने का मुद्दा गूंजा। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया।कार्यस्थगन प्रस्ताव के तहत सपा के लाल बिहारी यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ मान सिंह यादव, अशुतोष सिन्हा, मुकुल यादव, मोहम्मद जासमीर अंसारी व शाहनवाज खान ने शिक्षा मित्रों को उचित मानदेय दिये जाने की मांग उठाई।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सभापति कुँवर मानवेंद्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही, बसपा के भीमराव आंबेडकर ने प्रदेश में वर्ष 2018 की 68,500 शिक्षक भर्ती में ओबीसी आरक्षण का लाभ दिलाए जाने की मांग उठाई। सरकार ने सदन को तथ्यों की जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्दलीय सदस्य राजबहादुर सिंह चंदेल व डॉ आकाश अग्रवाल ने प्रदेश सरकार के अधिकारियों की ओर से जनप्रतिनिधियों के प्रति प्रोटोकाल का पालन न करने, उनके भ्रष्टाचार में लिप्त होने व मानव संपदा पोर्टल पर संपत्ति का विवरण प्रस्तुत न करने का मुद्दा उठाया। गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देश दिया।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### 29 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अलग-अलग थानों की पुलिस टीम ने मंगलवार को तीन आरोपियों को 29 लीटर शराब के साथ दबोचा। सुबेहा पुलिस ने नगर पंचायत के जवाहर नगर वार्ड निवासी बाबू गौतम को 10 लीटर शराब के साथ पकड़ा। कोठी पुलिस ने रैसंडा निवासी रामकुमार को 10 लीटर शराब के साथ दबोचा। कुर्सी पुलिस ने नौ लीटर शराब के साथ बेहडपुरवा निवासी राजन को गिरफ्तार किया।

### पुलिस ने 41 आरोपियों को किया पाबंद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान चलाकर मंगलवार को 14 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा । वहीं विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 41 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### संरक्षण गृह भेजा गया बाल अपचारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मारपीट व धमकी के मामले में फरार चल रहे बाल अपचारी को जैदपुर पुलिस की टीम ने मंगलवार को दबोचा। उस संरक्षण गृह अयोध्या भेजा गया है।

# अब चार की जगह 11 एकड़ में बनाया जाएगा महादेवा कॉरिडोर

## भूमि संबंधी अभिलेखों का खाका तैयार, अधिकांश लोगों ने दाखिल किये सहमति पत्र

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार:** महादेवा कॉरिडोर अब 11 एकड़ में बनेगा। पहले इसके लिए सिर्फ चार एकड़ जमीन ही मिल सकी थी। आसपास के भवन मालिकों और भू-स्वामियों से जिला प्रशासन ने इसके लिए सहमति पत्र ले लिया है। अब दायरा बढ़कर 11 एकड़ से अधिक हो रहा है। इसका पूरा खाका तैयार कर लिया गया है।

कैबिनेट की मंजूरी मिली तो कॉरिडोर का निर्माण कार्य की शुरुआत फरवरी के अंतिम अथवा मार्च के प्रथम सप्ताह में प्रारंभ हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान जब राहत सामग्री के वितरण के लिए यहां रामनगर आए थे तो उन्होंने महादेवा में जाकर जलाभिषेक भी किया था।




महादेवा मंदिर का मुख्य द्वार तथा स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार

### शासन से मिल चुकी है कॉरिडोर के निर्माण की स्वीकृति

महादेवा कॉरिडोर के निर्माण की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। सिर्फ कैबिनेट की मोहर लगना बाकी है। इसके बाद बजट आवंटित हो जाएगा। फिलहाल बजट की कोई समस्या नहीं है। प्रयास किया जा रहा है कि जल्द ही इसका शिलान्यास कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया जाए।

**-सत्येंद्र कुमार,** जिलाधिकारी

जलाभिषेक के बाद उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर महादेवा कॉरिडोर के निर्माण की इच्छा जताई थी।

प्रशासन को इस संदर्भ में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के लिए कहा था। अब इसका पूरा खाका तैयार हो चुका है। कॉरिडोर का मॉडल भी बनवाया जा चुका है। 4 एकड़ भूमि पहले ही पर्यटन विभाग को दी जा चुकी है। शेष जमीन अधिग्रहण के बाद पर्यटन विभाग को सौंपी जाएगी। लोधेश्वर महादेव मंदिर से जुड़े अधिकांश लोग कॉरिडोर निर्माण के लिए सहमति दे चुके हैं। निर्माण की अनुमानित लागत 43 करोड रुपए आंकी गई है। यह रकम अब बढ़ भी सकती है।

### मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी

मुख्य मार्ग से महादेव को जोड़ने वाला मार्ग 10 मीटर चौड़ा करने के लिए प्रभारी मंत्री ने आदेश जारी कर दिए थे। यह कार्य लोक निर्माण विभाग के खंड-3 को सौंपा गया है। इसके लिए टेंडर प्रकाशित किये जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के पूर्व ही इस कार्य को पूरा कर लिए जाने की योजना है। इससे महादेवा के भव्यता में चार चांद लगा सकेंगे।

# धर्मांतरण कराने के आरोप में 15 पर केस 10 आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ की सीमा पर सोमवार को रेंदुआ पल्हरी स्थित एक चर्च में महिलाओं व बच्चों के धर्म परिवर्तन कराने का भंडाफोड़ हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों पर केस दर्ज कर 10 आरोपियों को जेल भेज दिया। वहीं पुलिस की जांच में इसमें शामिल और लोगों के नाम सामने आ रहे हैं।

काफी समय से चल रहे इस खेल की भनक खुफिया तंत्र को नहीं लग सकी जबकि देवा अतिसंवेदनशील है तो अभी श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और ज्ञानवापी को लेकर हाई अलर्ट भी था। मगर, देवा कोतवाली क्षेत्र में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराने के बारे में खुफिया तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगी। देवा कोतवाली के रेंदुआ पल्हरी मजरे चकहार में सेंट मैथ्यू कॉलेज स्थित है। इसी के पास नवीनता प्रेयर सेंटर व चर्च में एक पखवारे से बाहरी लोगों का आना-जाना लगा था। स्थानीय लोगों को लगा कि कुछ तो गडबड़ है। इसकी बारीकी से जानकारी की तो पता चला कि प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को हुई तो प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। आनन-फानन में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कॉलेज के फादर डोमिनिक पिंटू यह देखकर परेशान ही नहीं हुए अधिकारियों के सवालों के जवाब तक नहीं दे सके। अधिकारियों ने जांच शुरू की तो अयोध्या के महिलाओ और बच्चों समेत सवा दो सौ लोगो को उनके कब्जे से मुक्त कराया। मौके से 30 धार्मिक ग्रन्थ व अन्य संबंधित वस्तुएं बरामद हुईं। मौके से नौ बैग भी मिले। इस मामले में पहले तो सात नाम सामने आए। मगर, देर रात पुलिस ने 15 लोगों पर धर्मांतरण के तहत केस दर्ज किया। इस मामले में गिरफ्तार फादर डोमिनिक पिन्टू, अयोध्या के खंडासा थाना क्षेत्र के गडौली निवासी सरजू प्रसाद गौतम, अमानीगंज निवरसी पवन कुमार, रौनाही थाना क्षेत्र के सूरज गौतम, बाबा बाजार के घनश्याम गौतम, रूदौली के सुरेन्द्र पासवान, राहुल राजपूत, राम जनम रावत, धर्मेन्द्र कोरी और सुनील पासी को जेल भेजा गया है। आरोपियों से पूछताछ में कई और नाम सामने आए है। इसकी जांच कर पुलिस दर्ज मुकदमें में उनके नाम भी शामिल करेगी। वहीं प्रशासन नवीनता प्रेयर सेंटर की भी जांच करा रहा है। इतना आलीशॉन भवन किसने बनवाया और किसने फंडिंग की, इसकी भी जांच की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया कि धर्मांतरण मामले में 15 लोगों पर दर्ज मुकदमें में से 10 को जेल भेज दिया गया है। शेष की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।



इसी चर्च में कराया जा रहा था धर्मांतरण।

# 209 युवक व युवतियों को मिला रोजगार

रोजगार मेला

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

**अमृत विचार :** कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ब्लाक परिसर सिरौलीगौसपुर में रोजगार मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में 13 कम्पनियों ने भाग लिया । जिसमे 520 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया । 209 युवक व युवतियों का नौकरी के लिए चयन किया गया है।

मंगलवार को ब्लाक परिसर सिरौलीगौसपुर में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन सेवायोजन तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रोजगार मेले मे मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व महामंत्री एवं सदस्य जिला पंचायत रामसिंह भुल्लन वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मेला में आए युवक-युवतियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बच्चों को नौकरी मुहैय्या करवा रही है। समय का सदुपयोग करें। नौकरी के साथ साथ आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए उच्च पदों तक पंहुचकर घर परिवार माता पिता की सेवा करें और उनका नाम रोशन करे। रोजगार मेले में एलजी इलेक्ट्रॉनिक, इन्टस बायोटेक हेल्थ केयर, टोरेन्स हर्बल लाइफ केयर, एसएस ग्रुप आफ मैनेजमेंट सहित 13 कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मेले में 520 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 209 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इस मौके पर लवलेश पंडित, बेनी प्रसाद वर्मा प्रधान, ललित शुक्ला सहित जिला सेवायोजन अधिकारी एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



सिरौलीगौसपुर ब्लाक परिसर में आयोजित रोजगार मेले में मौजूद अभ्यर्थी।

# दबंगों ने रास्ते में रोककर युवक पर किया हमला

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

दबंगई

- तीन व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा
- बदोसराय क्षेत्र के हजरतपुर गांव के पास हुई घटना

**अमृत विचार :** अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर जा रहे युवक को रास्ते मे रोक कर जमकर मारा-पीटा गया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर बदोसराय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना बदोसराय के ग्राम हजरतपुर निवासी बृजेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया है कि वह अपने घर हजरतपुर जा रहा था कि उसके गांव से पहले पुलिया के पास तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उन लोगों ने उसकी बाइक तोड़ डाली। मारपीट के दौरान उसका सोने का ओम तथा 480 रुपये भी गिर गये हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रफुल्ल कुमार यादव ने बताया कि मारपीट में घायल बृजेश कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### खंड विकास अधिकारी से मिला प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल



खंड विकास अधिकारी से मिलता हुआ प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल।

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड हरख के प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को बीडीओ मोनिका पाठक से मिला। उन्हें गांवों में कराए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। हरख प्रधान व संघ की अध्यक्ष सीमा वर्मा, अब्दुल्लापुर प्रधान राजेंद्र प्रसाद, सहेलिया प्रधान शिवराम सिंह,गालामऊ प्रधान प्रतिनिधि शानू सिंह, बरेहटा कुलदीप शर्मा, धौरहरा विजय यादव सहित अन्य प्रधान बीडीओ से मिले। संघ की अध्यक्ष सीमा वर्मा ने बीडीओ को गांव में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। तथा प्रधानों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं उनका समय से भुगतान होता रहे तो गांवो में विकास कार्य और तेजी से बढ़ेंगे।

### इफ्को ने किया नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन



केवीके हैदरगढ़ क्षेत्र में नैनो यूरिया का छिड़काव करता इफ्को का कर्मचारी।

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** नैनो यूरिया के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को इफ्को द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के प्रदर्शन प्रक्षेत्र में नैनो यूरिया का छिड़काव किया गया। इस अवसर पर फसल उत्पादन से जुड़े वैज्ञानिक डॉ. समीर पांडे ने बताया कि केवीके हैदरगढ़ के प्रदर्शन प्रक्षेत्र पर इफ्को द्वारा गेहूं फसल का प्रदर्शन कराया गया। इस प्रदर्शन के दौरान 6 ट्रीटमेंट रखे गए थे। डॉ. पांडे ने बताया कि गेहूं की प्रजाति डी बी डब्ल्यू-222 जिसमें टी1 कंट्रोल प्लांट है। गत 2 दिसंबर को गेहूं की बुवाई की गई थी इसके बाद इफ्को द्वारा फसल में नैनो यूरिया का छिड़काव कराया गया। इस अवसर पर डॉ. समीर, वैज्ञानिक डॉ. अश्वनी सिंह, डॉ. रूपम रघुवंशी, इफ्को के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार सिंह, आलोक कुमार मिश्रा व फील्ड सुपरवाइजर कन्हैया मौर्य आदि मौजूद रहे।

### बंजर जमीन से हटाया जाएगा अवैध कब्जा

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड हरख की ग्राम पंचायत बलछत में ग्राम समाज और बंजर की जमीनों से अवैध कब्जा हटेगा। तहसील नवाबगंज प्रशासन ने कब्जा करने वालों को नोटिस जारी किया है। विकास खंड हरख के बलछत गांव निवासी संतोष कुमार,कृष्णावती,रामसजीवन,साधु शरन जय कुमार, योगेंद्र कुमार, दिनेश चंद्र, शिवकुमार, विपिन वर्मा सहित कई अन्य लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया था कि बंजर और ग्राम समाज की जमीन पर एक परिवार के कई लोगों ने कब्जा करके पक्का निर्माण करा लिया है। शिकायत के बाद लेखपाल जांच करने मौके पर पहुंचे। शिकायत सही मिली। लेखपाल आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि एक परिवार ने बंजर और ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर लिया है। नोटिस जारी की गई है। हर हाल में सरकारी जमीन को मुक्त कराया जाएगा।

### खेत से मिट्टी खोदने से रोकने पर महिला को पीटा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत एक गांव में जमीन से मिट्टी खोदने को मना करने पर दो महिलाओं सहित दो व्यक्तियों ने एक महिला को लाठी डंडे से पीटा ।कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। रामसनेहीघाट कोतवाली अंतर्गत मालिनपुर गांव निवासी राजकुमारी सैनी पत्नी राजूसैनी के पुत्र ने लिखित शिकायत पुलिस को देते हुए बताया कि पड़ोस के रहने वाले कमलेश की पत्नी और इनकी मां ओर महेश ये चारों मेरे खेत से मिट्टी खोद रहे थे। जब उसकी मां राज कुमारी ने विरोध किया तो इन चारों ने लाठी डंडे ओर ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। गंभीर हालत में मां को सीएचसी बनीकोडर में भर्ती कराया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी।

# माइनर कटने से फसल जलमग्न

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शारदा सहायक खंड-28 के तहत आने वाली लाही रजबहा की आधी-अधूरी सफाई होने से बीती रात देवइचा गांव के पास माइनर कट गई। इसके चलते देवइचा गांव के लगभग एक दर्जन किसानों की 40 बीघा फसल जलमग्न हो गई।

हैदरगढ़ ब्रांच नहर से निकली रजबहा की सफाई ठीक ढंग से न कराए जाने की वजह से सोमवार की रात पानी के ओवरफ्लो हो जाने से पटरियां कट गईं। इसके चलते मंगलवार की सुबह तक फसलें जलमग्न हो गयीं। देवैचा गांव के किसानों राम हरक, कल्लू, हरिवंश, छोटई, राजकरण, रघुवंश, दिनेश, शिव बहादुर, खुशीराम, मान बहादुर मोहित सिंह ने पाया कि उनकी 40 बीघा भूमि मे लगी फसल पानी से लबालब हो गई है। किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले 4 सालों से रजबहा की सफाई नहीं की गई। अवर अभियंता सुभाष चंद्र ने बताया कि बजट के अभाव में चार किमी तक रजबहा की सफाई कराई गई है। विगत वर्षों में पूरी सफाई कराई जा चुकी है प्रधान से जानकारी मिलने पर पानी डाउन करवा कर मजदूरों को लगाकर मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।



देवइचा गांव के पास कटी माइनर से खेत में भरा पानी। अमृत विचार

# जलभराव से परेशान लोगों ने दिया धरना

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खण्ड बनीकोडर के ऊंचे का पुरवा मजरे टांडा गांव में आने-जाने के रास्ते में जलभराव से परेशान ग्रामीण गांव में ही धरने पर बैठ गए । धरने पर बैठे ग्रामीणों का आरोप है कि गांव विकास से अछूता है। हल्की सी बारिश होने पर ही गांव में आने-जाने का रास्ता बंद हो जाता है। पूरे खड़ंजे पर पानी भर जाने की वजह से लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा है।

ग्रामीणों के धरने पर बैठने की सूचना पर राजस्व निरीक्षक, पंचायत सचिव मौके पर पहुंचे लेकिन धरने पर बैठे लोगों को संतुष्ट नहीं कर पाए। धरना प्रदर्शन कर रहे लोगो की मांग है जिस रास्ते पर पानी भर जाता है उसे ऊंचा करवाया जाए जिससे बरसात में आवागमन बाधित न हो। ग्रामीणों ने सड़क किनारे लगे घूर और कचरे के ढेरों को भी हटवाने की मांग की है। इस दौरान श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष डीएनएस त्यागी, भाकियू धर्मेंद्र गुट के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव, जितेंद्र शुक्ल और देवनाथ समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने उक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर आगामी 8 फरवरी से भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है।



बनीकोडर के ऊंचे का पुरवा मजरे टांडा गांव में धरना देते ग्रामीण। अमृत विचार

कार्यशाला

भाजपा का नारी शक्ति वंदन अभियान 10 फरवरी से, स्वयं सहायता समूह व एनजीओ से जुड़ी महिलाओं से संपर्क साधने की कवायद

# महिलाओं को दें सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी : कमलेश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महिलाओं में पैठ बढ़ाने की कवायद में जुट गई है। इसके लिए नारी शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत 10 फरवरी को होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को यहां नारी शक्ति वंदन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए स्वयं सहायता समूह, एनजीओ आदि से जुड़ी महिलाओं से संपर्क साधने पर चर्चा की गई।

बतौर मुख्य अतिथि कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए देश की विधानसभाओं एवं संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति के प्रति अपनी प्राथमिकता जता दी है। मोदी देश की नारी शक्ति के आत्मसम्मान के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ाने में जुटे हैं। मोदी सरकार की शौचालय निर्माण, उज्ज्वला, पीएम आवास, निःशुल्क बिजली कनेक्शन जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं देश की नारी शक्ति की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की कार्यकर्ता मातृ शक्ति के बीच जाकर उनसे संवाद स्थापित करके मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को बताएं। उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की इस अभियान में भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह सहित अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रही महिलाओं की टोली के साथ चाय पर चर्चा जैसे कार्यक्रम आयोजित करने हैं, जिससे मातृ शक्ति के मध्य पार्टी की पैठ तो बढ़ेगी ही,साथ ही विपक्ष उन्हे बरगला भी नहीं पाएगा। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने बताया कि जिला स्तर पर शक्ति संवाद कार्यक्रम 10 फरवरी, शक्ति सम्मान कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर 11 से 14 फरवरी के मध्य आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 12 से 21 फरवरी के मध्य स्वयं सहायता समूहों से संपर्क अभियान तथा 25 -26 फरवरी को जिला स्तर पर एनजीओ सम्मेलन आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 22 फरवरी को लाइव कार्यक्रम के जरिए मातृ शक्ति से जुड़ेंगे। कार्यशाला का संचालन महामंत्री संदीप गुप्ता ने किया।




भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा तथा उपस्थित पदाधिकारी और सदस्य।

### क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

कार्यशाला के बाद पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने भाजपा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### कुश्ती का चयन ट्रायल आज और कल

बाराबंकी, अमृत विचार : बालिकाओं की कुश्ती प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 7 फरवरी को स्थानीय केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होगा। इसी स्टेडियम में 8 फरवरी को मंडल स्तरीय चयन ट्रायल होगा। इसमें चयनित बालिकाओं को 14 से 16 फरवरी तक देवरिया में होने वाली राज्य स्तरीय बालिकाओं की कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी नरेश चंद्र यादव ने दी।

### जुआ खेल रहे दो आरोपी दबोचे गए

बाराबंकी, अमृत विचार : सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे दो आरोपियों को जैदपुर पुलिस ने मंगलवार को दबोचा। पुलिस ने कस्बे के मुक्खिन मोहल्ला निवासी रसूल और अबु सुफियान के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की। इनके पास से पुलिस टीम ने 1050 रुपये बरामद किये।

### धनुष यज्ञ का आयोजन

बनीकोडर बाराबंकी, अमृत विचार :क्षेत्र के जरौली गांव स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर प्रांगण में धनुष यज्ञ मेला का आयोजन किया गया। दिन में कलाकारों ने धनुष भंग लीला का मंचन किया और रात्रि में नौटंकी हुई।

### ट्यूबवेल से 25 हजार का सामान उठा ले गए चोर

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार: स्थानीय कोतवाली अंतर्गत धुनोली निवासी अवध राज सिंह के खेत में लगे ट्यूबवेल से चोर करीब 25 हजार का सामान उठा ले गए। ट्यूबवेल से चोर बैट्रा, झटका मशीन, सोलर पैनल, इनवर्टर आदि ले गए। इसकी कीमत लगभग 25 हजार रुपये है। पीड़ित की ओर से तहरीर मिलने पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# परियोजनाएं समय से पूरी नहीं हुईं तो होगी कार्रवाई: डीएम

## जल जीवन मिशन की पेयजल योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**दिये निर्देश**

- पूर्ण पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति बनी रहे
- नियमानुसार प्राप्त करें वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


कलेक्ट्रेट सभागार में पेयजल योजनाओं की समीक्षा करते जिला अधिकारी सत्येंद्र कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जल निगम के अधिकारियों को आगाह किया है कि यदि पेयजल परियोजनाओं को समय से पूर्ण नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गई हैं वहां जलापूर्ति नियमित रूप से जारी रहनी चाहिए।

जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में भारत सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' की पेयजल योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा कर रहे थे।

जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यदायी संस्था को विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए बेहतर ढंग से कार्य करने, किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने तथा गाइडलाइन के अनुसार निर्धारित समयावधि में लक्ष्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण करने तथा पाइप लाइन बिछाने हेतु सड़कों की की खोदाई के पश्चात् उन्हें सही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि निर्धारित अवधि में कार्यों को पूर्ण नहीं किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां पर भी वन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया लंबित है उसको यथाशीघ्र पूरी कर अग्रिम कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही जो भी संरक्षित वन हैं, उसको नियमानुसार संबंधित ई-परिवेश पोर्टल के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य विकास अधिकारी सुथान अब्दुल्ला व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### हेडमास्टर समेत चार मिले अनपुस्थित

बाराबंकी, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों के विशेष निरीक्षण अभियान में मंगलवार को सिद्धौर ब्लॉक के 89 विद्यालयों 21 टीमों ने निरीक्षण किया। इस दौरान एक हेडमास्टर, तीन सहायक व एक अनुदेशक अनुपस्थित मिले। जिनके एक दिन का वेतन काटने का आदेश बीएसए ने दिया। मंगलवार को बीएसए के निर्देश पर सिद्धौर ब्लॉक में अभियान चलाया गया। बीएसए ने 13 बीईओ व आठ जिला समन्वयकों को जांच को भेजा। इस पर 89 विद्यालयों का टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान, बैसनपुरवा की प्रधानाध्यापिका राजकुमारी व सहायक अध्यापक विपुल कुमार व बाकरगंज के सहायक अध्यापक देवी दयाल, थानाडीह की सहायक अध्यापिका नेहा शुक्ला तथा सरायं बरई की अनुदेशक कीर्ति कुमारी अनुपस्थित मिलीं।

## हादसों में युवती समेत दो घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार: स्थानीय कोतवाली अंतर्गत मंगलवार की दोपहर विभिन्न स्थानों पर हुईं दुर्घटनाओं में एक युवती सहित दो लोग घायल हो गये।

पहली घटना कोटवासडक इलाके में हुई। हाइवे पर किसी कार्य से जा रही रोशनी (19) पुत्री शिव शंकर निवासी पुरे कोट को एक बाइक ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। दूसरी घटना हाइवे पर सुरजवापुर गांव के मोड़ के पास हुई। बाराबंकी की ओर जा रहे मनोज कुमार (35) पुत्र जल्ला प्रसाद निवासी खेवराजपुर थाना दरियाबाद को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में मनोज के एक पैर में फ्रैक्चर हो गया है। घायलों को उपचार के लिए सीएससी बनीकोडर लाया गया।

# हाईवे पर लड़ रहे सांड़ों से भिड़ीं तीन बाइक व एक कार

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

**अमृत विचार :** लखनऊ- अयोध्या हाईवे पर लड़ रहे दो सांड़ों से तीन बाइक व कार भिड़ गईं। हादसे में एक युवक घायल हो गया। ट्रेलर की चपेट में आने से एक सांड़ की मौत हो गई। घंटों बाद एनएचएआई की रिस्पांस टीम मौके पर पहुंची।

मामला लखनऊ- अयोध्या हाईवे के दारापुर का है। मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे यहां हाईवे पर दो सांड़ लड़ रहे थे। ऐसे में तीन बाइक व कार सवार भिड़ गए। इसमें से सफदरगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी प्रमोद नारयण घायल हो गए। इसको लेकर लोगों ने कई बार एनएचएआई के हेल्प लाइन नंबर पर मद्द मांगी। मगर, समय पर कोई नहीं पहुंचा। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क पर लड़ रहे एक सांड़ का टक्कर मार दी। इउसकी मौके पर मौत हो गई। इधर से गुजर रहे समाजसेवी/अधिवक्ता अजय वर्मा ने स्थानीय लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि एनएचएआई के हेल्पलाइन नंबर से मद्द की गुहार लगाई की। मगर, तीन घंटे से अधिक समय बीतने के बाद अभी कोई नहीं पहुंचा। इस पर अधिवक्ता ने हेल्पलाइन नंबर पर सख्त लहजे में बात की तब जाकर पांच बजे पहुंची रिस्पांस टीम ने सड़क पर पड़े सांड़ को हटाया। उसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

# उपकृषि निदेशक ने किया निरीक्षण

**लिया जायजा**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** राजकीय आलू प्रक्षेत्र, बेलहरा, फतेहपुर में बीजोत्पादन कार्यक्रम के तहत बोए गए 15 हेक्टेयर आलू का स्थलीय निरीक्षण उपनिदेशक उद्यान, अयोध्या मंडल, गीता त्रिवेदी ने जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव के साथ किया।

आलू फार्म पर कुल 15 हेक्टेयर में ब्रीडर आलू बीज की बुवाई की गई है। इसमें पांच प्रजातियों की की बुवाई की गई है। यह सभी प्रजातियां सफेद रंग की हैं और इनका उत्पादन और गुणवत्ता दोनों काफी अच्छी होती है। उपनिदेशक उद्यान ने सभी प्रजातियों का उत्पादन मानक के अनुसार होने का अनुमान लगाया। प्रभारी ने बताया कि इनकी लाक कटाई हो रही है और 20 दिन बाद खोदाई शुरू होगी। अनुमान है कि 3200 कुंतल सीड साइज आलू बीज उत्पादित होगा। ओवरसाइज व अंडरसाइज आलू बीज भी निकलेगा।

उपनिदेशक ने निर्देश दिया कि खोदाई उपरांत समय से राजकीय शीतगृह, अलीगंज, लखनऊ में आलू बीज का भंडारण कराया जाए। इस दौरान प्रभारी वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक इंद्र प्रकाश सिंह एवं बीज प्रमाणीकरण के प्रभारी उपनिदेशक वीरेंद्र आजाद मौजूद रहे।


राजकीय आलू प्रक्षेत्र का निरीक्षण करते उपकृषि निदेशक उद्यान गीता त्रिवेदी व डीएचओ महेश श्रीवास्तव।

# सरकारी भूमि के अवैध कब्जे की नींव बने दशकों से जमे लेखपाल

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी




**67** लेखपाल तैनात हैं वर्तमान में तहसील में

**10** वर्ष तक एक तहसील में तैनाती का है नियम

**05** वर्ष तक तहसील में वापस नहीं लौट सकते तबादले के बाद

**10** वर्ष तक अधिकतम एक तहसील में तैनाती का है नियम

**अमृत विचार:** सरकार की मंशा और जिला प्रशासन के कड़े रुख के बाद भी नवाबगंज तहसील की बेशकीमती जमीनें अवैध कब्जे से मुक्त नहीं हो सकीं क्योंकि दशकों से जमे लेखपाल इन अवैध कब्जों की मजबूत नींव बनकर खड़े हैं। प्रशासन सख्त होकर ऐसी जमीनों को चिह्नित कराने का प्रयास करता है तो एक-एक गाटे और रकबे का इतिहास-भूगोल जानने वाले लेखपाल व राजस्व निरीक्षक पैमाइश में खेल करते हैं। नवाबगंज तहसील पर लेखपाल का कॉकस हावी है। इस कॉकस को करीब सात वर्ष पहले तत्कालीन डीएम योगेश्वर राम मिश्र ने लंबे समय से जमे लेखापालों का दूरस्थ तहसीलों में तबादला कर तोड़ा। मगर, उनके तबादले के बाद लेखपालों ने अपने पॉवर से पुनः अपनी वापसी कराई। प्रमोशन के बाद तबादला भी हुआ उसके बाद फिर आकर नबावगंज तहसील में ही जम गए।

बाराबंकी जिले के नवाबगंज तहसील राजधानी लखनऊ से सटी है। वहीं लखनऊ- अयोध्या हाईवे और किसान पथ के साथ पूर्वांचल के लोगों का पनाह घर भी बनता जा रहा है। ऐसे में यहां की जमीनों के भाव काफी महंगे है। बड़ी- बड़ी टाउनशिप विकसित की जा रही हैं तो प्रापर्टी डीलरों ने भी अपनी प्लानिंग कर रखी है। एक-एक जमीन की कई बार रजिस्ट्री हुई तो कइयों के कागजों पर जमीन बेच कर दाखिल-खारिज भी करा दिया गया। ऐसे में दूसरे गाटों से सड़क व पार्क के नाम छूटी जमीन बेचकर भू माफिया ने स्थानीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक से मिलकर सरकारी भूमि पर कब्जा करा दिया। बड़ेल में हाल में ही डीएम की सख्ती पर की गई पैमाइश में करीब 15 बीघे बंजर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए एक अवैध कब्जेदार पर केस भी दर्ज कराया गया। मगर, इसी से सटी गाटा संख्या 1862 की 25 बीघे बंजर भूमि पर जहां आठ बीघे भूमि पर पीएम आवास को आवंटित कर निर्माण कराया गया। वहीं 17 बीघे बंजर भूमि चिह्नित कर इसे बेचने वाले भू माफिया पर कार्रवाई नहीं हुई, क्योंकि इस बंजर भूमि पर मकान बने हैं। यह तो महज बानगी है। इसी प्रकार शहर की बंजर, परती, चारागाह, चक मार्ग व तालाब की जमींने में प्लाटिंग कर बेच दी गयीं। दरामनगर में लेखपाल ने तो सरकारी जंगल को बेच दिया। कुछ ऐसा ही हाल बड़ेल, पल्हरी, माती, जिंहौली, ढकौली आलापुर व शहर के आस-पास का है। वीवीआईपी कही जाने वाली इन सर्किलों में दशकों से तहसील में जमे वही पुराने लेखपाल हैं जो फुटबाल बन इन्हीं सर्किलों में अपनी तैनाती कराकर भूमाफिया को लाभ पहुंचा रहे है। अगर इन पर कोई आंच भी आती है तो इनके बचाव में सफेदपोश व भूमाफिया अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं।

### अनुमति लेकर किया जाएगा तबादला

सदर तहसील में 10 वर्ष से अधिक समय से 8 से 10 लेखपालों के तैनात होने की जानकारी है। इनकी संख्या अधिक होने के कारण ट्रांसफर सत्र में ट्रांसफर करने का नियम है। फिर भी अनुमति लेकर उनका ट्रांसफर किया जाएगा।

–सतेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी

### एक दर्जन लेखपाल लंबे अरसे से हैं तैनात

एक दर्जन लेखपाल 12–14 साल से जमे हैं। तबादला हुआ भी तो नियम विरुद्ध तरीके से तहसील में वापसी कराकर उन्हीं सर्किल में तैनाती ले ली।

## सार-संक्षेप

### भरत मिलाप की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता


कथा सुनाते आलोक सरस। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के सरैया फरेन्दी चौकी स्थित चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा के छठे दिन भरत मिलाप का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु सुन भाव विभोर हो गए। कथावाचक आलोक सरस ने भरत मिलाप, शबरी मिलाप, सुग्रीव व हनुमंत मिलन की कथा का प्रसंग सुनाया। बुधवार को हवन यज्ञ के साथ समापन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आयोजक मंडल के राजू वर्मा रमेश कुमार, फूलचंद्र, रूपचंद्र, रामपाल, चक्रेश यादव, रोहित, पवन, कुलदीप, नंदकिशोर, गजराज व नीरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### श्रीरामकथा सुनने के लिए उमड़े श्रद्धालु

निन्दूरा बाराबंकी अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के सैदरा के बेहड गांव में। पांच दिवसीय श्री राम कथा के दूसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा व्यास द्वारिका नंद महाराज ने बताया कि शिव और सती का अद्भुत प्रेम शास्त्रों में वर्णित है। इसका प्रमाण है सती के यज्ञ कुण्ड में कूदकर आत्मदाह करना और सती के शव को उठाए क्रोधित शिव का तांडव करना। हालांकि यह भी शिव की लीला थी क्योंकि इस बहाने शिव 51 शक्ति पीठों की स्थापना करना चाहते थे। शिव ने सती को पहले ही बता दिया था कि उन्हें यह शरीर त्याग करना है। इसी समय उन्होंने सती को अपने गले में मौजूद मुंडों की माला का रहस्य भी बताया था। इस मौके पर बिंद्रा प्रसाद यादव, राम सजीवन यादव, अजीत कुमार, मनीष, सुभाष, कुलदीप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### वृद्ध को मृत दर्शाकर रोक दी गयी पेंशन, कार्रवाई की मांग

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : साहब मैं जिंदा हूं, मृतक दिखाकर पेंशन बंद कर दी गयी है। यह कहना है हैदरगढ़ विकासखंड के रक्सहा गांव निवासी संतपाल का। गांव निवासी संतपाल ने संपूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में उप जिलाधिकारी को बताया कि वृद्धावस्था पेंशन वार्षिक सत्यापन में ग्राम पंचायत सचिव द्वारा उन्हें मृत दिखा दिया गया है जिसकी वजह से उनकी पेंशन बंद हो चुकी है। जबकि उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा उनकी पेंशन थी। संत पाल ने बताया कि अक्टूबर 2022 में आखिरी बार उनकी पेंशन आई थी उसके बाद से पेंशन न आने पर उन्होंने अप्रैल 2023 से लेकर अब तक कई बार अधिकारियों के चक्कर लगाए। ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ।

### शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : शिक्षकों चार दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय राय के निर्देशन में एआरपी देवेंद्र सिंह की निगरानी पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामनगर में शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में छात्रों को कला एवं दक्षता के अनुरूप निपुण बनाने के लिए अध्यापकों को तरीके सिखाए गए। इस मौके पर संदर्भ दाता लोकनाथ तिवारी, लक्ष्मी देवी, पुष्पेंद्र कुमार, आदित्य कुमार, पवन कुमार सिंह आदि थे।

# महंगाई से आम लोगों का जीना दूभर:पाल

**बसपा की बैठक**

बाराबंकी


कार्यकर्ता कैडर कैंप को संबोधित करते बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने गांव चलो अभियान को सफल बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के जैदपुर के सेक्टर बलछट, मानपुर के कार्यकर्ता कैडर कैंप का आयोजन डॉ. अंबेडकर पार्क गोछौरा में किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक परिस्थितियां दिन-प्रतिदिन बदलती जा रही हैं। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की वादाखिलाफी एवं जनविरोधी नीतियों से सर्व समाज के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। कमरतोड़ महंगाई के कारण गरीबों, मजदूरों के साथ-साथ आम लोगों का जीना दूभर हो गया है। देश की जनता मायावती को अगला प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए संगठन को बूथ स्तर तक सर्वसमाज के लोगों में भाईचारा मजबूत बनाना है। इस मौके पर विजय कुमार, दिग्विजय गौतम, जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम, पीपी गौतम, राजेश गौतम एडवोकेट सदस्य जिला पंचायत, जसवंत सिंह विधानसभा क्षेत्र प्रभारी, नवमी लाल फौजी, सरोज गौतम विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, हरिराम गौतम, महादेव रावत, शाह आलम रिज़वी, वीरेंद्र कुमार, प्रताप सिंह, धर्मानंद रावत, राम सहारे रावत, सुंदरलाल बीडीसी, शिव प्रसाद, कौशल किशोर, राम लखन, पूर्व प्रधान राजेश आदि थे।

# उपनिदेशक ने किया दो ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : सोमवार को उपनिदेशक निदेशालय पंचायतरीराज एवं जिला पंचायत राज अधिकारी दो ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया।

ग्राम पंचायत पवैयाबाद और खनवाहा का उपनिदेशक निदेशालय पंचायतीराज एवं डीपीआरओ ने निरीक्षण किया। पवैयाबाद में मुख्यमंत्री पुरस्कार योजना से प्राप्त धनराशि से कराये गये कार्य का निरीक्षण किया । शासन द्वारा ज़ारी गाइड लाइन के विरुद्ध सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत पवैयाबाद में कार्य कराया जा रहा था जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ज़िला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती ने सम्बंन्धित सचिव को सख्त निर्देश देते हुए फटकार लगाई और अभिलेख सहित जिले पर उपस्थित होने को कहा गया। इसके बाद खनवाहा में निर्माणाधीन अन्त्येष्टि स्थल का निरीक्षण किया। इसे 10 फरवरी तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस मौके ग्राम प्रधान उमेश रावत, सचिव सुरेश रतन, खंड प्रेरक एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक देवा उपस्थित रहे।

**लापरवाही** टूटकर गिर रहे हैं सरकारी आवासों के प्लास्टर, जीर्ण-शीर्ण स्थिति में पहुंचे खिड़की और दरवाजे

# चिकित्सालयों के भवन जर्जर, डॉक्टरों के आवास भी बदहाल

रामनगर, बाराबंकी


इस हाल में हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर बने सरकारी आवास।

**अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर सहित क्षेत्र में संचालित आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक अस्पताल भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे है। शिकायतों के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों के आवास बदहाल स्थिति में हैं। आवासों के प्लास्टर टूटकर गिर रहे हैं। दरवाजे व खिड़कियां जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। कुल मिलाकर आवास रहने के लायक नहीं हैं। इसी के चलते डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी अस्पताल परिसर में न रहकर दूरदराज अपने घरों पर चले जाते हैं। जहां से इनका आवागमन अस्पताल होता है। इसी के चलते मरीजों को पूरी तरह से स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाती है। सीएचसी अधीक्षक लव भूषण गुप्ता ने इसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारियों को देकर आवासों की मरम्मत कराए जाने की बात कही थी। लेकिन उसका नतीजा सिफर ही रहा।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार यादव का कहना है कि यह मामला संज्ञान में है। शीघ्र ही आवासों की मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

इसी क्रम में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल लोधेश्वर महादेवा के अभरण सरोवर के पास संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय बहुत ही दयनीय हालत में है। बरसात का पूरा पानी जर्जर छतों से टपककर कमरे के अंदर भर जाता है। जिससे डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों को कार्य करने में बहुत ही परेशानी होती है।

येन केन प्रकारेण किसी तरह दवाइयां अलमारी में रख करके सुरक्षित कर पाते हैं। यही हाल गणेशपुर में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय का है जो बहुत ही बदहाल स्थिति में है जरा सी बारिश में पूरे अस्पताल में पानी भर जाता है। अभी बीते शनिवार को आयोजित तहसील दिवस में होम्योपैथिक चिकित्सालय की महिला चिकित्सक ने डीएम सत्येंद्र कुमार को लिखित प्रार्थना पत्र देकर भवन की मरम्म कराये जाने की मांग की थी।

# संविधान बचाने को एकता जरूरी

बाराबंकी


बैठक को संबोधित करते विधायक फरीद महफूज किदवाई। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पूर्व मंत्री व विधायक फरीद महफूज किदवई ने मंगलवार को कहा कि संविधान को बचाने के लिए लोहिया वादी व अंबेडकरवादी सोच के लोगों के एकजुट होने की जरूरत है। भाजपा लोकतंत्र का गला घोंटने पर उतारू है। पीडीए के महत्व को कार्यकर्ताओं को समझना होगा।

लखपेड़ाबाग में बाबा साहब वाहिनी जिला कमेटी द्वारा आयोजित समाजवादी पीडीए संविधान बचाओ पखवाड़ा में किदवाई ने कहा कि भाजपा संविधान को खत्म कर हिटलर शाही का राज चलाना चाहती है। वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की मूल प्रस्तावना से ही खिलवाड़ कर रही है। वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र सिंह आनंद के संचालन व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तरुण रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में राष्ट्रीय सचिव प्रभारी संतोष रावत, उत्कर्ष पटेल छात्र सभा जिला अध्यक्ष मोनू रावत महिला सभा अध्यक्ष पूनम यादव, प्रदेश सचिव सुरेश गौतम, जिला अध्यक्ष मजदूर सभा चंद्र प्रकाश राजवंशी अनुसूचित अनुसूचित अध्यक्ष रूपेश प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण सेन, जिला अध्यक्ष संदीप आदि प्रमुख थे।

### नकल पर अंकुश लगाने की तैयारी, कक्ष निरीक्षक में नकल माफिया नहीं कर सकेंगे हेराफेरी

# कक्ष निरीक्षक के आई कार्ड पर होगा क्यूआर कोड

> पहली बार कक्ष निरीक्षकों के आईडी कार्ड पर क्यूआर बार कोड होगा। इस संबंध में बोर्ड से पत्र मिल गया है। इससे नकल पर अंकुश लगाने में मदद के साथ ही कक्ष निरीक्षकों की हेराफेरी के बारे में आसानी से पता चल जाएगा।
>
> –ओमकार राणा, जिला विद्यालय निरीक्षक

**माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल-इंटर परीक्षा 2024**

**डीआइओएस बोर्ड पोर्टल से शिक्षक प्रोफार्मा कर सकेंगे डाउनलोड**

बोर्ड की ओर से कक्ष निरीक्षकों के लिए पहली बार एक सुरक्षित क्यूआर कोड कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र दिया जाएगा। डीआइओएस बोर्ड के पोर्टल से शिक्षकों के आईकार्ड का प्रोफार्मा डाउनलोड किया जाएगा। प्रोफार्मा पर आवंटित परीक्षा केंद्र का विवरण अंकित कर संबंधित कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा से एक सप्ताह पहले दे दिया जाएगा। आईडी कार्ड पर संबंधित कक्ष निरीक्षक का अध्ययन विषय भी मुद्रित होगा, जिससे संबंधित विषयों की परीक्षा में उनके स्थान पर दूसरे अध्यापक विषय वाले शिक्षक से कक्ष निरीक्षण का कार्य कराया जाएगा।

**परिषदीय विद्यालयों से शिक्षकों की मांग**

| ब्लॉक | शिक्षकों की मांग | ब्लॉक | शिक्षकों की मांग |
|---|---|---|---|
| अमावां | 60 | ऊंचाहार | 109 |
| सतांव | 98 | लालगंज | 93 |
| सरेनी | 131 | शिवगढ़ | 56 |
| दीनशाह गौरा | 97 | छतोह | 54 |
| बछरावां | 165 | राही | 205 |
| हरचंदपुर | 53 | डीह | 78 |
| सलोन | 166 | खीरों | 87 |
| डलमऊ | 137 | रोहनिया | 41 |
| महराजगंज | 87 | जगतपुर | 55 |

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल, इंटर परीक्षा 2024 को नकल विहीन कराने के लिए जिम्मेदारों ने कमर कस ली है। कक्ष निरीक्षकों की तैनाती को लेकर नकल माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेरते हुए इस बार क्यूआर कोड का आई कार्ड कक्ष निरीक्षकों को दिया जाएगा। इससे जांच करने वाले अधिकारी जान सकेंगे कि उक्त कक्ष निरीक्षक सही है या फिर कोई दूसरा। जिले में इस बार परीक्षा कराने के लिए 108 केंद्र बनाए गए हैं।

राजकीय इंटर कालेजों के अधिकतर शिक्षकों को बाह्य केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है। इससे माध्यमिक में वित्तविहीन शिक्षकों के ही कक्ष निरीक्षक बनने की उम्मीद

**परीक्षा पर एक नजर**

70793 – कुल विद्यार्थी
30710 – इंटर के विद्यार्थी,
40083 – हाईस्कूल के विद्यार्थी
108 – परीक्षा केंद्र

हैं। कमी को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग से 1771 शिक्षकों की मांग की है। इस सबके बीच नकल माफिया हर साल सक्रिय हो जाते हैं। शिक्षकों की कमी का फायदा उठाकर नकल कराने के उद्देश्य से कोचिंग संचालक या फिर अन्य किसी को कक्ष निरीक्षक बनवा देते थे। इससे नकल कराने में उन्हें आसानी हो जाती है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं कर सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से नया फार्मूला तैयार किया गया है। इसके तहत कक्ष निरीक्षकों को मिलने वाला आईडी कार्ड इस बार क्यूआर बार कोड वाला होगा। इसके स्कैन करते ही पता चल जाएगा कि उक्त कक्ष निरीक्षक फर्जी है या फिर सही।

# बारिश से सड़क पर बढ़ी फिसलन पैदल चलना हुआ मुश्किल

- **अमृत योजना के तहत खोदी गई सड़कों की बिगड़ी है तस्वीर, आवागमन में बढ़ी मुश्किलें**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** शहर में बेहतर सुविधाओं के लिए अमृत योजना से सीवर का कार्य चल रहा है। इसके तहत पाइप लाइन डालकर लोगों के घरों से जोड़ने की तैयारी है। इसके लिए कई सड़कों को विभाग की ओर से खोद दिया गया। समय से मरम्मत नहीं होने के कारण बारिश होने के बाद स्थिति बद से बदतर हो गई है। शहर की खुदी अधिकांश सड़कों पर लोगो का चलना दूभर हो रहा है। रविवार रात हुई बरसात से सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सड़क पूरी तरह से कीचड़ में बदल गयी है।

शहर के इंदिरा नगर के जेल गार्डेन रोड पर पिछले माह ही खोदाई हुई थी और कभी ठीक से उसकी भराई नही हुई थी। लेकिन बारिश ने अब आम लोगों को सड़क पर पैदल चलना दुश्वार कर दिया है। रायबरेली विकास प्राधिकरण के ठीक सामने यह सड़क दलदल


खोदी गई सड़क बारिश के कारण हुई बदहाल।

बनी हुई है। अब तक कई गाड़ियां इसमें धस चुकी है जिन्हें मशक्कत के बाद निकाला गया।

सड़क पर इतनी फिसलन है कि जरा सी असावधानी बरती गई तो हादसा हो सकता है। विकास प्राधिकरण में कई आफिस है और लोगो की बड़ी आमद रहती है। मंगलवार को तो देखा गया कि कई लोगो ने गाड़ियां जेल के पास खड़ी की थी। जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नही देते है। इस बार बाबत जल निगम एक्सईएन देवेंद्र कुमार ने जल्द सड़क मरम्मत करने की बात कही है।

# रोडवेज में आठ माह पहले ही कर दी जाती कार्रवाई

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** जिले का परिवहन निगम महकमा जितनी तेजी दिखाता है, उतनी तो शायद रोडवेज की बस भी नही चलती होगी। कार्रवाई के नाम कागजों में बिना देखे हस्ताक्षर करना विभाग के आला अधिकारी की लापरवाही उजागर कर रहा है। इतनी तेजी दिखाई गई की आठ महीने पहले ही विभाग के एक संविदा परिचालक पर कार्रवाई निर्धारित कर दी गई। इससे स्पष्ट है कि एआरएम द्वारा बिना पत्र देखे ही हस्ताक्षर किए जा रहे है। अब तो यह भी कहा जा सकता है कि और भी कई खेल कर दिए जाते होंगे।

डिपो में कार्यरत संविदा परिचालक सुधाकर शर्मा ने कार्यालय शिकायत की थी कि वह 18 जनवरी को कानपुर के झकरकटी में बस पर सवारियां बैठा रहा था। तभी डिपो के ही संविदा परिचालक नीलेश शर्मा से विवाद हो गया था। उसने मारने के लिए पेचकस निकाल लिया था, जिसके बाद बीच बचाव करा कर मामला


बोर्ड पर चस्पा पत्र।

शांत हुआ था। पीड़ित संविदा परिचालक ने कार्रवाई के लिए पत्र दिया था। जिसके बाद आरोपी संविदा परिचालक से स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन संतोषजनक स्पष्टीकरण न होने के कारण उसे कार्य से रोका गया था। बाद में मानवीय दृष्टिकोण के बाद उसे काम पर वापस लाया गया है। जिसका पत्र स्टेशन बोर्ड पर भी चिपका है। इस संबंध में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एमएल केसरवानी से बात की गई, तो उन्होने बताया कि आज उनके बेटे की शादी है। मामला दिखवाएंगे।

# सीसीटीवी के सहारे नकाबपोशों तक पहुंचने की कोशिश में खाकी

- **ठेकेदार पर हुए हमले का मामला**
- **पीडब्ल्यूडी परिसर में नहीं लगा कोई कैमरा, दुकानदारों के सहारे पड़ताल**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** जिले के सरकारी दफ्तर भी सुरक्षित नहीं है। पुलिस भले ही व्यापारियों समेत अन्य लोगों को सीसी कैमरे लगवाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हो, लेकिन विभागों के आलाहाकिम इसको लेकर तनिक भी फिक्रमंद नहीं है। सोमवार को ठेकेदार पर हुए हमले के बाद कुछ ऐसी ही खामियां सामने आई हैं, जिनसे विभाग के जिम्मेदारों की पोल खुल गई। यदि सीसी कैमरा लगा होता तो पुलिस को हमलावरों तक पहुंचने में आसानी होती है।

लेकिन अब खाकी को आसपास के दुकानों में लगे कैमरों के सहारे ही जांच करनी पड़ रही है। हालांकि अभी तक पुलिस के हाथ खाली हैं।


क्षतिग्रस्त वाहन।

कैमरों के फुटेज के सहारे ही पूरी पड़ताल टिकी हुई है।

शहर कोतवाली के पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर के अंदर टेंडर को लेकर ठेकेदार पर हुए हमले के मामले में कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। लेकिन अभी तक कोई सुराग नही लग पाया है कि हमलवार कौन लोग थे। परिसर में कोई सीसी कैमरे भी नही हैं, जहां से घटना के बारे में पुलिस को मदद मिल सके।

सोमवार को पीडब्ल्यूडी परिसर में टेंडर को लेकर शहर के इंदिरा नगर निवासी ठेकेदार आनंद तिवारी पर उस समय हमला हुआ था, जब वह अपनी कार में एक साथी के साथ बैठा हुआ था। इसी दौरान आये हमलावरों ने उसकी कार पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था जिससे गाड़ी भी चकनाचूर हुई थी। गनीमत रही कि उसे गंभीर चोट नही आई थी। सूचना पर सीओ सहित कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच जांच की। लेकिन कोई सुराग नही लग पाया था। पीड़ित ठेकदार आनंद ने कोतवाली में अज्ञात हमलवारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। सीओ अमित सिंह ने बताया कि जांच चल रही है, कैमरों को देखा जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**आसपास के लोगों में दहशत पहले भी हो चुके बवाल**

पीडब्ल्यूडी परिसर में ठेकेदार पर हुए हमले के बाद लोग सहम गए थे। कार्यालयों से निकला कर्मचारी भी बाहर आ गए, लेकिन तब तक हमलवार फरार हो गए। शहर के व्यस्त इलाके व सरकारी परिसर में दिन दहाड़े हुई वारदात के बाद पुलिस की कार्यशैली की आलोचना हो रही है। उल्लेखनीय है कि घटना के बाद हमलवार फरार हो गए थे। वही जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो सीसी कैमरे की जांच की लेकिन कार्यालय परिसर में लगा नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस को खुलासा करने के लिए थोड़ा मुश्किल हो रहा है। आसपास के दुकानदारों के कैमरों को खंगाला जा रहा है।

**.. कहीं सत्ताधारी दल से तो नहीं नाता**

ठेकेदार पर हुए हमले में सत्ताधारी दल के ठेकेदार के हाथ होने की बात भी कही गई। पहले दिन पुरजोर से उठी बात को पुलिस अभी तक दरकिनार किए है। अब इसे सत्ता का दबाव कहें या फिर कुछ और। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं हुआ है। पहले भी कई घटनाएं हो चुकी है। यही वजह है कि सीसी कैमरे से विभागाध्यक्ष भी परहेज करते रहे।

## सार-संक्षेप

### भाजपा नेता ने सम्मान समारोह में पेश की दावेदारी

**ऊंचाहार, रायबरेली :** लोकसभा चुनाव में भाजपा से उम्मीदवारी का दावा करते हुए वरिष्ठ नेता सत्य प्रकाश पांडेय ने कहा कि जिले में झलक दिखला जा वाली राजनेताओं की प्रवृत्ति का खात्मा जरूरी है। इसलिए उन्होंने पार्टी से टिकट चाहा है। वह मंगलवार को ऊंचाहार के ग्राम प्रधानों और संभ्रांत लोगों के सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ नेता केवल चुनाव में दिखाई देते हैं , उसके बाद वह गायब हो जाते हैं। अब समय आ गया है कि ऐसे नेताओं को सबक सिखाकर उनकी राजनीति का खात्मा किया जाए। इससे पहले उन्होंने ऊंचाहार और रोहनिया ब्लाक के प्रधानों व क्षेत्रीय संभ्रांत लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान विजय शुक्ल उर्फ बाबा ने किया। इस मौके पर डा. प्रांशु सिंह, विनय सिंह, आनंद पांडेय, शिव मूर्ति तिवारी, आनंद तिवारी, मनीष गौतम, मनीष सिंह, सुरेश पटेल, अजय कुमार, शिव कुमार, भुल्ले तिवारी, बबलू, अशोक प्रधान, गुड्डू प्रधान, प्रदीप कुमार, संदीप सेन आदि मौजूद रहे।

### नीरज चौरसिया को अध्यक्ष की कमान

**बछरावां, रायबरेली :** नीरज चौरसिया को एक बार फिर पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा राजेश महामंत्री, रामकरण कोषाध्यक्ष, राजू संगठन मंत्री, श्यामलाल संप्रेक्षक बने। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रणबहादुर यादव, महा मंत्री अरुण बेनु, कोषाध्यक्ष दिनेश प्रकाश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विंधेस्वरी आदि मौजूद रहे। इससे पहले हुए मतदान में नीरज चौरसिया को 43 और उनके प्रतिद्वंदी मनोज को 21 वोट मिले। महामंत्री के पद पर राजेश को 44 और सुरेंद्र कुमार को 20 वोट ही मिले।


खुशी जताते नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

### प्रवेश वर्मा बने मंडल अध्यक्ष भाजपा

**बछरावां, रायबरेली :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनपद में मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। इसमें बछरावां मंडल में पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे प्रवेश वर्मा को दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। इस दौरान उनका मण्डल के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहे पर फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा। इस मौके पर सुनील सागर, मुजीब अहमद, सगीर, अखिलेश वर्मा, मयंक रंजन द्विवेदी, सचिन सोनी, हरिओम आदि मौजूद रहे।


मंडल अध्यक्ष बनने पर प्रवेश वर्मा का स्वागत करते भाजपाई।

### टैबलेट पाकर छात्र-छात्राओं के खिल उठे चेहरे


टैबलेट मिलने पर खुशी जताते छात्र–छात्राएं।

**बछरावां, रायबरेली :** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत दयानंद बछरावा पीजी कॉलेज में स्मार्ट फोन वितरित किए गए। इसमें बीएड एवं बी–लिब के 216 छात्र–छात्राओं और एमए, एमएससी, एमकॉम एवं ए एड के 127 छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक राहुल, महाविद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, बछरावां कोतवाली विजेंद्र प्रसाद शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, वरिष्ठ शिक्षाविद एवं कवि भगवान कुमार अवस्थी, वरिष्ठ व्यवसायी सौरमंडल शुक्ला, सामाजिक समरसता संयोजक सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।

### आनंद ने रजत पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

**लालगंज, रायबरेली :** फायर ब्रिगेड में कार्यरत आनंद प्रताप सिंह ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया स्तर के खेल में रजत पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। एक से चार फरवरी तक गुजरात यूनिवर्सिटी आफ अहमदाबाद में आयोजित सेकंड ऑल इंडिया फायर सर्विस गेम्स प्रतिभाग किया। उक्त खेलों में लालगंज फायर सर्विस चालक आनंद प्रताप सिंह ने गोला फेंक प्रतियोगिता एवं 100 गुणा चार मीटर रिले में रजत पदक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश फायर सर्विस का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर लालगंज फायर सर्विस इंचार्ज मुकेश कुमार गिरी व लालगंज फायर सर्विस के सभी पुलिसकर्मियों सहित लालगंज नगर के संभ्रांत लोगों ने हर्ष जताया है।


रजत पदक विजेता आनंद प्रताप सिंह।

### रामलला के दर्शन को पहुंचे विहिप नेताओं का जत्था

**लालगंज, रायबरेली :** विश्व हिंदू परिषद लालगंज के एक जत्थे ने अयोध्या पहुंचकर भगवान श्री राम लला का दर्शन किया है। विहिप के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी ने बताया कि भगवान श्री राम लला का मंदिर बहुत ही अद्भुत है। अयोध्या में जहां राजा दशरथ के घर भगवान राम ने जन्म लिया था, वहीं पर भगवान राम का अलौकिक मंदिर बनना निश्चित रूप से भारत वासियों खास तौर से हिंदुओं के लिए गौरव की बात है। नगर अध्यक्ष रमाशंकर बाजपेई ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए संत महात्माओं और हिंदू जनमानस ने बहुत बड़ी तपस्या की थी जिसके फल स्वरूप 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। जिलाध्यक्ष अजय बाबू पांडे और जिला मंत्री नीरज वाजपेयी ने कहा कि राम मंदिर बनने से भारत का गौरव विदेशों में भी बड़ा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में मंदिर बनने से सनातन धर्म को बढ़ावा मिला है।

# रामसमुझ बने अध्यक्ष

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का चुनाव ब्लाक परिसर में संपन्न हुआ। मंगलवार को सम्पन्न हुए चुनाव में ब्लाक सफाई कर्मचारी संघ में दूसरी बार निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष राम समुझ को 41 मत मिले वही उनके प्रतिद्वंद्वी राम सजीवन यादव को 20 मत मिले। महामंत्री पद पर राम बहादुर विजयी हुए। संगठन मंत्री के पद पर मनोज कुमार को निर्विरोध चुना गया। इस दौरान सभी सफाई कर्मचारियों ने निर्वाचित अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।


नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# बिना प्रतियोगिता कराए बच्चों का हुआ चयन

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज कुलदीप अपने नए-नए करनामों से हमेशा चर्चित रहते हैं। सरकार की ओर से खेल के माध्यम से खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं बीईओ खेल के बजट में खेल करने की फिराक में है। जिला स्तर पर चल रहे जनपदीय प्रतियोगिता से पहले ब्लाक स्तर पर आयोजन होना था।

खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रतियोगिता कराए बगैर ही खिलाड़ियों का चयन करके जिला मुख्यालय पर भेज दिया है। इससे पहले भी उन पर सुबह 10 बजे तक फोन को स्विच ऑफ रखना, विद्यालयों में आयोजित शिक्षा चौपाल मे प्रतिभाग नहीं करने का आरोप लग चुका है।

नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर शिक्षकों ने बताया कि ब्लाक लालगंज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बेसिक के बच्चों की आयोजित नहीं कराई गई। बिना ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कराये अपने कुछ खास विद्यालयों के बच्चों को सीधे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गए।

जबकि जनपद में सिर्फ वही बच्चे प्रतिभाग कर सकते हैं, जो अपने ब्लॉक की खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आए हैं। खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज के तानाशाह रवैये के चलते किसी भी प्रकार की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं वर्ष 2023-24 में आयोजित नहीं की गयी। शासन की योजना है कि खेलकूद में अधिक से अधिक बच्चों को प्रतिभाग कराया जाए। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी का कहना है कि इस बार बजट नहीं आया है। इसलिए ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं नहीं कराई गई।

# सीएचसी परिसर बना अवैध वाहनों का पार्किंग स्थल

- **इलाज के लिए आने वाले लोगों को होती है समस्या**

बछरावां,रायबरेली।

**अमृत विचार।** कस्बे का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों अवैध वाहन स्टैंड के रूप में नजर आता है। केंद्र पर बेतरतीब तरीके से वाहन खडे होते है।. जिसकी वजह से वहां आने वाले लोगो को


अस्पताल में खड़ी बाहरी गाड़ियां।

कठिनाइयों से जूझना पड़ता है। लेकिन इस तरफ अस्पताल के जिम्मेदारों की कोई नजर नही जा रही है।

इस समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां के अंदर कई ऐसे अवैध वाहन खड़े रहते हैं। यह वाहन न तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों के हैं और न ही कर्मचारियों के है। ऐसे हालात में जो लोग उपचार के लिए आते है उनको जहां आने जाने में असहजता होती है वही वाहन खडे करने के लिए भी जगह तलाशनी पड़ती है। वही वाहन चोरी का भय भी बना रहता है। इन सबके बाद भी जिम्मेदार खामोशी की चादर ओढ़े हुए है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की यह तस्वीर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक अनिल कुमार जैसल को नहीं दिखाई दे रही है। जो कही न कही सब कुछ जानते हुए भी उनको न समझ बनने की ओर इशारा कर रही है।



# सर्विलांस टीम ने 15 लाख कीमत के खोये 101 मोबाइल किए बरामद

**रायबरेली, अमृत विचार :** रायबरेली पुलिस द्वारा जारी लिंक पर खोए हुए फोन की सूचना देने के मामले में सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने लगभग 15 लाख रुपये कीमत के खोए हुए 101 मोबाइल फोन बरामद किया है। जिन्हे एसपी अभिषेक अग्रवाल ने मंगलवार को उनके स्वामियों कों सौपा है। पुलिस ने जिन मोबाईल को बरामद किया है। उनमें रेडमी के 12, मैकरोमैक्स 1, वीवो 29, रियलमी 18, ओप्पो 17, सैमसंग 6, टेंको स्पार्क 12, पोको 1, आई टेल 1, जियो 1, लावा 1, इंफीनिक्स 1 व एम आई का 1 फोन सर्विलांस टीम ने बरामद किया था। बरामद मोबाइल फोन की कीमत लगभग 15 लाख रूपये बताई गई है। एसपी ने सर्विलांस टीम को पांच हजार रुपये नगद व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वही एसपी ने आमजन से अपील की कि अगर किसी का मोबाइल खो जाये तो वह तत्काल पुलिस को सूचना दे।

# श्रीकृष्ण लीला सुना वात्सल्य प्रेम में सराबोर

सरेनी, रायबरेली

**अमृत विचार :** विकास खंड के ग्राम पूरेचंदू मजरे काल्हीगांव में श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथावाचक ज्ञान देवधर श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने संगीतमय कथा वाचन कर भगवान की बाल लीलाओं के चरित्र का वर्णन किया। कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होता है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे ना तो कर्तव्य का अभिमान है और ना ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं।

उन्होंने कहा कि माखन चोरी करने का आशय मन की चोरी से है। कन्हैया ने भक्तों के मन की चोरी की। उन्होंने तमाम बाल लीलाओं


श्रीमद्भागवत कथा में मौजूद लोग। अमृत विचार

का वर्णन करते हुए उपस्थित श्रोताओं को वात्सल्य प्रेम में सराबोर कर दिया। कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है, परंतु भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं, लेकिन भगवान कृष्ण उनको इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल में भारी वर्षा करते हैं, जिसे देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं।

भगवान कृष्ण कनिष्ठ अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छिपा लेते हैं। साथ ही इंद्र के घमंड को तोड़ देते हैं। इस अवसर पर गिरजा शंकर दीक्षित, हरी शंकर दीक्षित, उमेश चंद्र दीक्षित, ऋषि दीक्षित, दिनेश दीक्षित, राधे बाजपेई, रामजी पांडेय, कृष्ण कुमार अग्निहोत्री, गोवर्धन अग्निहोत्री, हैप्पी मिश्रा, आदर्श तिवारी आदि मौजूद रहे।

**भंडारा की तैयारी तेज**

सरेनी स्थित पूरेचंदू मजरे काल्हीगांव में चल रही साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को समापन हो गया। वहीं बुधवार को पूर्णाहुति ( हवन ) के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आयोजक गिरजा शंकर दीक्षित और हरी शंकर दीक्षित ने दी है। इस मौके पर राजेंद्र त्रिवेदी, सत्यम त्रिवेदी, रविशंकर मिश्रा, शीलू सिंह ( समाजसेवी ), पुनीत त्रिवेदी, रजत बाजपेई, सीएल त्रिवेदी, शिवशंकर सिंह, दिनेश सिंह, मुन्नू दीक्षित, रामू सिंह, पिंटू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा नेता की पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

- कमरे के अंदर फंदे से लटकता मिला शव
- मायके पक्ष ने ससुरालीजनों पर लगाया हत्या का आरोप

खीरों, रायबरेली

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गुमदापुर मजरे धुराई में मंगलवार की रात भाजपा नेता की पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव कमरे के अन्दर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालीजनों पर दहेज न दे पाने के कारण बेटी की हत्याकर फंदे से लटका देने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं मायके पक्ष ने पुलिस पर राजनैतिक कारणों से मामले में लीपापोती करने का भी आरोप लगाया है।

फतेहपुर जिले के थाना क्षेत्र कल्यानपुर के गांव दलाबलाखेड़ा निवासी मृतका के पिता बालकृष्ण शर्मा ने बताया कि उसकी बेटी सोमवती शर्मा की शादी विगत 7 मई 2015 को क्षेत्र के गांव गुमदापुर मजरे धुराई निवासी राम मिलन शर्मा के साथ हुई थी। उसकी बेटी से नयन (7), साक्षी (6) और आर्यन (1) सहित तीन संतानें हैं। उसने बेटी की शादी में अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था। लेकिन उससे उसका दामाद राम मिलन शर्मा, सास फूल दुलारी, ससुर रामनरेश आदि सन्तुष्ट नहीं थे। आरोप है कि बेटी को पति राम मिलन शर्मा शराब पीकर आए दिन मारपीट कर और अन्य ससुरालीजन भी तरह तरह से प्रताड़ित करते थे।

इसी सिलसिले में उसके दामाद और अन्य ससुरालीजनों ने सोमवार की देर रात बेटी की हत्याकर उसका शव कमरे के अन्दर दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका दिया। लगभग आधी रात के बाद उसे दूसरे लोगों के माध्यम से घटना की जानकारी हुई।

बेटी की मौत जानकारी मिलने पर जब परिजन पहुंचे तो ससुरालीजन दुर्व्यवहार करने लगे। पुलिस भी राजनैतिक दबाव में मामले में लीपापोती कर रही है। मृतका के पति भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी है। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और शिकायती पत्र मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



पूछताछ करते थानाध्यक्ष और इनसेट में मृतका की फाइल फोटो।



गमगीन परिवारीजन। अमृत विचार

### मासूमों के सिर से उठा मां का साया

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सच्चाई कुछ भी हो। लेकिन हर व्यक्ति के जेहन में यही यक्ष प्रश्न उठ रहा है कि घरेलू कलह में हुई मौत से तीन मासूमों के सिर से मां का साया उठ गया। इनकी परवरिश कौन करेगा। इन्हे अब कभी मां का प्यार नसीब नहीं होगा। एक वर्ष का मासूम आर्यन बिना मां के प्यार के जब होश संभालेगा तो शायद उसे अपनी मां का चेहरा भी याद नहीं रहेगा।



नारेबाजी करते भाजपाई।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की घोषणा के बाद दो धड़ में बंटी पार्टी

महराजगंज, रायबरेली।

**अमृत विचार:** दो दिन पूर्व भाजपा जिला नेतृत्व द्वारा महराजगंज मंडल अध्यक्ष विवेक पाण्डेय की नियुक्ति की घोषणा के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का गुस्सा बगावत के रूप में सड़क तक उतर आया हैं। जिससे संगठन में दो फाड़ होते नजर आ रहे।

वरिष्ठ भाजपाईयों ने मंडल अध्यक्ष को पैराशूट बता पार्टी निर्णय का विरोध नारेबाजी की। मंगलवार को कस्बे के चंदापुर रोड स्थित भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला के प्रतिष्ठान पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्यप्रकाश वर्मा सहित पार्टी के.कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेता अवधेश मिश्रा ने कहा की घोषित अध्यक्ष द्वारा हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गृह मंत्री अमित शाह को काला झंडा दिखाया गया था। मंडल अध्यक्ष की घोषणा से पूर्व हम लोगो से कोई राय नही ली गयी। विरोध के दौरान प्रमुख रूप से बीजेपी के जिला प्रतिनिधि अवधेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला, वीरेंद्र अवस्थी, पंकज श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश वर्मा, मंशाराम सिंह, मंडल महामंत्री राम प्रकाश गौतम, शिवम मिश्रा, मंडल मंत्री अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष राम अभिलाख लोधी, मीडिया प्रभारी तेजभान सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक वर्मा, लक्ष्मी नारायण लोधी, सत्रोहन लोधी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने औषधियों के दुरुपयोग जांच के दिए निर्देश

**संवाददाता, रायबरेली :** औषधियों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। डीएम के निर्देश पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाएगा। इसमें मेडिकल स्टोर्स एवं अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर के थोक विक्रेताओं को चिन्हित करते हुए उनका गहन निरीक्षण किया जाएगा। इसके लिए तहसीलवार टीमों का गठन किया है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने औषधि, पुलिस एवं आबकारी के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर औषधियों के दुरुपयोग पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में औषधि निरीक्षक, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में छह प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है।

### बरसात से लालगंज की बिजली व्यवस्था ध्वस्त

**लालगंज, रायबरेली :** रविवार शाम से शुरू हुई बरसात ने लालगंज की बिजली व्यवस्था ध्वस्त कर दिया है। हाल यह रहा कि रविवार को देर शाम सात बजे बिजली चली गई। सोमवार को भी छह बजे शाम तक बिजली के दर्शन नहीं हुए। रात भर कमोबेश कई मुहल्लों में लोग बिजली का इंतजार करते रहे। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बिजली विभाग के अधिकारियों के प्रति रोष जताते हुए कहा कि बिजली विभाग केवल बिल वसूलने में अव्वल है, लेकिन आपूर्ति में पूरी तरह से फिसड्डी है। नगर में 24 घंटे बिजली आपूर्ति प्रभावित है। लालगंज ग्रामीण के अवर अभियंता मुलायम सिंह यादव ने बताया कि बरसात की वजह से बिजली की किल्लत हुई है। वही नगर के अवर अभियंता ने बताया कि 33 हजार सप्लाई लाइन में फाल्ट हो गया था, जिसके कारण उपभोक्ता को बिजली नहीं उपलब्ध हो पाई है।

### पीडीए महासभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, रायबरेली :** दलित पिछड़ा अल्पसंख्यक महासभा के पदाधिकारीयों ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव पर हुए हमले के मामले को लेकर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपा। मंगलवार को महासभा के पदाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य पर विभिन्न जनपदों में हुए हमलो को लेकर डीएम को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन देकर उनकी सुरक्षा बढ़ाए जाने की मांग की है। वही अराजक तत्वों पर कार्यवाही की मांग की गई है। पदाधिकारियों का कहना है कि स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला करने वालों को कठोर सजा दिलाई जाए। जिससे कि उनको सबक मिल सके। इस मौके पर राम सिंह आदि मौजूद रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन परीक्षा 10 को

**संवाददाता, रायबरेली :** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य चंदन बागीश ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 09 एवं 11 में प्रवेश में पार्श्व चयन परीक्षा 10 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। परीक्षा दोपहर 11:30 बजे से 01:30 बजे के मध्य होगा। सभी अभ्यर्थी परीक्षा के दिन सुबह 10 बजे परीक्षा केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय, रायबरेली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि केवल वही अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे जो आनलाइन माध्यम से पंजीकृत हुए है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र और आधार कार्ड के साथ परीक्षा केन्द्र पर प्रस्तुत करेंगे। प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय की आफिसियल वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

### नाली में गिरकर हुई युवक की मौत

**डलमऊ रायबरेली, अमृत विचार :** नशे की हालत में एक युवक नाली में गिर गया और फिर वह उठ नहीं सका। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शिवनारायण पुत्र बाबूलाल यादव निवासी मुर्शिदाबाद का मंगलवार को सुबह सराय दिलावर के पास पानी से भरी हुई नाली में शव पाया गया। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी तो हड़कंप मच गया पुलिस की माने तो युवक शराब पीने का आदी था। नशे की हालत में वह नाली में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई है। कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बुजुर्ग की बाइक चोरों ने की पार

**रायबरेली, अमृत विचार :** शहर की पुलिसिंग पर लगातार बाइक चोर सवाल खड़ा कर रहे है। शहर में हो रही लगातार बाइक चोरियों ने लोगो में दहशत बना कर रख दिया है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों को रोकने में स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है। चोरों के हौसलों के आगे पुलिस का इकबाल भी खत्म होता नजर आ रहा है। लेकिन चोरी की घटनाओं में अंकुश नही लग पा रहा है। मंगलवार को शहर कोतवाली के इंदिरा नगर चौकी क्षेत्र के विकास भवन स्थित पेंशन कार्यालय में अपनी पेंशन की बाबत जानकारी लेने आए एक बुजुर्ग की बाइक को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। बुजुर्ग जब बाहर निकला तो परिसर से उसकी बाइक गायब थी। नजारा देख वह हैरान हो गया। इस दौरान उसने काफी खोजबीन की लेकिन कोई जानकारी नही हुई। बुजुर्ग ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के पूरे पंडित का पुरवा मजरे चकसुंडा निवासी चन्द्रमणी दीक्षित अपनी पेंशन की जानकारी लेने विकास भवन स्थित कार्यालय गया था। इस दौरान उसकी बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द चोरों को पकड़ा जाएगा

## एक नजर

### हार्टअटैक से श्रमिक की मौत

**डीह, रायबरेली :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में खड़ंजा लगाते समय एक मनरेगा श्रमिक की हार्टअटैक आ जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के मुताबिक सुमतपुर मजरे टेकारी दादू निवासी अमर सिंह पुत्र लाल बहादुर सिंह ग्राम पंचायत में मनरेगा श्रमिक था। मंगलवार को वह टेकारी गांव स्थित नहरिया पर मनरेगा योजना के तहत निर्माण हो रहे खड़ंजे में परिवार के लोगो के साथ काम कर रहा था। तभी अचानक उसे हार्टअटैक पड़ जाने से नहर में गिर गया और उसकी मौत हो गई।

### आईटीआई गोरा बाजार में अप्रेंटिस मेले का आयोजन

**संवाददाता, रायबरेली :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में सात और आठ फरवरी को वृहद रोजगार एवं अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया गया है। इसमें मारूति सुजुकी इंडिया लि. हंसलपुर (गुजरात) प्लांट प्रतिभाग करेंगी। इस मेले में समस्त व्यवसाय से आईटीआई उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को सम्मिलित किया जायेगा।

### तोड़फोड़ का मामला दर्ज

**ऊंचाहार, रायबरेली :** दो दिन पूर्व दबंगों द्वारा कार को रोककर उसमें तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर, मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी विकास सिंह ने बताया कि रविवार की शाम वो मतरौली गाँव से कार से घर लौट रहा था। तभी गाँव के पास ही पूरे बकिया मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव निवासी शुभम यादव व उत्तम यादव ने उसकी कार को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मंगलवार को पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# रायबरेली रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल और भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव ने रायबरेली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन कुमार, ट्रैफिक इंस्पेक्टर अनिल श्रीवास्तव और रेलवे के अन्य अधिकारिओं से मिलकर रायबरेली रेलवे स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों के विषय में जानकारी हासिल की।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने पाया कि जहाँ सारे बड़े स्टेशनों पर स्वचालित टिकट मशीन लगी वहीँ पर रायबरेली में इसको अभी तक नहीं लगाया गया है, जिसको यात्रिओं की सुविधा के लिए तत्काल लगाया जाना चाहिए। इसके अलावा 7-8 वर्ष पहले तैयार कराया गया मल्टीफंक्शनल सेंटर अभी तक ऐसे ही पड़ा है , जिसमें एक काफी बड़ा समुदाय भवन और चार दुकानें है, उसको जल्द से जल्द शुरू किया जाना चाहिए।



इसके अलावा 'एक स्टेशन एक उत्पाद' के तहत बनी दुकान भी ऐसी ही पड़ी है, उसको अभी तक चालू नहीं किया गया है जिसको जल्द से जल्द शुरू किया जाना चहिए। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि इसके अलावा विभिन्न ट्रेनों के ठहराव तथा चलने के सम्बन्ध में चर्चा की गयी, जिसमें दिल्ली-गुवहाटी राजधानी एक्सप्रेस और जनसाधारण एक्सप्रेसी का रायबरेली में ठहराव तथा रायबरेली से लखनऊ व रायबरेली से उन्नाव वाया ऊंचाहार एवं वाया डलमऊ, रायबरेली-लखनऊ शटल ट्रेनों को चलाने तथा रायबरेली-ऊंचाहार ट्रेन आदि को तुरन्त चलाये जाने के संबंध में वह जल्द केंद्रीय रेलमंत्री जी से बात करेंगे।

# अप्टा नरसंहार के गवाह को धमकाने का आरोप

ऊंचाहार, रायबरेली

- जमानत पर आरोपी है जेल से बाहर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के अपटा गाँव में हुए नरसंहार में मुख्य गवाह को हत्याकांड में शामिल आरोपियों द्वारा धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपियों से उसे व उसके परिवार को जान का खतरा है, मंगलवार को पीड़ित ने मुख्यमंत्री समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर गुहार लगाई है।

छिपिया गाँव निवासी कृष्ण कुमार तिवारी 26 जून वर्ष 2017 को अपटा मजरे इटौरा बुजुर्ग गाँव में हुई पांच लोगों की हत्या के मामले के मुख्य गवाह है, उनका आरोप है कि वर्तमान में सभी आरोपी जमानत पर रिहा है। जिनके द्वारा लगातार उसे धमकी दी जा रही है और उसकी गाड़ी के पीछे अन्य गाड़ियों को लगाकर उसके बारे मे साजिश की जा रही है।

पूर्व में उसके बेटे पर आरोपियों द्वारा हमला भी कराया गया था, जिसमें पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया था, इसके अलावा उसे राज्य सरकार द्वारा मिली पुलिस सुरक्षा को भी प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को पत्र भेजकर गुहार लगाई है।

# धारदार हथियार से बड़े भाई की हत्या, पिता गंभीर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लकड़ी काट रहे बड़े भाई और पिता पर छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पिटाई से घायल युवक को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। दोनों का बीच-बचाव करने पहुंचे पिता भी गंभीर रूप से घायल हैं। उनको मेडिकल कॉलेज से हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसपी सोमेन बर्मा ने मौका मुआयना किया है। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मेंहदिया गांव में मंगलवार को सगे भाइयों राम मिलन और राजनाथ पेड़ की डाल काटने को लेकर कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष हो गया। राम मिलन की छत पर घर के बगल लगे अर्जुन के पेड़ डालियां लटक रही थी। उसको उसने काट दिया। इसी बात से गुस्साए भाई राजनाथ ने अपने बेटे के साथ मिलकर राम मिलन पर लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। मारपीट में राम मिलन व उसे बचाने पहुंचे पिता राम जग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक ने राम मिलन (42) को मृत घोषित कर दिया। रामजग (65) को मेडिकल कालेज के अधीन जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस आरोपित पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

# ब्लॉक संयोजक ने पदाधिकारियों का प्रकट किया आभार

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार:** पुरानी पेंशन बहाली एवं निजीकरण के विरोध में बीती 4 फरवरी को राजधानी लखनऊ में आयोजित अटेवा की हुंकार में शामिल होकर अपने हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने वाले पदाधिकारियों का अटेवा ब्लाक संयोजक आशुतोष यादव ने आभार प्रकट किया है। पुरानी पेंशन बहाली व निजीकरण के विरोध में बीते रविवार को राजधानी लखनऊ में आयोजित विरोध प्रदर्शन में अटेवा के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। ब्लाक संयोजक आशुतोष यादव ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे की लाठी है, जिसे हम लेकर रहेंगे। इस मौके पर सरला वर्मा, राजकुमार गुप्ता, सुरेंद्र वर्मा, संतोषी तिवारी, अश्वनी वर्मा, संजय सिंह, नीरज वर्मा समेत अटेवा पदाधिकारी मौजूद रहे।

**खेलकूद** — व्यक्तिगत में रही प्राथमिक स्तर पर डीह के नागेश भारती और जगतपुर की रीना यादव चैम्पियन

# प्रतियोगिता में डलमऊ रहा ओवरऑल चैम्पियन

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** ब्लॉक स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले भविष्य के बड़े खिलाड़ियों ने दो दिनों तक पुलिस लाइंस के ग्राउण्ड पर अपने को अव्वल लाने के लिए खूब पसीना बहाया। दो दिनों तक चली जनपद स्तरीय बेसिक शिक्षा विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियनशीप डलमऊ ब्लॉक के नाम रही। वहीं, व्यक्तिगत चैम्पियनशीप में प्राथमिक स्तर पर टेकारी दांदू के नागेश भारती, बालिका वर्ग में छीछेमऊ की छात्रा रीना यादव व उच्च प्राथमिक स्तर पर रामपुर कसिहा के सौरभ कुमार ओर विनोबापुरी की आंचल विजयी रही।

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता के नोडल प्रभारी बीईओ बृजलाल वर्मा ने कहा कि दो दिनों तक चली प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने अपना सौ प्रतिशत दिया। प्रतियोगिता में विजयी सिर्फ एक ही खिलाड़ी को होना होता है, तो एक ही खिलाड़ी ने मैदान फतेह किया। बीईओ डा0 सत्यप्रकाश यादव और वरुण मिश्रा ने बताया कि आज जनपदीय स्तर की प्रतियोगिता में विजयी होने वाले खिलाड़ी आठ फरवरी से सीतापुर में होने वाली मंडलीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।



जनपदीय स्तर की क्रीड़ा प्रतियोगिता में दूसरे दिन उच्च प्राथमिक स्तर पर 600 मीटर दौड बालक वर्ग में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान दीपांशू, रोहित कुमार, सत्येन्द्र, बालिका वर्ग में मोहिनी, मंगला सरोज, काजल, 400 मीटर बालिका वर्ग में आंचल, खुशी, कामिनी, बालक वर्ग में हरिओम, अनुज, करन बहादुर, 200 मीटर बालिका वर्ग में जोया, नन्दिनी, खुशी, बालक वर्ग में अजय सिंह, शैलेन्द्र, श्रवण, 100 मीटर बालिका वर्ग में ऊषा, आंचल, आंशी, बालक वर्ग में सौरभ कुमार, अनुज, अजय सिंह को प्राप्त हुआ। प्राथमिक स्तर की दौड़ प्रतियोगिताओं में 400 मीटर बालिका वर्ग में शीबा, रीना यादव, संध्या, बालक वर्ग में सुमित, मो. आसिफ, संकल्प, 200 मीटर बालक वर्ग में नागेश भारती, राजन, शुभम, बालिका वर्ग में संध्या, शिवानी, अर्चना, 100 मीटर बालिका वर्ग में रीना यादव, माही, शुभी पटेल, बालक वर्ग में सुमित कुमार, शिवम, अभिलाष, 50 मीटर बालक वर्ग में नागेश भारती, अभिलाष, शुभम, बालिका वर्ग में रीना यादव, सुनेहा, शुभी पटेल को दौड़ में क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

वहीं, टीम स्पर्धा में उच्च प्राथमिक स्तर पर कबड्डी बालक वर्ग में ऊंचाहार, खो-खो में बालक वर्ग में रोहनिया और बालिका वर्ग में हरचंदपुर की टीम विजयी रही। प्राथमिक स्तर पर कबड्डी बालक और बालिका वर्ग में सतांव की टीम, खो-खो में बालक-बालिका में हरचंदपुर की टीम विजयी रही। दो दिनों तक चली प्रतियोगिता का संचालन नीरज कुमार और डॉ0 अभिषेक द्विवेदी ने किया। इस मौके पर बीईओ सत्यप्रकाश सिंह, राममिलन यादव, गौरव मिश्रा, केके त्रिपाठी, कुलदीप, प्रियंका सिंह, धर्मेश यादव, जिला व्यायाम शिक्षिका रेनू शुक्ला, शिवशरण सिंह, मीनाक्षी तिवारी, भीम, ज्ञान, रेखा, अनुपमा, निरुपमा, विमला कुशवाहा, मालती, वंदना, संजय, पवन, संदीप, राजेश यादव, राम केवल, धर्मेश आदि लोगों ने प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराया।



## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक घायल

**पाली।** अतर्जी मोड़ पर तेज़ रफ्तार गाड़ी की टक्कर लगने से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। मंगलवार की देर शाम को बाइक सवार तीन युवक अतर्जी मोड़ से होकर जा रहे थे, उसी बीच तेज़ रफ्तार गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। पुलिस ने तीनों बाइक सवारों को सीएचसी भिजवाया है।

### पुलिस की वर्दी में पहुंचा और मोबाइल ले गया चोर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के अल्लाहपुर तिराहे पर आटो वाले को बहलाकर वर्दी पहने एक ठग उसका मोबाइल लेकर चंपत हो गया। शाहाबाद के मोहल्ला उधरनपुर निवासी सतेंद्र ने बताया वह शहर में आटो रिक्शा चलाकर अपना परिवार का जीवन यापन करता है। मंगलवार को वह अल्लाहपुर तिराहे पर सवारी का इंतजार कर रहा था। तभी पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति आया और खुद को कोतवाली में तैनात बताकर चौक घासमंडी के निकट ले गया। वहां बहान से आटो चालक का मोबाइल लेकर किसी से बात करते हुए गली में चला गया। वापस लौट कर नहीं आया। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस जांच कर रही है।

### गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने में ट्रक पलटा

**सवायजपुर।** शाहाबाद की तरफ जा रहा बारदाने से भरा हुआ ट्रक गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने में पलट गया, जिससे उसका ड्राइवर दबकर बुरी तरह ज़ख्मी हो गया। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से ड्राइवर को किसी तरह बाहर निकाला और मेडिकल कालेज भिजवाया। मंगलवार की देर शाम को पाली से शाहाबाद की तरफ जा रहा बारदाने से भरा हुआ ट्रक पाली थाने के खनिकलापुर के पास पहुंचा, तभी उधर से आ रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्राली को बचाने में ट्रक बेकाबू हो कर पलट गया। इस हादसे में उसका ड्राइवर गुरुदेव पुत्र आत्माराम निवासी मुड़रामऊ उसी में फंस गया।

# हर घर जल योजना के गड्ढों में औंधे मुंह गिर रहे ग्रामीण


हर घर जल योजना के तहत ठेकेदार द्वारा खोदी गई सड़क दोबारा मरम्मत के अभाव में बदहाल। अमृत विचार

कछौना, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में हर घर जल से जल पहुंचने की योजना में अधिकारियों और कार्यदायी संस्था की हीला हवाली ने सड़कों को ध्वस्त कर दिया। पाइपलाइन के लिए सड़कों को खोदने के बाद समुचित तरीके से बंद नही किया गया। जिसका खामियाजा ग्रामीण जनता को उठाना पड़ रहा है। मामले की शिकायत जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव से भी की गई है।

सरकार एक तरफ जल मिशन के तहत हर घर जल के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए शत-शत प्रयासरत है, परंतु विभागीय अधिकारी व कार्यदायीं संस्था की उदासीनता के चलते ठेकेदार मानकों को ताक पर रखकर कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय जल मिशन जीवन के अंतर्गत कार्य योजना में विकासखंड कछौना की समस्त गांव में कार्य चल रहा है। फेस प्रथम द्वितीय तृतीय चरणों में कार्य चलाया जा रहा है। कार्यकारी संस्था द्वारा ग्राम पंचायत में सीवर लाइन व पाइपलाइन बिछाने के लिए ग्रामों की सड़कों को आरसीसी खड़ंजा इंटरलॉकिंग खोद डाली है। वह कार्यदायीं संस्था हैदराबाद की स्ट्रक्चर कंपनी नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड को दिया गया है। कंपनी ने पानी की टंकी के निर्माण, पाइपलाइन बिछाने व कनेक्शन के लिए अलग-अलग अस्थाई ठेकेदारों को कार्य दे रखा है। गांव की पूरी सड़कों को बेहतरीन तरीके व मानकों को ताक पर रखकर कार्य कराया जा रहा है। इन सड़कों को निर्धारित अवधि में ठीक नहीं कराया गया, जमकर घोर लापरवाही की गई है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण ग्रामीणों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है। कई बार पशु, वृद्धजन और बच्चे इन गड्ढों की चपेट में आने से चुटहिल हो चुके हैं। कई स्थानों से स्कूली वाहन पलटने की घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। खोदी गई सड़के बाद गलियां दुरुस्त न होने की राह ताक रही है। कहीं-कहीं ग्रामीणों ने मजबूर होकर खुद ही खराब सड़कों को ठीक कराया है।

विकासखंड कछौना की ग्राम सभा त्यौरी मतुआ, समसपुर, बर्राघूमन, कामीपुर, ज्ञानपुर, खजोहना, दीननगर गाजू, फत्तेपुर, बरवा सरण्ड, बालामऊ गांव में पांच वर्षों से ज्वलंत समस्या झेल रहें है। पाइपलाइन खराब पड़ी होने के कारण जगह-जगह लीकेज की समस्या से जगह-जगह जल भराव की समस्या बनी है। काफी क्षेत्र में खराब पाइपलाइन नहीं बदली गई है, जिससे ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। वहीं लोन्हारा ग्राम सभा में दो वर्षों से दोनों पानी की टंकी शोपीस बनी है। तकनीकी खराबी के चलते दर्जन ग्रामीणों के ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। पानी की टंकी का पानी खुला में छोड़ दिया जाता है। जिससे बड़े- पैमाने पर पानी की बर्बादी हो रही हैं। ग्राम प्रधानो क्षेत्र पंचायत की शिकायत पर सदस्य विधानसभा परिषद अशोक अग्रवाल ने पूरे मामले को सदन में उठाया था, गांव की तस्वीर को बदरंग कर दिया।

> खराब प्रगति कार्य मानक के अनुसार ठीक न कराए जाने वालों ग्रामों की जांच कराई जाएगी। किसी तरह लापरवाही क्षम्य नहीं हैं। निर्माण कार्य में अनिमितताओं पर दोषी लोगों पर कार्यवाही की जाएगी, तय समय में कार्य कराया जाएगा। हर घर को नल से जोड़ना एक महत्वकांक्षी योजना है। योजना से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 18001212164 पर शिकायत कर सकते हैं।
> **-एमपी सिंह**, जिलाधिकारी

### मंत्री से शिकायत पर अवर अभियंता ने किया निरीक्षण

मंत्री व उच्च अधिकारियों से शिकायत करने पर बीते सोमवार को अवर अभियंता सचिन कुमार ने ग्राम सभा त्यौरी मतुआ के ग्राम बनियनखेड़ा का कार्य स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके की स्थित काफी खराब पाई। ठेकेदारों को तत्काल कार्य ठीक करने का निर्देश दिया। अत्यंत धीमी गति व कार्य न ठीक कराने पर कार्रवाई की बात कही।

### सांसद और विधायक ने कार्रवाई का दिया भरोसा

इस समस्या के बारे में सांसद अशोक रावत ने बताया जिलाधिकारी को अवगत करके शीघ्र कार्य ठीक करने व दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की बात की। क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने बताया ग्राम प्रधानों को जागरूक रहना चाहिए वह अपनी निगरानी में कार्य, कराये और खराब कार्य कराने वाले हीलहवाली पर हमें अवगत कराएं, दोषी कर्मचारी व ठेकेदार पर कार्यवाही कराई जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आकर दो महिलाओं की मौत, 3 लोग घायल

## बालामऊ जंक्शन पर मंगलवार की सुबह तड़के रन-थ्रू ट्रेन से हुआ हादसा, घायलों का चल रहा इलाज

हरदोई

**अमृत विचार।** बालामऊ जंक्शन की अप लाइन पर रन-थ्रू ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए। मंगलवार की भोर पहर हुए इस हादसे से हड़कंप मच गया। जीआरपी की टीम ने दोनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है, जबकि घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मंगलवार की भोर पहर कुछ लोग बालामऊ जंक्शन की अप लाइन पार कर रहे थे, उसी बीच रन-थ्रू ट्रेन आ गई। जिसकी चपेट में आने से सीतापुर ज़िले के गुर पीलिया थाना खैराबाद निवासी अनिल कुमार की 43 वर्षीय पत्नी अनीता और उसी ज़िले के रेउसापुर थाना औरंगाबाद के मुन्ना की 35 वर्षीय पत्नी रोशनी की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि अनीता के पति अनिल के अलावा शकील पुत्र रहमत निवासी औरंगाबाद, और प्रमोद पुत्र मूलचंद निवासी खैराबाद बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। जैसा कि बताया गया है कि अनीता अपने भाई और बुजुर्ग मां के साथ घर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए जंक्शन पर जा रही थी, वहीं रोशनी एक शादी में शामिल होने के लिए अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ बालामऊ में आई हुई थी और लाइन पार कर रही थी। इसका पता होते ही वहां काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। जीआरपी की टीम ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### गम में बदल गईं शादी की खुशियां

रन-थ्रू ट्रेन की चपेट में आने वाले शकील अपनी पत्नी अनीसुन और रिश्तेदारों के साथ शादी में शामिल होने आया था, साथ में रोशनी भी थी। सभी सीतापुर से आने वाली पैसेंजर ट्रेन से उतर कर लाइन पार कर रहे थे, उसी बीच पलक झपकते उधर से गुज़री रन-थ्रू ट्रेन की चपेट में आकर सारी खुशियां चकनाचूर हो गईं।

### घर पहुंचने की जल्दी में गंवा बैठी जान

हादसे का शिकार हुई अनीता की बुज़ुर्ग मां रामकली का बालामऊ के एक नर्सिंग होम में ऑपरेशन हुआ था। जहां से उनकी छुट्टी हो गई थी। अनीता अपने भाई के साथ मां को ले कर घर जाने के लिए रेल लाइन पार कर रही थी, उसी बीच हादसा हो गया।

### तीन भाइयों को वैन ने रौंदा, एक की मौत

हरदोई, अमृत विचार। तीन सगे भाई खेत से काम करने के बाद सड़क के किनारे होते हुए घर वापस जा रहे थे, उसी बीच एक तेज़ रफ्तार वैन उन तीनों को टक्कर मार कर बुरी तरह से रौंदते हुए निकल गई, जिससे तीनों भाई बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए, उसमें से सबसे बड़े भाई की मौत हो गई और दोनों छोटे भाइयों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को टड़ियावां थाने के काकूमऊ निवासी 70 वर्षीय बहादुर पुत्र मितान अपने छोटे भाइयों 62 वर्षीय मधई और 40 वर्षीय बदले के साथ रोज़ की तरह खेत पर काम करने गए हुए थे। जहां काम करने के बाद तीनों सड़क के किनारे होते हुए वापस लौट रहे थे। गांव पहुंचने से पहले ही इधर से तेज़ रफ्तार में जा रही वैन ने उन तीनों को टक्कर मारते हुए उन्हें रौंद दिया और सीतापुर की तरफ भाग गई। हादसे में तीनों भाई बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। इसका पता होते ही गांव के तमाम लोग दौड़ पड़े। तीनों को एम्बुलेंस-108 से इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद बहादुर की मौत हो गई, जबकि उसके दोनों भाइयों मधई और बदले का इलाज चल रहा है। उधर सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में घायल बुजुर्ग की अस्पताल में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** तेज़ रफ्तार बाइक ने रास्ता चल रहे बुज़ुर्ग को टक्कर मार दी थी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया था। उसका इलाज चल रहा था, सोमवार को उसकी 7वें दिन मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली शहर के नरपति पुरवा निवासी 75 वर्षीय बुज़ुर्ग छोटेलाल 30 जनवरी को सांप खेड़ा चौराहे के बगल से निकल रहा था, उसी बीच तेज़ रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। उसका इलाज चल रहा था। सोमवार की शाम को उसकी 7 वें दिन मौत हो गई। बुज़ुर्ग के परिवार में दो बेटे और एक बेटी है।

## बीआरसी पर छह माह से नहीं आ रहा लिपिक, आक्रोश

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लाक संसाधन केंद्र पर तैनात लिपिक के न आने के चलते लगभग 6 माह से शिक्षकों के वित्तीय कार्य प्रभावित बने हुए है। शिक्षकों इंक्रीमेंट नहीं लग पा रहे हैं जिसको लेकर रोष बना हुआ है। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बीआरसी पर धरना प्रदर्शन किया।

सोमवार को जूनियर शिक्षक संघ इकाई मल्लावां ने लिपिक के तैनाती के चलते न आने पर शिक्षकों का इंक्रीमेंट को लेकर धरना प्रदर्शन किया। ऐसे में जूनियर शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार वर्मा ने बताया कि ब्लाक संसाधन केंद्र पर अमित मिश्रा की तैनाती लिपिक पद पर हुई थी। तैनात के छह माह होने बावजूद आज तक बीआरसी पर नहीं दिखे, जिससे शिक्षकों का जनवरी तक का इंक्रीमेंट, इनकम टैक्स और ज्वाइनिंग, एरियर जैसे वित्तीय कार्य प्रभावित बने रहते है। शिक्षक -शिक्षकाओं को मुख्यालय स्थित बेसिक शिक्षा कार्यालय पर जाना पड़ता है। ब्लाक आपरेटर की कमी के चलते भी बीआरसी पर तैनात चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के सहारे चल रहा है। शिक्षकों ने बताया कि लिपिक से वार्तालाप के के बाद धरना खत्म किया गया। वहीं ब्लाक मल्लावां में शिक्षक-शिक्षकाओं का वार्षिक वेतन बढ़ोतरी प्रभावित लिपिक के चलते रुक गई, जिससे शिक्षकों में रोष पनप रहा है।

# सफाई कर्मियों की मनमानी से लगा रहा जाम

हरदोई


शहर के घंटाघर रोड पर बीच सड़क पर लोडर खड़ाकर कूड़ा भरते सफाई कर्मी।

**अमृत विचार।** शहर के हालात ऐसे हो चुके हैं कि सुबह हो या शाम, किसी न किसी मोड़ पर जाम से ज़रूर सामना होगा। वैसे तो इसके लिए पब्लिक की गलती दी जाती है, लेकिन सच तो यह है कि सरकारी ताम-झाम ही ऐसे हालात पैदा करने के लिए काफी है। मंगलवार को शहर के घंटाघर रोड जहां काफी भीड़-भाड़ रहती है, पर नगर पालिका परिषद का लोडर बीचों-बीच सड़क पर खड़ा कर उस पर कूड़ा भरा जा रहा था, ऐसा करीब 25 मिनट तक होता रहा, नतीजतन वहां जाम लग गई।

सड़क में जाम लगनी कोई नई बात नहीं है, सुबह हो या शाम, अमूमन किसी न किसी मोड़ पर जाम जंजाल बनी रहती है। इतना ही नहीं खुद डीएम साहब भी इसके शिकार हो चुके हैं, शायद उन्हे पता है या नहीं, लेकिन मंगलवार को घंटाघर रोड की जो तस्वीर आंखों के सामने आई, उससे साफ पता चलता है कि सरकार के लोग ही जाम के जंजाल जैसे हालात पैदा कर रहें हैं। वैसे तो शहर में कई कूड़ा घर बनाए गए हैं और उनमें इकट्ठा होने वाला कूड़ा लोडर और जेसीबी की मदद से उठाया जाता है। मंगलवार की सुबह नगर पालिका परिषद का एक लोडर घंटाघर रोड पर बीचों-बीच सड़क पर खड़ा कर रखा था और जेसीबी की मदद से उसमें कूड़ा भरा जा रहा था। लोडर के सड़क पर आड़े-तिरछे खड़े रहने से वहां करीब 25 मिनट तक रास्ता बंद रहा।

### फंसी रहीं स्कूली गाड़ियां और बिलबिलाते रहे बच्चे

शहर का घंटाघर रोड पर काफी भीड़-भाड़ रहती है। एक सुबह के वक्त ज़्यादातर उधर से ही स्कूली गाड़ियां हों या फिर साइकिल या रिक्शे से स्कूल जाने वाले बच्चे निकलते हैं। मंगलवार की सुबह लगी जाम में कई स्कूली गाड़ियां फंसी रहीं, उसमें सवार या साइकिल और रिक्शों से जाने वाले बच्चे देरी होने पर बिलबिलाते हुए देखे गए।

## सार-संक्षेप


ग्राम प्रधान को सम्मानित करती चेयरपर्सन रोशनी नादर। अमृत विचार

### ग्राम प्रधान संपूर्णानंद को मिला 'चेंजमेकर अवार्ड'

**हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम प्रधान को अपनी पंचायत में कराए जा रहे विकास कार्यों को लेकर नई दिल्ली में एक फाउंडेशन टेक्नोलॉजी की चेयरपर्सन रोशनी नादर ने सम्मानित किया। ग्राम प्रधान संपूर्णानंद एक फाउंडेशन के वार्षिक कार्यक्रम ' पार्टनरिंग फॉर चेंज' में एक पैनल डिस्कशन का भी हिस्सा बने। नई दिल्ली के 'इंडिया हैबिटैट सेन्टर' में आयोजित हुए इस कार्यक्रम से देश भर के गैर सरकारी संस्थाओं ने हिस्सा लिया। ग्राम प्रधान संपूर्णानंद ने कहा कि जिस तरीके से फाउंडेशन जनहित में काम कर रही उसी तरीके से सारी कंपनिया जमीन पर काम करें तो हमारा देश विश्व में नंबर एक पर होगा। ग्राम प्रधान संपूर्णानंद अपने गांव का विकास करने में नहीं छोड़ रहे कोई कसर, गांव में विकास के लिए न सिर्फ कर रहे सरकारी मशीनरी का भरपूर उपयोग बल्कि पीपीपी मॉडल को भी धरातल पर ला रहे।

### जहरीला पदार्थ खाकर दो युवकों ने की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** अलग-अलग क्षेत्रों में दो युवकों ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। कोतवाली शहर के चुन्नीपुरवा निवासी देवेंद्र के 20 वर्षीय पुत्र दाताराम ने सोमवार को किसी बात से नाराज़ हो कर ज़हर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ मल्लावां कोतवाली के काज़ीपुर फरहत नगर निवासी 32 वर्षीय विमलेश की ज़हर खाने से हालत बिगड़ गई, घर वाले पहले उसे सीएचसी ले गए, जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहां विमलेश की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्ज़े में लेते हुए उनका पोस्टमार्टम कराया है। इस बारे में उन दोनों के घर वाले फिलहाल कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं।

### 10 हज़ार का इनामी गो तस्कर गिरफ्तार

**हरदोई।** कासिमपुर पुलिस ने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बरामद हुए गोवंशो की तस्करी करने में 10 हज़ार के एक और ईनामी तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि पिछले साल 26 नवंबर को कासिमपुर पुलिस ने लखनऊ .आगरा एक्सप्रेसवे पर गोवंशो से भरा हुआ ट्रक बरामद किया था। इस मामले में केस दर्ज करने के बाद पुलिस गहराई से छानबीन कर रही थी। 14 जनवरी को एक गौ तस्कर गुलफाम उर्फ मिचनू को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद मंगलवार को औरास तिराहे से फरार चल रहा 10 हज़ार के ईनामी गौ तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना गुलज़ार निवासी अफसरिया थाना पट्टी कानपुर देहात बताया है।

### डा. स्वर्ण रेखा के नाम हुआ आइडियल बुक ऑफ रिकॉर्ड

**हरदोई।** कवियत्री और सुरसा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दहिती सल्कूपुर में तैनात शिक्षिका डाण्स्वर्ण रेखा मिश्रा ने एक बार फिर ज़िले को बुलंद पहचान दी है। शहर के राधा नगर की डा. मिश्रा ने आइडियल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज किया है। रेखा मिश्रा ने बताया कि नव प्रज्ञा काव्य फाउंडेशन के तहत एक सुपर 50 संपादक और लेखक ग्रुप बनाया गया है। जिसकी वे भी सदस्य है। उसी ग्रुप के द्वारा एक महीने के भीतर रिकॉर्ड 50 अलग .अलग विषयों पर संपादन किया गया और उसी में उनका नाम आइडियल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया। बताते चलें कि कवियत्री और शिक्षिका डा . स्वर्ण रेखा मिश्रा को पहले भी कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। आइडियल बुक ऑफ रिकार्ड उनके नाम होने से हर तरफ खुशी का माहौल है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** पिपरिया-अनंगपुर मार्ग पर भट्ठे के निकट एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम सहसोगा निवासी रिंकू सिंह (27) अनगपुर से वापस घर जा रहा था। अनगपुर के भट्ठे के निकट वह जैसे ही पहुंचा। विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।



### हंसी-ठिठोली के बीच हुई राम की कलेवा

**हरदोई, अमृत विचार।** नुमाइश मैदान में चल रही रामलीला में सीताराम विवाह का लीला का धूमधाम से मंचन किया गया। हंसी-ठिठोली के बीच राम की कलेवा हुई। वृंदावन धाम से आए श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान के संचालक स्वामी कन्हैयालाल दात्रेय के निर्देशन में लीला का मंचन हुआ। जिसमें राम की बारात बड़ी भव्यता से नगर में निकाली गई, उसके बाद मिथिला की सुभाषनी चारों भाइयों को विवाह मंडप के लिए उनके पिता से मांग कर ले आती हैं। सभी सुभाषिनी मिथिला पद्धति के अनुसार हास्य परिहास किया, फिर दुल्हन परीक्षण कराया। जिसमें की चारों भाइयों को उनकी दुल्हन देकर जनक ने कन्यादान किया।

## दो दिन तक बारिश के बाद मंगलवार को निकली धूप

हरदोई

**अमृत विचार।** जिले में लगातार मौसम में परिवर्तन हो रहा है। रविवार को पूरे दिन बूंदाबांदी होती रही, वहीं सोमवार को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। तेज हवाओं ने शीत लहर को भी बढ़ा दिया, वहीं मंगलवार का दिन लोगों के लिए राहत भरा रहा।

सुबह कुछ देर बादल रहने के बाद दोपहर धूप निकल आई जो पूरे दिन छायी रही। दो दिन बाद खिली धूप में लोगों ने जमकर आनंद उठाया। जगह-जगह खिली धूप सेकते लोग दिखाई पड़े। बेजुबानों ने भी धूप का आनंद लिया। बताते चलें कि जिले में लगातार मौसम का बदलाव जारी है। दो दिन के बाद मंगलवार को मौसम खुलने से तापमान में बढ़ोत्तरी हुई। मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे दिन सात किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने मौसम को सर्द रखा। इसके बावजूद खिली धूप ने लोगों को ठंड से राहत दिलाई।

## सभी पिछड़ों को हक दिलाया जाना आवश्यक : आशीष

हरदोई

**अमृत विचार।** ब्लॉक स्तरीय संवाद कार्यशाला कार्यक्रम के तीसरे दिन मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि सामाजिक न्याय के माध्यम से समाज के प्रत्येक पिछड़े तबके को उनका हक दिलवाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि देशभर में सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना करवाना जननायक राहुल गांधी एवं इंडिया गठबंधन का कमिटमेंट है । देश के हर प्रदेश में आदिवासी, पिछड़े और गरीब लोगों की जमीनें छीनकर अडानी को दी जा रही है। इस तरह पिछड़ों, आदिवासियों और गरीबों की जमीनें उनके पास से निकलकर सीधा पूंजीपतियों के हाथ में जा रही है। ब्लाक पिहानी में ब्लॉक प्रभारी शशिबाला वर्मा व ब्लॉक अध्यक्ष अकील खान द्वारा एवं ब्लॉक् हरियावां में ब्लॉक प्रभारी शकील खान व ब्लॉक अध्यक्ष सुदामा प्रसाद ने संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्लॉक सांडी में ब्लॉक प्रभारी श्रीराम अनिल व ब्लॉक अध्यक्ष डॉ सीपी सिंह द्वारा संवाद कार्यशाला आयोजित की गई। अहिरोरी में ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र वर्मा द्वारा व हरपालपुर में जिला महासचिव अरविंद शुक्ला ने जन संवाद किया।

अभियान | क्षय रोग विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने परखी हकीकत

# टीबी मरीजों से मिलकर टीम ने जाना हाल

हरदोई


गांव का निरीक्षण करती राज्य स्तरीय टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षय रोग विभाग की राज्य स्तरीय 9 सदस्यीय टीम तीन दिन के लिए जिले में आई हुई है। सोमवार और मंगलवार को टीम ने डीटीसी, कछौना, संडीला, बम्नाखेड़ा, भरावन, सवायजपुर, शाहबाद, सांडी, मल्लावां, हरपालपुर टीबी यूनिट का निरीक्षण किया। टीम ने मरीजों के घर पहुंचकर उनका हालचाल लिया। डॉट्स सेंटर और आरोग्य मंदिर पहुंचकर जमीनी हकीकत देखी।

बुधवार को यह टीम कर्मचारियों के साथ बैठक करके सीएमओ और डीएम को रिपोर्ट सौंपकर वापस जाएगी। 2025 तक देश को टीबी मुक्त करना है। इसकी हकीकत खंगालने के लिए राज्य स्तरीय टीम सोमवार को अचानक आ पहुंची। उसने फील्ड में उतरकर सब चेक किया। टीम में शामिल डॉ आरपी गुप्ता, डॉ सृष्टि, डॉ बालिगा, डॉ नीतू सुरेश, डॉ नरेंद्र, अभिनव कुमार, आनंद, परवेंद्र सिंह, शैलेन्द्र ने विभिन्न टीबी यूनिट में जाकर कार्यक्रम से संबंधित जानकारी हासिल की। फील्ड में विजिट कर मरीजो का हालचाल लिया। इसके बाद इन लोगों ने अभिलेखों की पड़ताल भी की।

टीबी को दूर भगाने की रूपरेखा के बारे में आशाओं से विचार-विमर्श किया। प्राईवेट डॉक्टरों से भी मिले। टीम में शामिल डब्लू एचओ कंसल्टेंट डॉ नीतू सुरेश ने कर्मचारियों से कहा कि 2025 तक देश को टीबी मुक्त करना है। इसके लिए हमें टीबी रोग से ग्रसित मरीजों को गंभीरतापूर्वक चिह्नित करना होगा। गोद लिए गए टीबी रोगी को नियमित दवा खिलाना व पौष्टिक आहार देना एक बड़ी जिम्मेदारी का काम है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिलग्राम, जनपद हरदोई**

पत्र सं: 246/न0पा0परि0बिल0 /भवन मानचित्र/2023-24 दिनांक: 05/02/2024

सार्वजनिक सूचना (भवन मानचित्र स्वीकृत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मो0 तारिक पुत्र स्व0 इकतदा हुसैन, निवासी- मो0 मलकण्ठ कस्बा व परगना व तहसील बिलग्राम जनपद हरदोई ने भवन मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रार्थना पत्र 24.01.2024 को प्रस्तुत किया है। जिसमें अपने पुस्तैनी मकान जो कि प्रार्थी के पिता स्व0 इकतदा हुसैन के नाम दर्ज है। इकतदा हुसैन के उत्तराधिकारियों ने अपनी-अपनी सहमति दे दी है। जिसमें मो0 मलकण्ठ अन्दर नगर पालिका बिलग्राम जनपद हरदोई में स्थित जर्जर मकान का भवन का नव निर्माण करना चाह रहा है। जिसकी चौहद्दी निम्नवत् है ।

पूरब में -नगर पालिका रोड
पश्चिम- मकान मुशर्रफ हुसैन
उत्तर -6 फिट गैलरी मुशर्रफ हुसैन
दक्षिण -गैलरी 4 फीट मकान मेराजुद्दीन

इस भवन मानचित्र स्वीकृत प्रार्थना पत्र पर यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो एक माह के अन्दर नगर पालिका में कार्यालय अवधि में दे सकता है। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात् किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बिलग्राम, हरदोई

## एक नजर

### हमलावरों को बचाने का प्रयास कर रही पुलिस

**हरदोई, अमृत विचार।** बघौली पुलिस ने बाइक सवारों युवकों पर हमला कर घायल करने के मामले में हमलावरों को बचाने का प्रयास कर रही है। पीड़ितों के परिजनों ने ऐसा आरोप लगाया है। बताया कि तहरीर पर एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए उन्हें लाभ पहुंचाया गया। जख्मी हुए युवक के अधिवक्ता भाई ने पुलिस के इस रवैए की शिकायत की है। बघौली थाने के मढ़िया मजरा गडेउरा निवासी अधिवक्ता श्यामलाल दीक्षित ने कहा है कि उसके भाई धीरू उर्फ वेदप्रकाश दीक्षित की मसीत में रेडीमेड गारमेण्ट की दुकान है। 2 फरवरी को धीरू दुकान बंद कर अपने साथियों वारिस निवासी मसीत और अरुण उर्फ राजकुमार निवासी केशवन के साथ बाइक से घर लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में उन तीनों के सिर के ऊपर हमला कर दिया गया। इतना ही नहीं हमलावरों ने एक जख्मी युवक को बंधक भी बना लिया। अधिवक्ता का कहना है कि रज़्जाक को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों की तरफदारी करते हुए उनकी तहरीर पर पीड़ितों पर ही एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**शाहाबाद, हरदोई।** शाहाबाद स्टेशन मार्ग पर गढ़ी मोहल्ले में एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी हालत में उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। मंझिला थाना क्षेत्र के टुरकुमी निवासी वसीम 45 पुत्र अली मोहम्मद 7:00 बजे के लगभग बाइक से अपने घर वापस जा रहा था। मोहल्ला गढ़ी के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वसीम गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### जैनेन्द्र बने मंडल अध्यक्ष

**भरखनी, हरदोई।** भाजपा ने जैनेन्द्र प्रताप सिंह को दूसरी बार अनंगपुर मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर समर्थकों ने उन्हें बधाइयां दी।

# हरपालपुर कोतवाली परिसर में छुट्टा गोवंशों का जमावड़ा

## 14 गौशालाओं में 2300 गोवंश संरक्षित करने का किया जा रहा दावा, फिर भी नहीं मिल पा रही निजात

हरपालपुर, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली हरपालपुर परिसर में एक सैकड़ा आवारा गोवंशों ने अपना डेरा बना लिया है। जो रात में किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। जिस पर अधिकारियों की नजर नहीं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़कों से लेकर खेतों तक घूम रहे गोवंशों को हर हाल में संरक्षित कर गौशालाओं में भेजने के निर्देश दिए थे, परन्तु अफसरों की उदासीनता के चलते सीएम का फरमान हवा हवाई साबित हो रहा है।

हरपालपुर कोतवाली में बने नवनिर्मित आरक्षी भवन के सामने व पुरानी बिल्डिंग को तोड़कर जो खाली जगह है। उसमें एक सैकड़ा आवारा गौवंश बैठे नजर आ रहे हैं। जो रात में किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। हरपालपुर ब्लाक मुख्यालय एवं कोतवाली अगल बगल में ही है, लेकिन अधिकारियों की इन पर नजर नहीं जा रही है। कड़ाके की सर्दी में किसान फसलों की रखवाली करने को मजबूर हैं। हरपालपुर विकास खंड में 14 ग्राम पंचायत में लाखों रुपए का बजट खर्च करके गौशालाओं का निर्माण कराया गया। जिसमें 2300 पशु संरक्षित किये जा चुके हैं, लेकिन फिर भी खेतों से लेकर सड़क एवं हरपालपुर के सरकारी दफ्तरों में टैग लगे आवारा गोवंशों का हुजूम देखने को मिल रहा है। आवारा गोवंशों से क्षेत्र को निजात दिलाने के लिए बराँ गांव में एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से 200 पशुओं को संरक्षित करने के लिए गौशाला का निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। खंड विकास अधिकारी राजीव गुप्ता ने बताया कि दहेलिया गांव में गौशाला के लिए जमीन देखी जा रही है। टैग लगे गौवंशों के सड़कों पर घूमने के सवाल पर बोले कि छोड़ने वाले पशुपालकों के खिलाफ जांच कराकर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।


पुरानी बिल्डिंग परिसर और आरक्षी भवन के सामने बैठे छुट्टा गोवंश। अमृत विचार



### एसपी ने तीन इंस्पेक्टर और एक सब इंस्पेक्टर को दी नई तैनाती

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ सण्डीला रहे नित्यानंद सिंह के लाइन हाजिर होने पर वहां की ज़िम्मेदारी एसएचओ कासिमपुर विजेंद्र सिंह को दी है। साथ ही एएचटीयू के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामलखन को कासिमपुर का एसएचओ बनाया है। एसपी श्री गोस्वामी ने एसएचओ कासिमपुर इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह को सण्डीला कोतवाली का एसएचओ बनाया है। वहीं एएचटीयू के इंचार्ज रामलखन को कासिमपुर भेजा है। पुलिस लाइन में तैनात इंस्पेक्टर उमेश त्यागी को एएचटीयू के इंचार्ज होंगे, साथ पुलिस लाइन में ही तैनात इंस्पेक्टर संजय त्यागी को क्राइम ब्रांच की कमान सौंपी गई है।

# राशन कार्डों के सत्यापन कार्य में लाएं तेजी

हरदोई

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग तथा डूडा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्डों के सत्यापन में तेजी लायी जाए। राशन की रिक्त दुकानों के लिए जल्द प्रस्ताव कराए जाएं। प्रस्ताव में शासनादेश का पूरी तरह अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर निकायों में राशन कार्डों का सत्यापन जल्द पूरा कराया जाए। नगर निकायों में निर्माणाधीन राशन की मॉडल शॉप का कार्य जल्द पूरा कराया जाए। नगर निकायों में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी कार्य पूरे किये जायें। लापरवाही करने पर संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत धीमी प्रगति पर नगर पालिका हरदोई व मल्लावां के अधिशासी अधिकारियों को उन्होंने कड़ी फटकार लगाई। बेसिक शिक्षा अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य की अलग-अलग ग्रामीण व नगरीय स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाए। स्वनिधि से समृद्धि कैम्पों का आयोजन सभी नगर निकायों में किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में बोलते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

### डीएम ने की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कर-करेत्तर की बैठक की। कहा कि लक्ष्य के अनुरूप प्रगति हासिल की जाए। आईजीआरएस के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय के प्रबंधक और दो लिपिकों के खिलाफ केस

## छात्रों को स्मार्टफोन वितरण में वसूली का है आरोप

माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पीएल वर्मा टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज डकौली में गत दिनों स्मार्टफोन वितरण के दौरान वसूली का वीडियो वायरल होने को लेकर संबंबिधत अधिकारियों ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे।




सोमवार देर रात खण्ड विकास अधिकारी प्रवीन कुमार ने जिलाधिकारी के निर्देश पर दो बाबू सहित महाविद्यालय प्रबंधक के विरुद्ध जालसाजी का मामला दर्ज कराया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के साथ-साथ जनपद के स्कूल संचालकों में हड़कम्प मच गया है। मामला दर्ज होने के उपरान्त थाने के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव कुमार ने दर्ज हुए मामले की जानकारी मीडिया को देने से मना कर दिया है। उनका कहना है कि गोपनीय जानकारी साझा करने का अधिकार उन्हें नहीं है। उधर वादी पक्ष के खण्ड विकास अधिकारी ने भी खुद को महत्वपूर्ण ट्रेनिंग में होने की जानकारी बताई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि दो लिपिकों और विद्यालय प्रबंधक के विरुद्ध बीडीओ ने धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### गंभीर मामलों को दबाने का प्रयास करती है पुलिस

महाविद्यालय के दो बाबू व प्रबन्धक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मीडिया को जानकारी न देने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी गम्भीर धाराओं में दर्ज होने वाले मुकदमों की जानकारी छिपाने का कार्य जारी है। पुलिस के रवैया को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन बिलग्राम तहसील के पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त किया है।

# आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में काजल रहीं अव्वल

हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में पांच दिवसीय युवा महोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास के बीच प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

पहले दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपने हुनर दिखाए। तत्पश्चात युवा महोत्सव के तहत आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता डॉ. श्वेता के निर्देशन में संपन्न हुई। जिसमें प्रथम स्थान पर काजल वर्मा बीए तृतीय वर्ष, सोनाली श्रीवास्तव बी ए तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान पर, अनुष्का गुप्ता बी ए द्वितीय तृतीय स्थान पर रहीं तथा शगुन शुक्ला बी ए प्रथम वर्ष, ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ अंजू के निर्देशन में मेहंदी प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें सुमेरा बानो (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, अनन्या शुक्ला (बीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय व अंशिखा गुप्ता (बीए तृतीय) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता कु. प्रियंका आर्या के निर्देशन में आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की सेमल गुप्ता प्रथम स्थान पर, मेघना त्रिपाठी द्वितीय तथा निहारिका शुक्ला तृतीय स्थान ( दोनों ही बी ए प्रथम वर्ष से) पर रहीं। आरती थाल सज्जा प्रतियोगिता प्रो सरिता यादव और डॉ जायरा जैदी के संयुक्त निर्देशन में संपन्न हुई। आरती थाल सज्जा में वर्षा कश्यप (बीए द्वितीय वर्ष) को प्रथम स्थान पर, तनु सिंह( बीए तृतीय वर्ष )द्वितीय तथा स्वाति शुक्ला (बी ए तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक तथा अनुशासन समिति की छात्राएं मुस्कान कश्यप, उम्मैया, सेमल, अक्षिता, इशिका, रूशदा, श्रेया द्विवेदी, कंचन प्रभा मुस्कान, दिशा, अनुष्का, वैष्णवी, स्वेक्षा, काजल, पल्लवी, गुनगुन, श्रद्धा आदि का विशिष्ट सहयोग रहा।


विद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्राएं। अमृत विचार

### पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, दी तहरीर

**हरपालपुर, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के चतरखा बरनई गांव निवासी लालू ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार की शाम वह मां रामकली, चाची लीला के साथ दरवाजे पर मौजूद था। उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही कैलाश, रामविलास, कैलाश की पत्नी एवं रामविलास की पत्नी गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे पक्ष से चतरखा बरनई गांव निवासी राजेश्वरी पत्नी रामविलास ने थाने में दी गई तहरीर में गांव के लालू, रामचरन एवं रामचरन की पत्नी पर लाठी डंडो से हमला करने का आरोप लगाया है।

## सार-संक्षेप

### कामरेड ने कर्मचारियों की सुनी समस्याएं

**हरदोई, अमृत विचार।** हरदोई रेलवे स्टेशन पर सोमवार को कर्मचारी यूनियन एनआरएमयू ब्रांच काउंसिल बैठक हुई। जिसमें मुरादाबाद मंडल से आए कामरेड सुहेल खालिद ने कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों का कहना था कि उन्हें सेफ्टी गियर के रूप में जूते दिए जा रहे हैं जो कि उनको फिट नहीं होते हैं सभी कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस दिया जाए। इसी प्रकार कौढ़ा स्टेशन पर विद्युत की पावर कम आने के संबंध में भी विचार किया गया। टूटी चहारदीवारी लगाने के लिए भी बातचीत की गई। इसी प्रकार विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत भी हुई। इन सबके संबंध में कामरेड सुहेल खालिद ने मंडल मुरादाबाद के उच्च अधिकारियों को पूरी बात बताई और इसका अतिशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कर्मचारी यूनियन के सभी सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य रूप से शाखा सचिव शैलेश कुमार तिवारी, शाखा अध्यक्ष बीके श्रीवास्तव, अजय कुमार पांडे, हरद्वारी लाल व अभिषेक कुमार सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखें।

### फरार चल रहे 302 के आरोपी पर दर्ज हुई धारा 174-ए

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने कोर्ट से जारी हुए गैर ज़मानती वारंट और 82 की कार्रवाई के बाद भी फरार चल रहे धारा 302 के सरेंडर न करने पर उसके खिलाफ धारा 174-ए के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। एसएचओ बेहटा गोकुल राजवीर सिंह पुत्र चन्द्रपाल सिंह ने दी तहरीर में कहा है कि थाने के हसनापुर निवासी कमल देव पुत्र राम रतन के खिलाफ धारा 302 का केस दर्ज है। उस केस की जांच उन्ही के पास है। लगातार दबिश देने के बाद भी कमल देव की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पिछले साल 13 अक्टूबर को कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर ज़मानती वारंट जारी किया, लेकिन फिर भी उसने कोर्ट में सरेंडर नहीं किया। उसके बाद कोर्ट ने उसी साल 22 दिसंबर को 82 की कार्रवाई की,जिसे 25 दिसंबर को तामील करा दिया गया। लेकिन आरोपी कमल देव हाज़िर नहीं हुआ। फरार चल रहे कमल देव के खिलाफ एसएचओ बेहटा गोकुल की तहरीर पर धारा 174-ए के तहत केस दर्ज किया गया है। जिसकी जांच एसआई कौशल किशोर यादव को सौंपी गई है।


आधी-अधूरी बनाकर छोड़ी गई सड़क। अमृत विचार

### आधी अधूरी बनाकर छोड़ दी गई सड़कें

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर की प्रमुख सड़क को आधा अधूरा बनाकर छोड़ देने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके चलते कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगो ने इसे जल्द कार्य पूरा कराने की मांग की है। बिलग्राम नगर के थाने के पीछे से बस्ती को जाने वाली सड़क काफी सालों से जर्जर अवस्था में पड़ी थी जिसे बनवाने के कयी सालों से प्रयास किये जा रहे थे इसी सड़क से नगर की 70 प्रतिशत जनता आवागवन करती है हाल ही में इस सड़क के दिन बहुरे थे और बिलग्राम नगर पालिका परिषद के द्वारा कार्य कराया जाना प्रारंभ हुआ था लोगों को काफी खुशी महसूस हुई थी कि अब इस सड़क को बनाया जायेगा जिसमे नगर वासियों को मिलने वाले हिचकोलों से निजात मिलेगी सड़क को दो भागों में बनाया जाना था लेकिन पालिका ने राज्यवित्त से 310 मीटर सड़क को 28 लाख रुपए की लागत से एक भाग बनाकर छोड़ दिया गया जबकि लगभग 325 मीटर अभी भी सड़क का निर्माण कार्य होना बाकी है आधी अधूरी बनी सड़क से नगर की आधी से ज्यादा आबादी को कोई राहत नहीं मिली है अभी भी लोगों को टूटी सड़क से निकलना पड़ रहा है। सभासद प्रतिनिधि अमन ने बताया कि कई महीनो से नगर पालिका ने आधी अधूरी सड़क बनाकर छोड़ दी है और बाकी बची सड़क को खोद कर डाल दिया है जिसका कोई पूछने वाला नहीं है नगर पालिका परिषद के द्वारा बताया गया है की राज्यवित से आधी सड़क बनाई जा चुकी है, शेष सड़क के जिले से स्वीकृत मांगी गयी है जैसे ही स्वीकृत मिल जाएगी शेष कार्य भी जल्द दिया जाएगा।

# घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** बिजली की बार-बार होने वाली ट्रिपिंग को रोकने के लिए विभाग द्वारा पेड़ों की कटाई का कार्य किया जा रहा है, जिससे मंगलवार को उपभोक्ताओं को 6 घंटे बिजली नहीं मिल सकी। अघोषित बिजली कटौती का दंश झेल रहे उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। बार-बार की ट्रिपिंग की समस्या उत्पन्न कर रहे पेड़ों की कटाई का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे से शाम पांच बजे तक पेड़ों की कटाई का कार्य किया गया। जिससे तकरीबन छह घंटे तक बिजली सप्लाई पूरी तरह से बाधित रही। बिजली सप्लाई बाधित होने की वजह से उपभोक्ताओं को जहां परेशानियां उठानी पड़ी, वहीं दुकानदार भी परेशान रहे। शाम तकरीबन 5:20 पर बिजली सप्लाई चालू की गई।

### बरगावां में पिछले 18 घंटे से गुल है बिजली

**हरियावां।** बिजली को लेकर योगी सरकार काफी सख्त है, लेकिन फिर भी ज़िम्मेदार लापरवाह हैं। हालत तो यह है कि बरगावां में पिछले 18 घंटों से बिजली की सप्लाई ठप पड़ी हुई है। लेकिन वहां के ज़िम्मेदार हाथ समेटे हुए है। बताया गया है कि ज़िम्मेदार बिजली के मसलें पर सरकार की किरकिरी करने पर आमादा है। तकरीबन 18 घंटे से बरगावां फीडर की सप्लाई ठप है। इस फीडर बमुश्किल 8 घंटे भी बिजली नही मिल पा रही है। कई दिनों से बरगावां का ट्रांसफार्मर फुंका हुआ पड़ा है। लोगों के बार-बार कहने के बाद भी उसे ठीक नहीं कराया गया। इतना ही नहीं जेई इस बारे में कुछ भी बताने से साफ इंकार कर रहें हैं। उनका कहना है कि उन्हें कुछ भी पता नहीं।

### जेठ पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ककरघटा में एक महिला ने अपने जेठ पर मारपीट करने और घर से निकाल देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। क्षेत्र के ग्राम ककरघटा निवासी चंदा पत्नी वीरू ने बताया उसका पति बाहर में मजदूरी करता है। वह गांव में अपने छोटे बच्चों के साथ रहती है। मंगलवार को मामूली बात पर जेठ बुद्धा पुत्र सियाराम ने उसके साथ मारपीट की और बच्चों सहित घर से निकाल देने की धमकी दी।

# गन्ना लदे ट्रक से कुचल कर बीए के छात्र की मौत

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** स्मार्टफोन के लिए फार्म जमा करने के बाद बाइक से वापस लौट रहे बीए के छात्र को गन्ने से लदे ट्रक ने टक्कर मारते हुए उसे बुरी तरह से कुचल दिया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। उस बीच ड्राइवर ट्रक को वहीं छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने शव के साथ गन्ने से लदे ट्रक को अपने कब्ज़े में ले लिया है।

मझिला थाने के लोकपुर मजरा कुसुमा निवासी बाबूराम का पुत्र आकाश (23) स्वामी ब्रह्मानन्द डिग्री कालेज आगमपुर में बीए का छात्र था। आकाश मंगलवार को योजना के तहत दिए जा रहे स्मार्टफोन का फार्म जमा करने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी बीच रास्ते में शाहाबाद-पाली रोड पर जमलापुर गांव के पास रूपापुर शुगर मिल जा रहे गन्ने से लदे ट्रक ने उसे टक्कर मारी, जिससे छात्र उसके नीचे आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

# डग्गामारी में चलाए जा रहे गार्बेज ई-लोडर

हरदोई

**अमृत विचार।** जिला पंचायत राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में कूड़ा उठाने के लिए सप्लायरों के माध्यम से खरीदे गए गार्बेज ई-लोडर परिवहन विभाग में पंजीकृत रजिस्ट्रेशन ना करवाकर डग्गामारी में चलाए जा रहे हैं, यही नहीं लोडरों का बीमा भी नहीं कराया गया है, जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है।

मालूम हो कि पिछले करीब तीन वर्षों में शाहाबाद, पिहानी, बिलग्राम, सुरसा, सांडी, वावन आदि ब्लाकों की ग्राम पंचायतो में कूड़ा उठाने के लिए जिला पंचायत राज विभाग के माध्यम से गार्बेज ई- लोडर सप्लायरों के माध्यम से खरीदे गए थे, लेकिन अधिकतर लोडरों का परिवहन विभाग आरटीओ ऑफिस में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया और यह ग्राम पंचायतो द्वारा डग्गामारी में चलाए जा रहे हैं बताया तो यह भी जा रहा है कि इन लोगों को सप्लायरों ने कागज तक उपलब्ध नहीं कराए हैं। सप्लायर, ग्राम प्रधान तथा पंचायत सेक्रेटरी गोलमोल कर रहे हैं। ग्रामीण बताते हैं कि यह लोडर ग्राम पंचायत में कूड़ा उठाने के लिए खरीदे तो गए हैं लेकिन इनका निजी तौर पर प्रयोग किया जाता है रजिस्ट्रेशन के संबंध में जब आरटीओ विभाग से संपर्क करने की कोशिश की गई तो मोबाइल से संपर्क नहीं हो सका।




### कूड़ा उठाने के लिए खरीदें गए कुल 95 ई-रिक्शा

जिला पंचायत राज अधिकारी के अनुसार जिले की ग्राम पंचायतो में कूड़ा उठाने के लिए कुल 95 ई-रिक्शा खरीदे गए हैं। जब इस बारे में उनसे पूछा गया कि क्या खरीदे गए सभी ई-रिक्शा का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन पंजीकरण हो गया है तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। सूत्रों के अनुसार कई ग्राम पंचायतों में खरीदे गए ई-लोडरों (ई- रिक्शा) का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन ही नहीं कराया गया, जिससे कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, उसके बाद जिम्मेदारी किसकी तय होगी। यह गलत की बात है। बताते हैं कि इन खरीदे गए लोडरों का बीमा भी नहीं कराया जा रहा है। कुछ का कराया गया है तो समाप्त हो चुका है। देखना है कि खरीदे गए का ई रिक्शों का परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन और बीमा कराया जाता है या नहीं।

### ई-लोडर और ई-रिक्शा के बीच का फर्क नहीं जानते

जिले के जिला पंचायत राज अधिकारी को शायद ई-लोडर और ई- रिक्शा के बीच का फर्क नहीं पता है। मालूम हो कि जिले की ग्राम पंचायत में कूड़ा उठाने के लिए ई- लोडर खरीदे गए थे, लेकिन जब डीपीआरओ से ई- लोडर की खरीद के बारे में जानकारी की गई तो उन्होंने कहा की ई-लोडर नहीं खरीदे गए ई-रिक्शा खरीदे गए हैं। जब उनसे पूछा गया कि ई-रिक्शा किस लिए खरीदे गए तो बताया कि कूड़ा उठाने के लिए जबकि ई- रिक्शा सवारियां ढोने के लिए होता है। उन्हें बताया गया कि कूड़ा ई-लोडर से उठाया जाता है ई- रिक्शा पर नहीं। फिर भी उन्होंने कहा कि ई-लोडर नहीं खरीदे गए है ई-रिक्शा ही खरीदे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि डीपीआरओ साहब को ई- रिक्शा और ई- लोडर का फर्क ही नहीं मालूम है।

### बेटे को डसने वाले सर्प को पकड़ अस्पताल पहुंचा पिता

**हरदोई, अमृत विचार।** तालाब के किनारे दोस्तों के साथ खेल रहे किशोर को जहरीले सर्प ने डस लिया। इसका पता होते ही लोग शोर मचाने लगे। वहां पहुंचे किशोर के पिता ने सांप को न सिर्फ पकड़ा बल्कि उसे साथ में लेकर मेडिकल कालेज पहुंच गया। टड़ियावां थाने के पुरवा देवरिया निवासी शमशाद का पुत्र मुजीब (13) मंगलवार की शाम दोस्तो के साथ गांव के बाहर तालाब के किनारे खेल रहा था। उसी बीच वहां निकले जहरीले सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसते ही मुजीब चिल्लाने लगा, दोस्त भी चिल्लाते हुए दौड़ पड़े। पता होते ही वहां काफी लोग पहुंच गए। उसी बीच शमशाद ने ज़िंदगी दांव पर लगाकर सांप को पकड़ कर बोरी में बंद कर दिया और बेटे के साथ-साथ उसे भी मेडिकल कालेज लेकर पहुंच गया। जहां सांप को देखने वाले तमाशबीनों की भीड़ लग गई। डाक्टरों ने किशोर को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है।

# मॉकड्रिल : भूकंप से गिरी विकास भवन की इमारत, रेस्क्यू कर लोगों को बचाया

**प्राकृतिक आपदा पर एनडीआरएफ ने जिला प्रशासन के साथ विकास भवन में किया मॉकड्रिल**

सीतापुर



मॉकड्रिल में दीवार काटकर घायल को निकालते एनडीआरएफ के जवान।



विकास भवन के सामने मौजूद एनडीआरएफ की टीम।

**अमृत विचार।** मंगलवार को जिला सीतापुर में एनडीआरएफ टीम एवं जिला प्रशासन की टीमों ने संयुक्त मॉक अभ्यास किया। जिसमें भूकंप से गिरे विकास भवन में फंसे कई व्यक्तियों को रेस्क्यू किया गया। इस मॉक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों व जिला प्रशासन के अधिकारियों, फायर विभाग, जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा बैठक कर इस मॉक अभ्यास की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार की गयी तथा द्वितीय चरण में मोक अभ्यास किया गया।

अभ्यास के दौरान भूकंप से एक विकास भवन की बिल्डिंग के गिरने तथा आग लग जाने का दृश्य रखा गया जिसमे कई लोगों के फंसे होने की सूचना थी, प्रशासन ने सूचना देकर सर्च एवं रेस्क्यू के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम और फायर ब्रिगेड को एवं अन्य एजेंसियों को बुलाया गया। इसमें गिरे हुए भवन के भीतर पहुंच बनाने तथा लोगों को निकालने के लिए दीवार एवं क्षत को काटा गया। फिर मेडिकल टीम ने घायलों को स्थिरता प्रदान करते हुए बाहर निकाला। इसी दौरान कुछ व्यक्ति बिल्डिंग की ऊपर वाली मंजिल पर फंस गए, जिनको एनडीआरएफ ने रोप रेस्क्यू के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतारा। सभी एजेंसियों ने आपसी तालमेल एवं समन्वय से राहत एवं बचाव कार्य को पूरा किया। यह अभ्यास अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तथा 11 एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के दिशा निर्देशन में संचालित किया गया। इसमें 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ के प्रभारी अनिल कुमार पाल, उप कमांडेंट उपस्थित रहे तथा एनडीआरएफ टीम के साथ अग्निशमन विभाग, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, जिला प्रशासन की टीमों द्वारा मॉक का संयुक्त अभ्यास किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य घायल व चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रेस्पोंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी स्टेक होल्डर्स के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मॉक अभ्यास में 11 एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र लखनऊ से आयी एनडीआरएफ की 25 सदस्यीय टीम टीम का नेतृत्व निरीक्षक राम सिंह एवं निरीक्षक अजय सिंह ने किया। इस अभ्यास के दौरान जिला प्रशासन के तमाम अधिकारीगण एवं विभिन्न विभागों के तमाम कार्मिक भी उपस्थित रहे। इस अभ्यास के संचालन में आपदा विशेषज्ञ हीरालाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### बैंक चोरी के मामले में पुलिस नहीं लगा पाई सुराग

**थानगाँव, सीतापुर, अमृत विचार।** गत दिनों इंडियन बैंक में अज्ञात चोरों द्वारा नकब लगाकर चोरी के असफल प्रयास के मामले में पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। न ही चोरों के बारे में पुलिस कोई सुराग लगा पाई है। जबकि मौके पर एएसपी ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना किया था। उसके बावजूद पुलिस अभी भी चोरों के बारे में कोई जानकारी जुटा नहीं पाई है। वहीं इंस्पेक्टर दयाशंकर ने बताया कि अज्ञात चोरों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, बहुत जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

### शौच को गई युवती से छेड़छाड़ का आरोप

**तालगांव सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली तालगांव क्षेत्र के एक ग्राम में नवयुवक ने शौच गई युवती से छेड़छाड़ की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाली तालगांव क्षेत्र के एक ग्राम की निवासिनी 20 वर्षीय युवती ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह शनिवार सुबह शौच के लिए गई थी, वापस आते समय पहले से मौजूद गांव के एक युवक ने उसका बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। उसके शोर मचाने पर परिजन व ग्रामीण मौके पर आ गए। ऐसे में ग्रामीणों को आता देखकर आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी तालगांव वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

### मानसिक रोग को न छिपाएं, करायें इलाज

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** मानसिक स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सीएचसी रामपुरा में किया गया। शुभारंभ चिकित्सा अधीक्षक डॉ अवनीश कुमार ने किया। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि मानसिक रोग का इलाज संभव है, इसे छुपाएं नहीं। जिला स्तरीय टीम में आये डॉ प्रांसु अग्रवाल ने बताया कि नींद न आना, अवसाद, मिर्गी, बेहोशी के दौरे आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, नशा करना आदि मानसिक समस्याएं हैं। इनका इलाज हो सकता है। उन्होंने समाज में मानसिक रोग से संबंधित व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ सर्वेश सहित सीएचसी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे पुरूस्कृत

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** रामकुंड चैराहे स्थित कम्पोजिट विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह एवं अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह के दौरान अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित भी किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी उदय मणि ने पुरुस्कृत किया। इस मौके पर स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक, हेड टीचर शिक्षक शबाना एवं सभी अध्यापकों सहित सभासद उमेश वर्मा, जान मोहम्मद उपस्थित रहे।

### 8 को कालिका देवी मंदिर में नि:शुल्क नेत्र शिविर

**रामपुर मथुरा सीतापुर, अमृत विचार।** आंख अस्पताल सीतापुर की मुख्य चिकित्साधिकारी कर्नल मधु भदौरिया व प्रशासक कर्नल रणवीर सिंह भदौरिया के सौजन्य से ग्राम पंचायत गणचप्पा के कालिकनपुरवा स्थित मां कालिका देवी मंदिर प्रांगण में 8 फरवरी को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। आयोजक बाबू विश्वरथ विद्या मंदिर रामपुर मथुरा के प्रबंधक राममनोरथ अवस्थी ने बताया कि नेत्र शिविर में आंख अस्पताल सीतापुर के नेत्र विशेषज्ञों ने आंखों की जांच व इलाज नि:शुल्क किया जायेगा। साथ ही मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों का लेंस वाला आपरेशन भी नि:शुल्क किया जायगा।

# तहसीलदार के खिलाफ लेखपालों का प्रदर्शन, स्थानांतरण की मांग

**लहरपुर बार एसोसिएशन की चेतावनी, तहसीलदार के स्थानातंरण तक रहेगा कार्य बहिष्कार**



तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन करते लेखपाल। अमृत विचार



एसडीएम आकांक्षा गौतम को ज्ञापन देते लेखपाल। अमृत विचार

लहरपुर सीतापुर

**अमृत विचार।** उप्र लेखपाल संघ की स्थानीय शाखा ने मंगलवार को प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को तहसीलदार के स्थानांतरण के लिए ज्ञापन दिया।

आरोप लगाया गया है कि लेखपाल के विरुद्ध अमानवीय, अभद्र व असंसदीय व्यवहार राजस्व निरीक्षक द्वारा किए जाने पर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। जिसमें राजस्व कार्यों की समीक्षा पर सोमवार को पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर लेखपाल संवर्ग के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने, न्याय के सिद्धांत के विपरीत मांग पत्र पर प्रतिक्रिया दी गई थी, ऐसे में मंगलवार को लेखपाल संघ की स्थानीय शाखा ने पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार एवं धरना प्रदर्शन का निर्णय लेते हुए तहसीलदार मनीष त्रिपाठी का लहरपुर से अविलंब स्थानांतरण किये जाने और सोमवार को दिए गए मांग पत्र में उल्लेखित सभी मांगों को शत-प्रतिशत स्वीकार के जाने की मांग की गई। साथ ही लेखपालों ने चेतावनी दी है कि दोनों बिंदुओं पर अंकित मांगों के पूर्ण होने तक उप्र लेखपाल संघ की शाखा लहरपुर कार्य बहिष्कार एवं तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन अनवरत जारी रखेगा।

इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अवध यादव अध्यक्ष, बलराम सिंह मंत्री, सचिन श्रीवास्तव, पवन कुमार, अंकुर कुमार, महेंद्र गुप्ता, राहुल यादव सहित भारी संख्या में लेखपाल उपस्थित थे। इसी क्रम में लहरपुर बार एसोसिएशन महासचिव एसके जायसवाल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि स्थानीय अधिवक्ताओं एवं वादकारियों के समक्ष आ रही समस्याओं को लेकर की गई शिकायतों पर कोई कार्रवाई न होने से बार की बैठक में निर्णय लिया गया है कि जब तक तहसीलदार लहरपुर का स्थानांतरण नहीं हो जाता, तब तक समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

## घर से निकले युवक का गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला शव

**सीतापुर, अमृत विचार।** तालगांव थाना इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिलने से हड़कंप मच गया। युवक देर रात घर से निकलने के बाद सुबह उसका शव पेड़ से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ग्राम टकेली निवासी राम भरोसे (30) पुत्र राजू का शव गांव के उत्तर पेड़ से लटकता मिला। परिजनों के अनुसार मृतक युवक सोमवार की रात पड़ोस के गांव करस्योरा में नृतकियो का डांस देखने के लिए गया था। सुबह तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। स्थानीय ग्रामीण जब सुबह खेतों में काम करने के लिए निकले तो पेड़ पर शव लटकता देखकर मामले की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। घटनास्थल की गहनता से छानबीन के लिए पुलिस में फोरेंसिक टीम की मदद से भी साक्ष्य जुटाये है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उपरांत ही युवक की मौत की वजह स्पष्ठ हो सकेगी। परिजनों ने किसी भी प्रकार के आरोपों से अभी तक इंकार किया है।

# खोदी गई सड़कों की सही ढंग से कराई जाये मरम्मत: डीएम



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों को निर्देश देते डीएम अनुज सिंह।

सीतापुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उपस्थित सभी सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता से उनके ब्लॉकों के आधार पर जानकारी एकत्रित की गयी। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि खोदी गयी सड़कों की मरम्मत सही ढंग से करायी जाये और कार्यों में प्रगति लाते हुये सड़कों की पुर्नस्थापना कराना सुनिश्चित करें। जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक जमीन आवंटित नहीं की गयी है या कोई भी समस्या आ रही है, उन ग्राम पंचायतों से संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी से सम्पर्क स्थापित करते हुये शीघ्र अतिशीघ्र जमीन की समस्या का समाधान करने हेतु संबंधित को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। उन्होंने आईएसए के पदाधिकारियों से कहा कि लोगों के बीच जागरूकता फैलायी जाये। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को यह भी निर्देश दिये कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये एवं निर्धारित समयावधि में कार्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण एवं समस्त सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लूट के मामले में दो दिन के बाद भी पुलिस के हाथ खाली

फॉलोअप

**असलहों के बल पर घरवालों को बंधक बनाकर हुई थी लूटपाट**

सदरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** रविवार देर रात थाना सदरपुर क्षेत्र के उमरहर गांव में असलहों के बल पर हुई लूट में दो दिन बीतने के बाद अभी तक सदरपुर पुलिस के हाथ लुटेरों के गिरेबान से दूर हैं। मालूम हो कि सदरपुर थाना क्षेत्र के उमरहर गांव में रविवार देर रात लगभग आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर परिजनों को बंधक बना लिया और असलहों के दम पर लूटपाट की थी।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के उमरहर गांव निवासी श्यामू वर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया था कि बदमाश घर के अंदर पीछे से दाखिल हुए और इसी दौरान घर के सदस्यों की आंख खुल गई इसी बीच बदमाशों ने सभी की कनपटी पर असलहा रख दिया और चिल्लाने से मना कर दिया। आरोप था कि बदमाशों ने गृहस्वामी सहित परिवारीजनों को बंधक बना लिया था और सोने का झाला, माला, टप्स, पायल सहित 10 हजार रुपए की नकदी लूट ली थी। और रात के अंधेरे में फरार हो गए थे। गौरतलब है कि रविवार देर रात हुई इस लूट की घटना को लेकर आज दो दिन बीतने को है मगर सदरपुर पुलिस के हाथ बदमाशों के गिरेबान तक अभी भी नही पहुंच सके हैं। सदरपुर थाना प्रभारी राकेश सिंह से जब जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया इस घटना को लेकर मुकदमा पंजीकृत है और चोरों की तलाश जारी है।

## मेधावी छात्रों की माताओं को किया सम्मानित

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड सिधौली के प्रा. वि. दक्खिन गांव में वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा पर्यावरण जागरूकता, ट्रैफिक नियम एवं चुनाव के लिए स्वीप कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मेधावी छात्रों की माताओं को अलंकृत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान सीमा यादव ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में एआरपी समीर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मी सहायक अध्यापिका ने किया। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को जागरूक किया। एआरपी समीर श्रीवास्तव ने विद्यालय को निपुण बनाने के लिए प्रोत्साहन दिया। डीबीटी, कायाकल्प के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में निपुण छात्रों एवं जागरूक महिला अभिभावकों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ रिचा राजपूत, देशेन्द्र कुमार यादव, योग्यता यादव उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार त्रिपाठी ने समारोह में भाग लेने वाले सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# मुठभेड़ में इनामी अपराधी गोली लगने से घायल

**चोरी, नकबजनी सहित 20 से अधिक मुकदमों में वांछित था शातिर अपराधी बल्लू**

सीतापुर

**अमृत विचार।** तालगांव थाना इलाके में सोमवार की देर रात क्राइम ब्रांच और पुलिस की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान चोरी और नकबजनी मुकदमें में वांछित चल रहे गैंगस्टर अपराधी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोरिया पुल के समीप क्राइम ब्रांच टीम को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि चोरी के इरादे से कुछ बदमाश निकल रहे है। पुलिस ने इस सूचना के आधार पर गांव के बाहर चेकिंग के दौरान घेराबंदी की। बाइक सवार बदमाश ने पुलिस को सामने देख ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मौके पर पहुंचे एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि घायल बदमाश की पहचान बल्लू पुत्र शत्रोहन निवासी बेदौरा थाना रेउसा जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। मुठभेड़ में घायल बदमाश पर सीतापुर सहित विभिन्न जनपदों में चोरी, लूट, नकबजनी, गैंगस्टर एक्ट सहित अवैध हथियारों की तस्करी के करीब 20 से अधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने मौकाय वारदात से 1 अवैध असलहा और कई जिंदा कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया है।

## सार-संक्षेप

### बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील



रिपोर्ट कार्ड के साथ बच्चे व मौजूद अध्यापक। अमृत विचार

**तालगांव सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड परसेंडी के प्राथमिक विद्यालय राही के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापिका शिल्पा सिंह ने विद्यालय में नामांकन, ठहराव उपस्थिति एवं मिशन प्रेरणा ऐप के माध्यम से प्रेरणा लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अभिभावकों से अपील की कि अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में कक्षा एक से आठ तक की हुई परीक्षा में शामिल सभी बच्चों को रिपोर्ट कार्ड भी दिए गए। इसी क्रम में ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय चांदपुर, हिलालपुर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिल्पा सिंह प्रधान अध्यापिका, मंजू शुक्ला प्रधान ग्राम पंचायत राही, ओम प्रकाश शुक्ला प्रधान प्रतिनिधि, पूजा रामपाल, कीर्ति त्रिवेदी, पूनम बाजपेई, पुष्पा त्रिवेदी सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित थे।

### समाजवादी व्यापार सभा की जिला कमेटी हुई घोषित

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** समाजवादी व्यापार सभा सीतापुर के जिलाध्यक्ष आशीष गुप्ता ने जिला कमेटी, विधानसभा अध्यक्ष व नगर अध्यक्षों की प्रथम सूची प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल के अनुमोदन के उपरांत मंगलवार को जारी की। 21 सदस्यीय कमेटी में संजय वर्मा, एडवोकेट अमित राठौर, सोनू गुप्ता, गुंजन गुप्ता, अशोक यादव व नौरंग सिंह को जिला उपाध्यक्ष, डॉ अभयवीर यादव व डॉ प्रतीक सिंह को जिला महासचिव, एडवोकेट आदर्श वैश्य, हर्षित सोनी, कमर आलम, एडवोकेट मुन्ना राजवंशी, ज्ञानू जायसवाल, मोहम्मद इकबाल व शफी अहमद को जिला सचिव, धीरेंद्र प्रताप सिंह को जिला सोशल मीडिया प्रभारी व अंजीत वर्मा, अमरेश गौतम, संदीप यादव, नीरज वर्मा व रविशंकर यादव को जिला कमेटी में सदस्य मनोनीत किया है। साथ ही धर्मेंद्र पोरवाल को सेउता विधानसभा अध्यक्ष, राकेश कुमार पाल को सिधौली, सर्वेश गुप्ता को महोली, समीर फैज को महमूदाबाद, प्रवीण राठौर को सीतापुर व अंकित यादव को लहरपुर विधानसभा अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। एजाज अली अंसारी बिसवाँ नगर अध्यक्ष, प्रशान्त मिश्रा सीतापुर, आशीष पोरवाल महमूदाबाद, नीतीश गुप्ता पैंतेपुर व मोहम्मद आरिफ को लहरपुर नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव, विधायक अनिल वर्मा, एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व विधायक अनूप गुप्ता, नरेंद्र वर्मा, हरगोविंद भार्गव, महेंद्र सिंह, रामहेत भारती, रामपाल राजवंशी, राधेश्याम जायसवाल, जहीर अब्बास आदि ने बधाई दी है।

### 25 तक शुरू हो विद्युतीकरण का कार्य



अधिकारी को ज्ञापन देते भगंतापुर के ग्रामीण। अमृत विचार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील बिसवां के अंतर्गत राजस्व ग्राम भगंतापुर के ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी आज तक भगंतापुर गांव का विद्युतीकरण नहीं हो पाया है। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को पूर्व में कई बार अवगत कराया गया, लेकिन आज तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया है। ग्राम में लगभग एक हजार की आबादी निवास करती है। बिजली न होने से डिबिया के उजाले में बच्चों की पढ़ाई एवं महिलाओं के कार्य नहीं पूरे हो पाते हैं। ऐसे में कई परिवार गांव के बाहर रह रहे हैं, जिससे उनके बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। वर्तमान स्थिति को देखते हुए गांव के सभी जागरूक मतदाताओं ने निर्णय लिया है कि यदि शासन व सरकार में बैठे अधिकारियों ने 25 फरवरी 2024 तक गांव में विद्युतीकरण का कार्य प्रारंभ न किया तो सभी ग्रामवासी लोकसभा चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। प्रार्थना पत्र देते समय अयोध्या प्रसाद, विष्णु कुमार, सुंदरलाल, बबलू, छोटू, श्रवण कुमार, मनोज, राम लखन, रामविलास, राजेश कुमार एवं संतोष कुमार आदि उपस्थित थे।

# गैंगस्टर की 1,53,900 की संपत्ति कुर्क



गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क करती पुलिस व प्रशासन की टीम।

**सीतापुर, अमृत विचार।** थाना महमूदाबाद पुलिस ने मंगलवार को जिलाधिकारी के आदेश पर धोखाधड़ी जैसे आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी संपत्ति को थाना महमूदाबाद पर पंजीकृत मु.अ.सं. 67/23 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत अभियोग में 14(1) यू.पी. गैंगेस्टर एक्ट 1986 के तहत जब्त/कुर्क करने की कार्यवाही की गयी। संपत्ति की कुल अनुमानित कीमत 1,53,900 (एक लाख तिरपन हजार नौ सौ रुपये) आंकी गयी है। मु.अ.सं. 67/23 धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम बिचपरी मजरा पुरैना थाना बिसवां एक संगठित गिरोह बनाकर अपने व अपने गैंग के सदस्यों के माध्यम से आर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए धोखाधड़ी जैसे अपराध करने के अभ्यस्त अपराधी हैं। अभियुक्त के विरुद्ध उक्त अपराध के संबंध में पूर्व में अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त की आय का कोई ज्ञात स्रोत नहीं था व इतनी पैतृक संपत्ति नहीं है कि जिसकी आमदनी से इतने अल्प समय में इतनी मूल्यवान सम्पत्ति अर्जित की जा सके। अपराध से अर्जित संपत्ति का उपयोग एवं उपभोग अभियुक्त एवं परिवारीजन द्वारा किया जा रहा था। विवेचना के दौरान धारा 14(1) गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत विवेचक द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय को साक्ष्य संकलित करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित की गयी। पुलिस द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट ने अभियुक्त उपरोक्त की अपराध से अर्जित संपत्ति को जब्त करने का आदेश निर्गत किया। जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर द्वारा निर्गत आदेश के क्रम में अभियुक्त उपरोक्त की निम्न संपत्ति को पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जब्तीकरण/कुर्की की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

जागरूकता

**मशीनीकरण के दौर में गायों को छोड़ दिया बेसहारा, नहीं मिल रहा पर्याप्त भोजन**

# गोवंश के सहयोग से करें प्राकृतिक खेती, उगायें स्वस्थ फसलें

सांडा, सीतापुर



सड़कों पर घूमते आवारा मवेशी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेसहारा हो चुके गौवंशों से प्राकृतिक खेती करके हम स्वस्थ फसलें उगा सकते हैं। स्वस्थ फसलों से मिलने वाले रोगमुक्त अनाज से हम तमाम तरह के असाध्य रोगों से अपना बचाव कर सकते हैं।

भारतीय गायें गाँव के गरीब किसान की पोषण सुरक्षा से लेकर ऊर्जा शक्ति का द्योतक रही हैं। देशी गाय का दूध, दही, छाछ, घी ने जहाँ भारतीय थाली को पोषण सुरक्षा प्रदान की है, वहीं भारतीय गायों के बछड़ों ने जवान होकर खेती में किसान के कमाऊ पूत बनकर उनकी पूरी सेवा की है। मशीनीकरण के दौर में भारतीय गायों की नस्लों को हम सबने बेसहारा छोड़ दिया है जो आज गाँव, खेत, जंगल से लेकर शहरों, महानगरों और सड़कों पर बेबस और लाचार बनकर दर-दर की ठोकरें खाती हुई घूम रही हैं। आलम यह है कि कभी जिस किसान को सब कुछ देने वाली भारतीय गाय जो गौमाता कही जाती थी, आज उसी किसान की लाठी खाने को मजबूर है। भूखी प्यासी गायें जब खेतों में फसल खाती हैं तो उन्हें दुत्कार कर सड़कों और शहरों की ओर खदेड़ दिया जाता है। अधिकांश चरागाह और सरकारी जमीनों पर भूमाफिया का कब्जा है, जिसके परिणाम स्वरूप हमें सबकुछ देने वाली गोवंश कूड़ा-कचरा, पॉलीथीन, गंदगी खाने को मजबूर है। इसी वजह से अधिकांश बेसहारा घुमंतू गौवंश बीमार हैं। उनके पेट में पॉलीथिन की गठरियाँ जमा हो रही हैं। इनके बेहतर देखभाल के लिये राज्य सरकार द्वारा अस्थाई गौशाला निर्माण करने के साथ ठोस कदम उठाये जा रहे हैं, लेकिन समय पर इनके चारे पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती है। ऐसे में आमजन की भागीदारी बहुत जरूरी है। ऐसे में बेसहारा घुमंतू देशी भारतीय गोवंश के संरक्षण के साथ उनसे प्राप्त गोबर और गोमूत्र की ऊर्जा का कैसे सही इस्तेमाल करें इस दिशा में किसानों को आगे आकर पहल करने की जरूरत है। इनके संरक्षण के साथ प्राकृतिक खेती से अपने जीवन को भी कैंसर और तमाम असाध्य बीमारियों से बचाया जा सकता है। हमें और आने वाली हमारी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन मिलेगा।

## अच्छी शिक्षा से हमें मिलते हैं अच्छे संस्कार

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालयों में सास्कृतिक कार्यक्रम होना अति आवश्यक है। विद्यालय द्वारा बच्चों को मंच देना एक बहुत ही सराहनीय कार्य है। यह बात पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. सरजीत सिंह डंग ने सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के वार्षिक उत्सव उड़ान में कहीं। उन्होंने सर्वाधिक अंक प्राप्त बच्चों को बधाई दी। अच्छी शिक्षा से हमे अच्छे संस्कार मिलते हैं जिससे हम देश के जिम्मेदार नागरिक बनते हैं, समाज को नई प्रेरणा मिलती है। अतिथियों ने वर्ष 2023 में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरूस्कृत भी किया। साथ ही कस्बे के विभिन्न परिवारों द्वारा अपने परिजनों की स्मृति में प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार भी दिये गये। इस अवसर पर भगवती सिंघल, रेनू मेहरोत्रा, विवेक गुप्ता, राकेश शुक्ला, पंकज गुप्ता सहित विद्यालय परिवार व अभिभावक गण मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥

जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

## संपादकीय

# राज्यों के लिए उदाहरण

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में एक अत्यधिक विवादित और राजनीतिक रूप से ज्वलंत मुद्दा रहा है। यूसीसी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्व का अंग है। इस दृष्टि से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में बहुप्रतीक्षित यूसीसी विधेयक पेश कर दिया गया। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी सफलतापूर्वक लागू हो गई तो वह दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी। यूसीसी का कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में समर्थन किया जाता है तो कुछ लोगों द्वारा इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिए खतरा बताकर विरोध किया जाता है।

इधर भाजपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। यूसीसी सभी नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकता एवं धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न पर्सनल लॉज़ के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और पंथ-संबंधी विवादों में भी कमी आएगी। यह सभी के लिए समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगी। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। चूंकि एकता एकरूपता से अधिक महत्वपूर्ण है।

# गाजा युद्धः फिलहाल विश्व शांत पर समस्या विकट



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं।

इजराइल-हमास युद्ध का सौवां दिन भी कब का बीत चुका। खबरों की दुनिया ने तो एक नए विश्व युद्ध की आशंका जता दी थी। इस्लामिक देशों के संगठन ने भी खूब बंदर घुड़की दी। मगर अब लगता है सारा प्रतिरोध खत्म है। जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हवाई और जमीनी हमला किया था, उसके तत्काल बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ ऐसा युद्ध छेड़ा कि गाजा का एक हिस्सा मानो कब्रिस्तान बन गया। युद्ध में लंबे समय तक बंधकों पर संकट के साथ ही घटनाओं में विनाशकारी मोड़ आते गए हैं। दुनिया अपनी गति से चल रही है। इस भयावक युद्ध को विश्व ने जैसे अनदेखा कर दिया हो। इजराइल मानो आतंकवाद को निर्मूल करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अब नई और पुष्ट खबर है कि इजराइल की सेना ने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय' करने के अपने प्रयास में गाजा पट्टी के नीचे हमास द्वारा निर्मित सुरंगों में 'उच्च प्रवाह' के साथ समुद्री जल डालना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर के हालिया अंक के मुताबिक 30 जनवरी को, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी के नीचे सुरंगों में 'बाढ़ की योजना'-एक रणनीति जो वस्तुतः दिसंबर से अफवाहों का विषय रही है, कई अज्ञात स्थानों पर लागू की जा रही है। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि यह कदम एक 'महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और तकनीकी सफलता' है मगर ऐसी सुरंगों को ही चुना गया है जिससे क्षेत्र में पीने वाला भूजल संदूषित न हो।

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमलों में हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। बंधकों के स्थान अज्ञात बने हुए हैं, लेकिन एक शोधकर्ता की जब नेचर से बात हुई तो उनका कहना है कि उन्हें संदेह है कि बाढ़ का प्रभाव सीमित होगा, क्योंकि गाजा का भूजल पहले से ही समुद्री जल से दूषित है। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि सुरंगों में बाढ़ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला समुद्री जल महत्वपूर्ण तटीय भूजल को दूषित कर देगा, जो गाजा, मिस्र और इजराइल के बीच स्थित है और गाजा को लगभग 80 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करता है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी।

जल इंजीनियर और स्विट्जरलैंड में जिनेवा वॉटर हब के महानिदेशक मार्क जिटौन का कहना है कि गाजा के पीने के पानी का मुख्य स्रोत दूषित हो रहा है। उनके अनुसार यदि आप पीने के पानी के स्रोत में खारा पानी डालते हैं तो यह प्रदूषणकारी है, जहरीला है। जिटौन आगे कहते हैं कि ऐसी संभावना है कि समुद्री जल, एक बार सुरंगों में डालने के बाद, आसानी से नियंत्रण के बाहर चला जाएगा। 'यदि आप सुरंगों को पानी से भरने का प्रयास करते हैं तो मैं मानता हूं कि उन्हें पानी रखने के लिए पर्याप्त रूप से सील नहीं किया गया है। पानी बहकर पीने के जलस्रोत में चला जाएगा,' वह कहते हैं। एन-नजाह नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोलवेत्ता अहमद रफत भी इस बात से सहमत हैं कि खारे पानी से पीने योग्य जलस्रोतों (एक्विफर) के अपूर्णीय रूप से दूषित होने की संभावना है। यदि वे इन सुरंगों में समुद्री जल से बाढ़ लाते हैं तो समुद्री जल भूवैज्ञानिक स्तर में एक्विफर की ओर प्रवेश करेगा। इस तरह की कार्रवाई से गाजा में जीवन के सभी पहलुओं पर गंभीर परिणाम होंगे - कृषि पर, मिट्टी पर, बुनियादी ढांचे पर आदि पर भी। समुद्री जल सिंकहोल बना सकता है, जो इमारतों की नींव को भी अस्थिर कर सकता है।

जलविज्ञानी नोम वीस्ब्रोड, जो इजराइल के नेगेव के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में जैकब ब्लास्टीन इंस्टीट्यूट फॉर डेजर्ट रिसर्च के डीन हैं, का कहना है कि जो लोग चिंतित हैं कि संपूर्ण तटीय एक्विफर अपूरणीय रूप से दूषित हो जाएगा, वे शायद बाढ़ के प्रभावों को कम आंक रहे हैं। वे कहते हैं, 'मुझे यकीन नहीं है कि पर्यावरणीय जोखिम उतना चरम है जितना लोग विश्वास करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रभावित सुरंगें कहां स्थित हैं। वाटर जर्नल में प्रकाशित 2020 के एक अध्ययन के अनुसार गाजा के तटीय एक्विफर का जल स्तर पूर्व में सतह से लगभग 60 मीटर नीचे से लेकर समुद्र तट के पास कुछ मीटर गहराई तक है। इनसे जितना पानी प्राकृतिक रूप से ताजे पानी द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, उससे अधिक निकाला जा रहा है और परिणामस्वरूप एक्विफर्स में पहले से ही समुद्री जल का प्रवेश करता रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है, क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरु यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी। गाजा में साफ पानी की पहले से ही कमी है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने अनुमान लगाया कि केवल 10 प्रतिशत आबादी के पास ही सुरक्षित पेयजल तक पहुंच थी। कुछ पानी इज़राइल और मिस्र द्वारा पहुंचाया जाता रहा है। यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित 10 मिलियन डालर का समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र 2017 में गाजा में खोला गया था, लेकिन संभवतः यह बिजली की आपूर्ति के बिना काम नहीं कर सकता है। युद्ध से पहले, गाजा की लगभग आधी बिजली इजराइल से आती थी, लेकिन अक्टूबर में, इजराइली सरकार ने आपूर्ति बंद कर दी। युद्ध के कारण लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं जिनमें से कई लोग दक्षिणी गजान शहर राफा में तंबू में या सड़कों पर रह रहे हैं। जनवरी में मूसलाधार बारिश के बाद कई लोग पीने का पानी बर्तनों और बाल्टियों में इकट्ठा कर रहे हैं। अन्य लोग टैंकर ट्रकों से पानी खरीदते हैं, क्योंकि एक्विफर से निम्न गुणवत्ता वाला पानी ही निजी कंपनियों द्वारा अलवणीकृत किया गया है। इजराइल के अरावा घाटी में अरावा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट स्टडीज में सेंटर फॉर एप्लाइड एनवायरनमेंट डिप्लोमेसी के निदेशक डेविड लेहरर कहते हैं कि जब युद्ध समाप्त हो जाएगा, तो इजराइल और गाजा को बेहतर जल भविष्य के लिए योजना बनाना शुरू करना होगा।

2023 में इजराइली कंपनी वॉटरजेन, सामुदायिक विकास के लिए फिलिस्तीनी गैर-सरकारी संगठन दामूर और इजराइली नागरिक प्रशासन के साथ साझेदारी के माध्यम से, अरावा इंस्टीट्यूट गाजा में नगर पालिका स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में पांच सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल जनरेटर स्थापित करेगा। अरावा इंस्टीट्यूट के अनुसार ये आर्द्रता को ग्रहण करके संघनित करके और फिल्टर करके प्रतिदिन लगभग 900 लीटर स्वच्छ पेयजल उत्पन्न कर सकते हैं। यह पहल और ऑफ-ग्रिड अपशिष्ट जल उपचार जैसे अन्य अंतरिम उपाय, 'आशा की एक किरण प्रदान करेंगे कि अंततः स्थिति में सुधार होगा'। फिलहाल तो समस्या विकट है और विश्व शांत है।

## प्रसंगवश

# अवगुन कहूं शराब का

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े-बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया।

शराब ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं, कहने की जरूरत नहीं। न जाने कितने नामचीन हस्तियों को इसने बरबाद किया। नाम गिनाऊं तो अभी याद आ रहे हैं गायक और अभिनेता सहगल, गायिका गीता दत्त, नायिका मीना कुमारी, संगीतकार जयकिशन और मदनमोहन, गीतकार शैलेन्द्र, शायर मजाज, अंग्रेज कवि डायलन टामस, कहानीकार ओ हेनरी, उपन्यासकार स्कॉट फिजराल्ड जिन्हें शराब ने अल्पायु में ही दुनिया से विदा कर दिया। देश में हर साल इस शराबखोरी के चलते सैकड़ों मर रहे हैं।

मेरे एक परिचित बैंककर्मी थे। राम जाने कब और कैसे शराब की लत उनको लगी? रिटायरमेंट के बाद उनकी स्थिति यह थी कि शराब के चक्कर में अपने तमाम परिचितों से किसी न किसी बहाने पैसा ले चुके थे। शराबखोरी ने इस हद तक उनको बेशर्म बना दिया था कि किसी परिचित के घर अहले सुबह पहुंच जाते और पत्नी की बीमारी के नाम पर पैसा मांगते। बीमारी, वह भी पत्नी को, तो कोई इंकार कैसे करता? धीरे-धीरे लोगों को इसका पता चला तो उनको बाहर पैसा मिलना बंद हो गया। खुशकिस्मती से अब वे शराब छोड़ चुके हैं।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शराब की प्रशंसा में गीतों की भरमार है। साहित्य में ईश्वर, प्रेम, प्रकृति और शराब चिरकालीन विषय वस्तु रहे हैं। ऋग्वेद में सोमरस का गुणगान है। उर्दू शायर तो शराब के लिए खुदा और जन्नत से भी तौबा कर लें। उनकी कलम में शराब की स्याही रहती है। हिन्दी के हरिवंश राय बच्चन ने एक पूरी किताब "मधुशाला" शराब और शराबियों का गुणगान करते लिख डाली।

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया। घंटों बाद मन ठीक हुआ। बोतल नाली में फेंक आया। ऐसा नहीं है कि शराब के खिलाफ नहीं लिखा गया। बहुत कुछ लिखा गया है। कबीर ने पांच सौ साल पहले चेतायाः अवगुन कहूं शराब का, आपा अहमक साथ। मानुष से पशुआ करे, दाय गांठ से खात॥

शेक्सपियर के शब्द हैंः ओ शराब की अदृश्य आत्मा, अगर तेरा कोई ज्ञात नाम न हो तो तुझे हम 'शैतान' के नाम से पुकारें। हे ईश्वर! आदमी अपने मुंह में एक बैरी रख ले जो उसकी बुद्धि का ही अपहरण कर ले! कि हम हंसते, गाते, उत्सव मनाते, तालियां बजाते खुद ही अपने आपको जानवर में बदल डालें। (ऑथेलो)

टॉलस्टाय की एक कहानी है-द इंप एंड द पीजेंट्स क्रस्ट। कहानी का सार है कि शराब शैतान का आविष्कार है जिसे बनाने के लिए उसने पहले लोमड़ी का खून लिया, फिर उसमें भेंडिया का खून डाला और अंत में उसमें सूअर का खून मिलाया। सो इस प्रकार तीन निकृष्ट जानवरों के खून के मिश्रण से शराब बनी। इसलिए आदमी जब शराब का पहला पेग पीता है तो शुरू में लोमड़ी की तरह मीठी-मीठी बातें करता है, दूसरे पेग के साथ वह भेड़िया की तरह गुर्राना शुरू करता है, तीसरा पेग उसको सूअर में बदल देता है और वह कहीं नाले में पड़ा पाया जाता है।

सत्ताधारी भी चाहते हैं कि आम आदमी बेसुध होकर नाले में पड़ा रहे और वे चैन से राज करते रहें।

# महाभारत काल से है प्रयाग की प्रतिष्ठा



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

तुलसी बाबा ने 'को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी।

भारतीय संस्कृति की विशिष्टता प्रकृति के साथ तादात्म्य है। भारतीय मानस में गंगा-यामुना जैसी नदियों के प्रति आस्था का स्वरूप भौतिक और आध्यात्मिक रहा है। इन नदियों के साथ हमारी देवी प्रगाढ़ता में कभी व्यवधान नहीं आया, हमारे साथ इनका जीवित संबंध रहा है। माघ मकरगत जब रवि होई, तीरथपतिहिं आब सब कोई, तीर्थराज प्रयाग के आस्थामय इस अमृत महोत्सव में ऋषियों, महर्षियों, पुरावेत्ताओं, धर्माधिकारियों, दार्शनिकों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति की उपस्थिति का दर्ज होना किसी अंधश्रद्धा की परिणति मात्र नहीं कहा जा सकता।

यह सहस्त्रों वर्ष की वह निरंतरता है जिसके मूल में गंभीर शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक मंतव्य अंतर्निहित हैं। प्रयाग के संगम तट पर जुड़ने वाले इस मेले ने भारत की उस सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है, जिस धरोहर ने प्रकृति के प्रत्यक्ष स्वरूप से ज्ञान और चेतना में सामंजस्य स्थापित कर ऐसी संस्कृति विकसित की जिसमे ज्ञाता ज्ञान की विवेचना करके उसे परिष्कृत विचारों और भावनाओं के माध्यम से वास्तविक व्यवहारों में संप्रेषित करता रहा है। इस सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत अपने जिस गौरव की पराकाष्ठा के लिए विख्यात है, वह गौरव समृद्ध ज्ञान और समरसता का अमृतत्व है जिससे भारतीय मन और भारतीय आदर्श सदाशयता व आत्म बलिदान की भूमि पर पुष्पित पल्लवित हुआ।

परंपरागत भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं, जिन शाश्वत सिंद्धांतों पर आधारित हैं, वे किसी न किसी रूप में प्रकृति से जुड़ी हुई हैं। प्राणदायिनी विशाल नदियां, पर्वत और वन ऐसे पुण्यप्रद दिव्य स्थल रहे हैं, जो ऋषियों, महर्षियों और महापुरुषों के अपूर्व धैर्य, साहस, पुण्य और सौख्य के अनेक प्रसंगों के माध्यम से निरंतर चेतना का संचार करते रहे हैं। ये विशिष्ट स्थल अपनी पवित्रता के कारण तीर्थ कहलाए, तरति अनेन इति तीर्थं अर्थात जिसके द्वारा मनुष्य इस अपार संसार से तर जाए।

युगों से भारत की सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में तीर्थ स्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई राज्यों में विभाजित अनेक जातियों में बंटा हुआ, संकीर्णताओं में फंसा हुआ भारतवासी यदि कहीं आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करता है तो वे तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थस्थलों में धर्म और अध्यात्म के समागम ने क्षुद्र मानव में न केवल उच्चतर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संचरण किया, बल्कि उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की सांस्कृतिक विविधताओं को एक स्थल पर बैठा दिया।

भारत के तीर्थों में प्रयाग की प्रतिष्ठा महाभारत काल से ही तीर्थराज के रूप में होती रही है। वन पर्व में उल्लेख है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया इसी से यज धातु से प्रयाग बना। स्कंद पुराण में प्रयाग का अर्थ यागेभ्यः प्रकृष्टह अर्थात् जो यज्ञों से बढ़कर है। अथवा प्रकृष्ट यागेभ्यः अर्थात् जहां उत्कृष्ट यज्ञ है के रूप में किया गया है। ब्रह्मपुराण में प्रयाग को प्रकृष्टता के कारण तीर्थराज कहा गया है। प्रयाग ब्रह्मा की वेदियों में बीच वाली वेदी है। अन्य वेदियों में कुरुक्षेत्र उत्तर वेदी है तथा गया पूर्व वेदी है। महाभारत में तीर्थराज प्रयाग को पवित्रतम और श्रेष्ठतम बताते हुए सोम, वरुण और प्रजापति का जन्मस्थान कहा गया है।

तुलसी बाबा ने को 'कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी। चारि पदारथ भरा भंडारु, पुन्य प्रदेश देसअति चारु।। अर्थात् तीर्थराज प्रयाग का मंत्री सत्य है, श्रद्धा उनकी प्यारी स्त्री है तथा माधव सरीखे हितैषी मित्र हैं। तीर्थराज का भंडार चार पदार्थ -अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष से भरा हुआ है। यह पुण्य प्रदेश बहुत सुंदर है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रयाग क्षेत्र का विस्तार परिधि में पांच योजन है और ज्यों ही कोई इस क्षेत्र में प्रवेश करता है उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल मिलता है। प्रयाग की प्रधानता और इसका तीर्थराज होना इसलिए है कि यह एक साथ वैष्णव, शैव और शाक्त क्षेत्र है तथा ऋषि, नाग, बौद्ध, जैन, योग, सितासित क्षेत्र और त्रिवेणी क्षेत्र है।

अज्ञः सुविज्ञाः प्रभावोपिज्ञाह सप्त स्विप्द्धाह सुकृतान भिज्ञा। विज्ञापयांतः सततं हि काले स तीर्थराजो जयति प्रयागः।। अर्थात् मुर्ख, पंडित, स्वामी यज्ञ, ज्ञानी तथा समस्त वर्गों के पुण्यवान जिनके यश का निरंतर विज्ञापन करते रहते हैं ऐसे तीर्थराज प्रयाग की जय।

## सोशल फोरम

# कलियुग की संकल्पना

जिस युग में हम जी रहे हैं, वह कलियुग के नाम से जाना जाता है। लोगों में यह धारणा बद्धमूल है कि सृष्टि के आरंभ में सतयुग था। उसके बाद त्रेता, फिर द्वापर आया। उसके बाद कलियुग। इन चारों युगों को गलत ढंग से समझा गया है।

दरअसल ये चारों युग काल सूचक न होकर चार प्रकार के लोगों और चार प्रकार की मानसिक दशाओं के सूचक हैं। ठीक उसी तरह जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं। ये भी चार जातियां नहीं हैं। चार प्रकार की मनोवृत्तियां हैं। ज्ञानार्जन में रुचि रखने वाला ब्राह्मण, लड़ने-भिड़ने और राजनीति में रुचि रखने वाला क्षत्रिय, धनोपार्जन में तत्पर रहने वाला वैश्य और सेवा में लीन रहने वाला शूद्र है।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चारों के मान बराबर हैं। इनमें कोई बड़ा-छोटा नहीं। जिस तरह उपर्युक्त चारों प्रकार के लोग हर युग में पाए जाते हैं, उसी तरह चारों युग हर समय विद्यमान रहते हैं। ऐसा नहीं कि आज कलियुग है और सृष्टि के आरंभ में कलियुग नहीं था। ऐसा भी नहीं कि आज सतयुग नहीं है। कलियुग एक प्रवृत्ति है। दूसरों के धन और दूसरों की स्त्रियों का अपहरण करने वाला, अकारण दूसरों को सताने वाला, झूठ-फरेब, नशा-सेवन, चोरी और हिंसा में संलग्न रहने वाला कलियुगी व्यक्ति कहलाता है। ऐसा व्यक्ति जिसे हम सतयुग कहते हैं, उसमें भी था। सत्य हरिश्चंद्र के साथ छल करने वाला सतयुग में ही था। राम त्रेता में हुए। रावण तो उन्हीं के समय में था। कंस तो द्वापर में ही था।

इसलिए इस धारणा पर पुनर्विचार करना चाहिए कि कलियुग का संबंध वर्तमान युग से है। मेरे इस चिंतन का समर्थन वाल्मीकि रामायण से भी होता है। बालकांड में एक श्लोक मिलता है-आसीत् पुरा कलियुगे कलिको नाम लुब्धकः। परदारपरद्रव्यहरणे सततं रतः।। अर्थात् प्राचीन कलियुग में एक कलिक नामवाला व्याध रहता था। वह सदा परायी स्त्री और पराये धन के अपहरण में ही लगा रहता था। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भी कलियुग था। कलियुग कोई आज की संकल्पना नहीं है। वह केवल आज का युग नहीं है। कलियुग सदा से रहा है। यही सत्य शेष तीन युगों के साथ भी है। -फेसबुक वॉल से

# भयावह नहीं, आनंददायी हों परीक्षा यात्राएं



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है।

प्रथम दृष्टया वह बच्चा एकदम संतुलित था। विद्यालय में नियमितता हो अथवा अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता, पर परीक्षा के दिनों में अनुपस्थित। मौजूदा विद्यालय में उसका नव प्रवेश था। अतः उसके व्यवहार से जुड़ा कोई पुराना रिकॉर्ड भी न था। माता-पिता से बात की गई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। शिक्षा के शुरुआती दिनों में किसी परीक्षा में फेल कर दिए जाने का असर उसके अवचेतन में परीक्षा का भय बनकर व्याप्त था। यही कारण था कि वह परीक्षा के दिनों में अक्सर बीमार हो जाता था और परीक्षा से अनुपस्थित। उस बच्चे के साथ हुए इस वाकये ने परीक्षा प्रक्रियाओं से संबंधित कई स्थापित मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार को बाध्य कर दिया। जैसे कि परीक्षा का स्वरूप क्या हो, मूल्यांकन का प्रारूप क्या हो तथा बच्चों से परिणाम साझा किए जाने के तरीके क्या हों?

परीक्षाएं आते ही बच्चों को परीक्षा से भय, तनाव जैसे मुद्दों पर नसीहतें और ज्ञान देने वालों की झड़ी लग जाती है। शिक्षाविद, काउंसलर, आहार-विहार विशेषज्ञ, योगाचार्य से लेकर तमाम प्रबुद्ध सलाहकार विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्ति का मार्ग सुझा रहे होते हैं। निश्चित ही उक्त सभी यह मान रहे होते हैं और इसी पक्ष में माहौल भी बना रहे होते हैं कि 'परीक्षा सचमुच एक भय है', परवास्तव में यह भय ही है या कुछ और कोई भी इसकी तह में नहीं जाना चाहता। विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में प्रथमतः वह प्रक्रियागत औपचारिक चरण होती है, जो उसे सफल या असफल साबित करती है। इस प्रक्रिया में कदाचित उन कारणों पर चर्चा नहीं की जाती कि कोई बच्चा किस वजह से सफल या असफल रहा। जबकि परीक्षा के परिणाम से कहीं ज्यादा जरूरी यह होता है कि बच्चे की मनःस्थिति और त्रुटियों के कारणों को समझकर उनमें सुधार का मौका तब तक दिया जाए जब तक कि वह स्वयं को सफल साबित न कर दे। बार-बार अपने द्वारा किए गए प्रयासों का आंकलन करते हुए आगे बढ़ने से बच्चे को जो संतुष्टि और प्रेरणा मिलती है वह उसके भविष्य का ठोस आधार और आकार बनती है। दुर्भाग्य से कुछ अपवादों को छोड़कर परीक्षा के बाद के इस जरूरी पक्ष पर ध्यान नहीं दिया जाता और असफल साबित किए गए बच्चे के मन में परीक्षा एक हौवा या भय का भूत बनती जाती है।

शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्राप्ति में सहायक होना ही नहीं, बल्कि बच्चों में यह विश्वास जगाना भी है कि उनमें अपार अंतर्निहित क्षमताएं हैं तथा उनमें न केवल विद्यालय, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में सफल होने की काबिलियत है। किसी भी विद्यालय में बच्चों की शिक्षा तो सामूहिक होती है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर वे अपने ज्ञान की रचना स्वयं करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता उनका अधिकार है और इस बात की सगर्व अनुभूति भी कि वह इस पथ पर अपेक्षित उद्देश्यों को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है। परिमाणतः वह शिक्षण प्रक्रियाओं व परिवेश के प्रति उदासीन हो जाता है, अपनी शक्ति व योग्यता में विश्वास खो बैठता है तथा हताशा, निराशा और कुंठा के गहन अंधियारों की और मुड़ जाता हैं। जहां से लौटना असंभव तो नहीं, लेकिन मुश्किल जरूर होता है। अध्ययनकाल में सफलता का अनुभव बच्चे के मनोबल को बढ़ाने का सबसे महत्वूर्ण कारक है। इस मनोबल से उसे भविष्य में आगे बढ़ने और कठिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा तो सीधे-सीधे इसका जिम्मेदार वह प्रणाली और प्रक्रियाएं होती हैं, जो उसके माथे पर असफलता का ठप्पा लगा रही हैं। क्योंकि कोई भी बच्चा विद्यालय में असफल होने के लिए नहीं आता। ऐसा कभी नहीं होने देना चाहिए कि बच्चों के परीक्षा परिणाम उनके भावी जीवन की बेड़ियां बन जाएं। जरूरी यह है कि बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए उन्हें गर्व, आत्मसम्मान और सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोगी हुआ जाए।

परीक्षा को किन्हीं निर्धारित समयों पर आयोजित कार्यक्रम के बजाय दैनिक शिक्षण योजनाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए जिसमें बच्चे बिना किसी तनाव के स्वआंकलन करते हुए अपेक्षित अधिगम परिणामों को प्राप्त करें, जो बच्चा एक बार अपने मन और मस्तिष्क को पूर्णतः सक्रिय करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का सफर तय करता है। वह जीवन में वैध एवं नैतिक तरीकों से सफलता हासिल करने के सूत्र को भी जान लेता है। विद्यार्थियों में यह एहसास जगाना आवश्यक है कि सफलता निरंतर प्रयत्न करने, लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहने प्राप्त होती है। इस संबंध में विद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रम विशेष प्रभावी होंगे। बच्चे सीखने और सफल होने की जन्मजात शक्तियों के साथ विद्यालय आते हैं। इन शक्तियों को तलाशना और तराशना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता है। यह एक अनगढ़ शिलाखंड से तराशी हुई प्रतिमा हो जाने का सफर है। परीक्षाएं इस सफर में अहम पड़ाव हैं। इस सफर को सहज, सुगम और आनंददायी ही होना चाहिए, डरावना नहीं।

# आज से वैलेंटाइन डे की हुई शुरुआत, युवाओं में उमंग और उत्साह

**वैलेंटाइन डे**

**इस महीने में ठंडी हवाओं के साथ घुला होता है रोमांस**

लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, अमेठी

**अमृत विचार।** फरवरी प्यार का महीना है। इस महीने में ठंडी हवाओं के साथ रोमांस घुला होता है, क्योंकि फरवरी में वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। रोम के पादरी संत वैलेंटाइन ने प्यार की पैरवी करते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था, जिसके बाद उनकी याद में वैलेंटाइन डे प्यार के दिन के रूप में मनाया जाने लगा। वैलेंटाइ इसी दिन संत वैलेंटाइन को फांसी दी गई थी। मरने से पहले जेलर की नेत्रहीन बेटी को वह अपनी आंखें दान कर गए थे, यानी दुनिया को अलविदा करते वक्त भी वह प्यार का पैगाम दे गए। हालांकि प्यार के लिए एक दिन काफी नहीं, इसलिए आशिकों ने पूरा सप्ताह ही प्यार के नाम कर दिया। वैलेंटाइन डे से एक हफ्ते पहले से मोहब्बत का उत्सव शुरू हो जाता है। सप्ताह भर मनाए जाने वाले प्यार के दिनों को वैलेंटाइन वीक कहते हैं, जिसका हर दिन प्यार को बढ़ावा देने, क्रश से मोहब्बत का इजहार करने और रिश्ते को अधिक मजबूत करने का मौका देता है।

**एक हफ्ते पहले से शुरू हो जाता है मोहब्बत का वैलेंटाइन डे उत्सव**

**7 फरवरी रोज डे**

वैलेंटाइन सप्ताह का पहला दिन 7 फरवरी से शुरू होता है। 7 फरवरी को रोज डे मनाया जाता है। प्यार भरे सप्ताह की शुरुआत गुलाब की महक और खूबसूरती के साथ होती है। आशिक अपने साथी को लाल गुलाब देकर प्यार को जाहिर करता है। गुलाब के रंग आपकी भावनाओं को प्रदर्शित करते हैं। रोज डे पर दोस्त, क्रश और दुश्मनों तक को अलग-अलग रंगों के गुलाब देकर दिल की बात कह सकते हैं।

**8 फरवरी प्रपोज डे**

मोहब्बत के सप्ताह का दूसरा दिन प्रपोज डे होता है। प्रपोज डे 8 फरवरी को मनाते हैं। ये इजहार-ए-मोहब्बत का दिन है, जिसमें आप जिसे पसंद करते हैं, उससे दिल की बात कह सकते हैं। किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं तो अपने पार्टनर को खास तरह से प्रपोज करके रिश्ते को और अधिक मजबूत और पहले से भी ज्यादा एक्साइटेड बना सकते हैं।

**9 फरवरी चॉकलेट डे**

रिश्ते में प्यार मिठास की तरह हमेशा घुला रहे, इसके लिए वैलेंटाइन सप्ताह के तीसरे दिन यानी 9 फरवरी को चॉकलेट डे मनाते हैं। इस दिन कपल एक दूसरे को चॉकलेट देकर रिश्ते में मिठास लाने की कोशिश करते हैं।

**10 फरवरी टेडी डे**

टेडी की तरह ही दिल भी नाजुक होता है। कोमल दिल बच्चे की तरह होता है। बच्चे को एक टेडी आसानी से खुश कर सकता है। वैलेंटाइन सप्ताह का एक दिन टेडी डे के तौर पर मनाते हैं। आप जिसे पसंद करते हैं, या अपने साथी को टेडी बियर दे सकते हैं। 10 फरवरी को टेडी डे मनाया जा रहा है। अधिकतर लड़कियों को स्टफ्ड खिलौने ज्यादा पसंद होते हैं। तोहफे में उन्हें ये दे सकते हैं।

**11 फरवरी प्रॉमिस डे**

रिलेशनशिप में या रिश्ते में जाना चाहते हैं तो साथी से वादा करना चाहिए। पार्टनर एक दूसरे से कभी भी और कहीं भी वादे कर सकते हैं लेकिन वैलेंटाइन वीक के पांचवे दिन यानी 11 फरवरी को कपल्स के लिए खास प्रॉमिस डे होता है। इस दिन आप अपने साथी से हमेशा साथ रहने, उन्हें खुश रखने और कई अन्य वादे कर सकते हैं।

**12 फरवरी हग डे**

वैलेंटाइन सप्ताह के छठे दिन यानी 12 फरवरी को हग डे मनाया जाता है। प्यार में जादू की झप्पी, सच में जादू चला सकती है। जिसे पसंद करते हैं उसे गले लगाकर दिल का हाल बताने की कोशिश करें। एक हग शायद आपके दिल की धड़कनों के जरिए प्यार का इजहार कर दें।

**13 फरवरी किस डे**

भावनाएं स्पर्श के जरिए बिना शब्दों के जाहिर की जा सकती है। प्यार जताने के लिए शब्दों से इश्क बयां कर पाने के लिए एक चुंबन बेहतर तरीका है। एक किस काफी कुछ कह सकता है। 13 फरवरी को किस डे मनाया जाता है।

**14 फरवरी वैलेंटाइन डे**

वैलेंटाइन सप्ताह का आखिरी दिन यानी 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। इस दिन इश्क की परीक्षा का आखिरी दिन होता है, और प्यार का परिणाम आता है। प्यार में पास हैं या फेल ये 14 फरवरी के दिन ही पता चलता है, जब आप अपने पार्टनर के साथ खुशी-खुशी प्यार से वैलेंटाइन डे मनाते हैं।

# सड़क हादसों में दो युवकों की गई जान

अमेठी

**अमृत विचार।** फुरसतगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत बीते रविवार को युवक मोटरसाइकिल से अपनी ससुराल जा रहा था। उसी दौरान हिमांचल का पुरवा के पास जायस की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही डीसीएम ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी। डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं सोमवार को मोहनगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत शंकरगंज बाजार से सामान खरीद कर जा रही महिला को पिकअप ने टक्कर मार दी। फुरसतगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव मुसहा मजरे सिधौना निवासी राम औतार ने बताया कि बेटा राजेश (30) रविवार को अपनी ससुराल मोटरसाइकिल संख्या यूपी 33 बीपी 6687 से जा रहा था। नेशनल हाइवे के समीप गांव हिमांचल का पुरवा पहुंचा ही था कि जायस की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही डीसीएम संख्या यूपी 78 एचटी 4098 ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। डीसीएम की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार राजेश कुमार व मनोज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर घायलों को सीएचसी फुरसतगंज पहुंचाया। हालात नाजुक होने पर जिला अस्पताल से राजेश को ट्रामा सेंटर लखनऊ रिफर किया गया, लेकिन ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं मोहनगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत गांव पूरे भीखन मजरे गडेहरी निवासी रामराज ने बताया कि सोमवार को पत्नी राधा के साथ शंकरगंज बाजार सामान खरीदने गया था।

**एक नजर**

## स्मैक और चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी।** मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान जामों पुलिस ने चोरी की बाइक और स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक हरदेव बहादुर सिंह मंगलवार को सुबह साढ़े 6 बजे पूरे चेतई के पास से एक चोरी की मोटरसाइकल और स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके बाद आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 65 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। पूछताछ में युवक ने अपना नाम तेज बहादुर पुत्र जगप्रसाद (39) निवासी पूरे प्रसाद सिंह मजरे बरौलिहा बताया। पुलिस ने चोरी और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

## ऑटो में पीछे से दूसरे ऑटो ने मारी टक्कर, एक व्यक्ति घायल

**सदरपुर, सीतापुर।** सवारी उतार रहे खड़े ऑटो रिक्शा में पीछे से आ रहे दूसरे ऑटो रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा पर बैठा व्यक्ति सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद भेजा गया। सदरपुर थाना क्षेत्र के खुरवल निवासी निसार अहमद पुत्र हबीब अहमद अपने ऑटो रिक्शा यूपी 33 बीटी 2762 से सवारी लेकर गोड़ैचा चैराहे से सदरपुर आ रहा था। सदरपुर गुड़ैचा मार्ग पर खुसुरुवा मजरे बकहुवां मोड़ के निकट निसार अहमद अपना ऑटो रिक्शा को रोक कर रिक्शे पर बैठी सवारी उतारने लगा। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया है कि ऑटो रिक्शा को कब्जे में लिया गया है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# 1 माह के अंदर पांच नाबालिग लड़कियां हुईं लापता, हड़कंप

## परिजन बरामदगी के लिये दर-दर की खा रहे ठोकरें

अमृत विचार

**अमेठी।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न गांवों की एक माह के अंदर पांच नाबालिग लड़कियों के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है।

पुलिस परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्जकर नाबालिग लड़कियों और आरोपियों की तलाश कर रही हैं। जबकि अन्य लड़कियों को बरामद करने व आरोपियों को पकड़ने में पुलिस नाकाम साबित हो रही हैं। परिजनों ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। थाना के विभिन्न गांवों से गायब हुई नाबालिग लड़कियों की बरामदगी के लिये प्रतिदिन परिजन संग्रामपुर थाने से लेकर पुलिस अधिकारियों के आफिस का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन पुलिस नाबालिग लड़कियों को बरामद करने में नाकाम साबित हो रही हैं। पुलिस इन लड़कियों को तलाशने की नाकाम ढुलमुल रवैये से परिजन काफी निराश और हताश है। घर से गायब हुई नाबालिग बेटी की बरामदगी के लिए करीब 25 दिनों से थाने व पुलिस अधिकारियों के आफिस का चक्कर लगा रही हैं।

महिला ने संग्रामपुर पुलिस पर अपहरण की तहरीर बदलवाने से लेकर उसकी नाबालिग बेटी को खोजने में रुचि न लेने के आरोप लगाते हुये सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी बेटी की बरामदगी व न्याय दिलाने की मांग की गई थी। एक्स (ट्वीटर) पर वीडियो वायरल होने के बाद भी अभी तक संग्रामपुर पुलिस न ही महिला के नाबालिग बेटी को बरामद कर पाई है और न ही आरोपी का पता लगाने में कामयाब हुई है। जबकि पुलिस एक युवक को कालिका धाम के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं अन्य चार लड़कियों की तलाश पुलिस कागजों पर कर रही है।

## दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार



**अमेठी।** मोहंगनज पुलिस ने मंगलवार को दुष्कर्म और पास्को एक्ट में चल रहे फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक इंग्लेश तिवारी ने बताया कि वस्तु, वाहन, व संदिग्ध की तलाश के दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि बस अड्डे के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर हमराहियों के साथ जाकर उसे हिरासत में लिया तो उसकी पहचान गांव जियापुर थाना इन्हौना निवासी आकाश पुत्र बलऊ (20) के रुप में हुई है। हिरासत में लिया गया युवक पास्को एक्ट सहित दुष्कर्म में फरार चल रहा था। पकड़े गए युवक को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

# दिल्ली में रहते हुए संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को केंद्रीय मंत्री कर रहीं दूर

**जनता की छोटी बड़ी समस्याओं का त्वरित हो रहा निस्तारण : राजेश अग्रहरि**

अमेठी

**अमृत विचार।** नई दिल्ली में रहते हुए भी केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की नजर अपने संसदीय क्षेत्र पर बनी हुई है। जनता की छोटी बड़ी समस्याओं का त्वरित निस्तारण उनकी दिनचर्या में शामिल है। स्मृति ईरानी ने एक टीवी चौपाल में कांग्रेस पर तंज कसा है और कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा अमेठी के साथ रायबरेली सीट भी जीतेगी। गांधी खानदान इस कदर डरा हुआ है, कि वह यह कहने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा कि हम अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। स्मृति ने चुटकी ली और कहा कि हमें तो इस खानदान के तेलंगाना जाने की जानकारी मिली है।

एक दिन पहले जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने दिल्ली में स्मृति ईरानी से मुलाकात की और उन्हें संसदीय क्षेत्र की मौजूदा स्थिति और राजनीति में कांग्रेस की तैयारी के बारे में जानकारी दी। साथ ही बंद की गई ककवा रोड रेलवे क्रासिंग को खुलवाने का आग्रह किया था। रेलवे क्रासिंग को खोलने के लिए उत्तर रेलवे के डीआरएम का आदेश सोमवार को सुबह ही आ गया था। पीडब्लूआई ने टीम के साथ रात भर रेलखंड पर मजदूरों के साथ काम किया। मंगलवार को सुबह से ही आवागमन शुरू हो गया है।

> रेलवे क्रासिंग खुलवाने के लिए अमेठी की जनता दीदी स्मृति ईरानी को हृदय से धन्यवाद दे रही है। कांग्रेस और गांधी परिवार ने यहां हमेशा भ्रमजाल फैलाया और चुनाव जीतने के लिए तमाम तरह के गलत तरीके भी अपनाए, स्मृति ईरानी ने धरातल पर काम किया। सबका साथ लेकर सबका विकास किया, कांग्रेस के 40 साल के मुकाबले में उन्होंने 10 साल में अमेठी की जनता का जो विश्वास हासिल किया है, कांग्रेस उसके सामने कहीं नहीं टिक सकती।
>
> –राजेश अग्रहरि, जिला पंचायत अध्यक्ष,अमेठी

# बुलडोजर लेकर निर्माण ढहाने पहुंचीं नायब तहसीलदार

अमेठी

**कार्रवाई**

- **प्रशासन के साथ बुल्डोजर देख अतिक्रमणी में मची खलबली**
- **मिन्नतें करने के बाद नायब तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने का दिया मौका**

**अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर तिलोई की तहसीलदार अमीशा यादव अपने राजस्व कर्मियों के साथ पहुंची अवैध निर्माण ढहाने राजस्व कर्मियों के साथ पहुंची। प्रशासन के साथ बुल्डोजर देख अतिक्रमणी में खलबली मच गई। काफी मिन्नते करने के बाद नायब तहसीलदार ने स्वतः खाली करने के लिए आह दिनभर का आखिरी मौका दिया है।

गाटा संख्या 301 का विवाद उपजिला अधिकारी न्यायलय में चल रहा था। जिसमें जगदीश यादव ने हकबरारी दायर की थी। जिसके बाद राजस्व विभाग ने चिन्हाकन कर मेडबंदी भी कराई थी। मंगलवार को गाटा संख्या 301 पर बनी पवन यादव की ईमारत को बुलडोजर से गिरा कर जगदीश यादव को उक्त जमीन पर कब्ज़ा दिलाया जाना था। क्योंकि वह जमीन जगदीश यादव के नाम दर्ज है। परन्तु पवन यादव के गैर मौजूदगी व परिवार की महिलाओं के आग्रह पर नायब तहसीलदार अमीशा यादव ने उन्हें 24 घंटे में विवादित जमीन से अपना कब्ज़ा स्वतः हटाने के लिए निर्देशित किया है। उसके बाद नायब तहसीलदार अपनी टीम के साथ जमालपुर गांव पहुंची। वहां पर ग्राम सभा की जमीन पर कब्ज़ा किये लोगों को 15 दिनों के अन्दर ग्राम जमीन खाली करने के लिए निर्देशित किया है।

इस मौके पर उनके साथ थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह, एसआई महेश यादव, राजस्व निरीक्षक अजहर खां, लेखपाल जीतेन्द्र यादव, अलोक यादव, रामलखन, ग्राम प्रधान देशराज आदि मौजूद रहे।



अवैध निर्माण ढहाने गईं नायब तहसीलदार से मिन्नतें करता अतिक्रमणी।

# 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**अमेठी।** कांग्रेस महासचिव व मीडिया कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 19 फरवरी को अमेठी पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम प्रतापगढ़ रामपुर विधानसभा के अठेहा से निकलकर अमेठी विधानसभा के ककवा महाराजपुर होते हुए अमेठी, गौरीगंज, गांधी नगर, जायस, फुरसतगंज के रास्ते रायबरेली को यात्रा प्रस्थान करेगी। न्याय यात्रा के कोआर्डिनेटर सुशांत मिश्र, पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी, अनिल यादव, अरविन्द कुलवाल के साथ अमेठी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र, विवेकानंद पाठक न्याय यात्रा को वृहद एवं ऐतिहासिक यात्रा की रुपरेखा तैयारी में जुटे है।वं लोगों में बड़ा उत्साह है। स्थानीय प्रबुद्ध संभ्रांत लोगों का भी राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने व स्वागत के लिए उत्साहित हैं। नेता और अमेठी को बडी पहचान दिलाने वाले अपने परिवार के सदस्य की तरह हर अमेठी वासी अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं कि अपने राहुल गांधी पूरे देश में अमेठी का नाम रोशन करने वाले हमारे नेता अमेठी आ रहे हैं।

# जेल में आजम से मिले साढ़ू-साली सहित मुरादाबाद के सपा नेता

**सीतापुर।** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से जेल में सपा नेता सहित तीन लोगों ने मुलाकात की। जेल में मुलाकात करने पहुंचे हरदोई से आजम खां के साढ़ू और साली सहित मुरादाबाद के सपा नेता शामिल थे। करीब डेढ़ घण्टे तक चली मुलाकात के दौरान आजम ने हरदोई जेल में बंद बेटे का भी हाल जाना। मुलाकात के दौरान परिवार वालों ने दवाइयों सहित अन्य जरुरी सामान भी आजम को दिया। बताते चले कि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को रामपुर के एमपी एमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 की सजा सुनाई थी।

सुरक्षा कारणों के चलते 22 अक्टूबर की सुबह रामपुर जिला कारागार से सीतापुर जिला कारागार में आजम खान को शिफ्ट किया गया था। वही तंजीम फातिमा को रामपुर तो बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल में शिफ्ट किया गया था। मंगलवार को हरदोई जिले के निवासी और आजम खा के साढ़ू जियाउल रहमान और साली तनवीर फातिमा सहित मुरादाबाद से आये सपा नेता आरिज अख्तर ने जेल मैनुअल के अनुसार ऑनलाइन जेल काउंटर पर पंजीकरण कराया। दोपहर 12 बजे जरुरी सामान के साथ तीनों लोग अंदर दाखिल हुए और जेल में आजम खां से करीब डेढ़ घण्टे तक मुलाकात की। जेल सूत्रों की माने तो इस दौरान आजम से राजनितिक हलचल पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और बेटे सहित पत्नी का भी हाल जाना। मुलाकात के बाद बाहर निकले सपा नेता सहित परिजनों ने मीडिया से कुछ भी बोलने से मना करते हुए वापस रवाना हो गये।

# बगावत कर बनी थीं पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**राजनीति**

- **आज ले सकती हैं भाजपा की सदस्यता, सोशल मीडिया पर चला बधाइयों का सिलसिला**

**अमृत विचारः** नगर निकाय चुनाव में जब भाजपा ने टिकट की घोषणा की, तब टिकट नहीं मिलने पर नाराज डॉ. इरा श्रीवास्तव भाजपा से बगावत कर चुनाव में निर्दलीय उतरी थीं। भाजपा की घोषित प्रत्याशी पुष्पा सिंह को करारी शिकस्त देकर स्थानीय नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष बनी थीं। कई महीनों के बाद फिर डॉ. इरा के भाजपा के साथ जाने की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

सोशल मीडिया पर यहां तक खबरें चल रही हैं कि डॉ. इरा श्रीवास्तव बुधवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकती हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, वह लखनऊ में प्रदेश कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता लेंगी। सोशल मीडिया पर खबरें चलने के बाद उनके आवास पर मंगलवार को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। देर शाम तक कैंप कार्यालय पर भीड़ लगी रही। दरअसल, नगर निकाय चुनाव में भाजपा से टिकट न मिलने पर उन्होंने बगावत करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था।

भाजपा ने नगर पालिका परिषद से अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष पुष्पा सिंह को चुनाव मैदान में उतारा था। डॉ. इरा ने चुनाव मैदान में भाजपा प्रत्याशी पुष्पा सिंह को हराया था। पालिकाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद से माना जा रहा था कि डॉ. इरा फिर भाजपा में शामिल होंगी। बुधवार को उनके समर्थकों के साथ लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की चर्चा है।

# योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सीतापुर

**अमृत विचार।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आरएस पाल ने बताया कि बुधवार को विकासखंड मिश्रिख के ग्राम बिजौली में एकदिवसीय (एससीएसपी) के अन्तर्गत योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संजय राठौर, क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीकृष्ण, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू एवं शाखा प्रबन्धक कुमार शाश्वत ग्रामीण बैंक शाखा कुतुबनगर उपस्थित रहे। जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनायें यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एमएमजीआरवाई) एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना (एमएमआरवाई) के बारे में विधिवत जानकारी दी और शाखा प्रबन्धक ने बैंक के माध्यम से ऋण वितरण में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी।




कार्यक्रम में योजनाओं के बारे में जागरूक करते अधिकारी। अमृत विचार

## एक अदद रोडवेज बस का इंतजार, सहारा बने डग्गामार

**सदरपुर, सीतापुर।** विधान सभा महमूदाबाद क्षेत्र के कस्बा सदरपुर व पास पड़ोस गांवों के लोगों को जिला मुख्यालय तक जाने के लिए लंबे समय से एक रोडवेज बस का इंतजार है। जिससे लोग आसानी से कम समय में जिला मुख्यालय पहुंच सकें।महमूदाबाद के पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा के प्रयास के बाद करीब पांच वर्ष पूर्व सीतापुर जाने के लिए एक रोडवेज बस चलाई गई थी। जो रोजाना सुबह बहादुरगंज से चल कर रामपुर मथुरा से गोड़ैचा व सदरपुर होते हुए मुख्यालय तक जाती थी। वह बस कुछ ही समय तक चल सकी और बंद हो गई। जिसके बाद से अब तक सदरपुर कस्बे से मुख्यालय जाने के लिए कोई रोडवेज बस नहीं है। लोगों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेकर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है। बशीर अहमद उम्र 60 वर्ष निवासी ग्राम शाहपुर बताते हैं कि गांव में आज तक परिवहन का कोई साधन नहीं है। ग्रामीणों को 15 -20 किलोमीटर पैदल या ई रिक्शा से जाने के बाद जिला मुख्यालय तक जाने वाली बस मिलती है। जिससे मुख्यालय तक पहुंचने में ज्यादा समय लगने के साथ साथ काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है।



आकार पत्र वितरण के दौरान मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

## बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी व चकबन्दी अधिकारी की मौजूदगी में हुआ वितरण

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मुसाफिरखाना तहसील के गाजनपुर दुवरिया गांव में पंचायत भवन पर सोमवार गांव के किसानों को पूरी हुई चकबन्दी के जोत चक आकार पत्र का वितरण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में चकबन्दी कर्ता व लेखपाल द्वारा किया गया। शुरूआती दौर में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी व चकबन्दी अधिकारी तथा सहायक चकबन्दी अधिकारी ने भी किसानों को जोत चकबन्दी आकार पत्र 45 का उद्धरण सौपा। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के गांव गाजनपुर दुवरिया में बीते 43 वर्षों से चकबन्दी प्रक्रिया में गांव चल रहा था। बीते एक वर्षों से शासन की मंशानुरूप इस कार्य में अप्रत्याशित तेजी आयी। शासन की मंशानुरूप इस गांव की चकबन्दी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार को गांव के किसान सर्वेश कुमार सिंह, श्री कृष्ण, टार्जन सिंह सहित सैकड़ों किसानों को जोत चकबन्दी आकार पत्र 45 का वितरण गांव गाजनपुर के पंचायत भवन पर किया गया। इस मौके पर बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी केलकर सिंह, चकबन्दी अधिकारी हरिभान सिहं, सहायक चकबन्दी अधिकारी के.एन. सिंह के साथ-चकबन्दी कर्ता व लेखपाल सहित सैकड़ों किसानों की मौजूदगी रही।

**सार-संक्षेप**

## बाघ ने सांड़ का किया शिकार, ग्रामीणों में दहशत

**संवाददाता, ममरी (लखीमपुर)।** पुलिस चौकी मूड़ा निजाम और मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के मस्तीपुर गांव की आबादी के पास पहुंचे बाघ ने खेत में घूम रहे सांड़ पर हमला करके मार दिया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत है। हमले की पुष्टि वन कर्मियों ने भी की है। मस्तीपुर वासियों के अनुसार रविवार की रात गांव की आबादी के समीप पहुंचा बाघ खेत में छुट्टा घूम रहे सांड़ पर हमला कर उसे गन्ने में खींच ले गया और अपना शिकार बना डाला। सोमवार सुबह लोग खेतों की ओर गए तो वहां सांड़ का अधखाया शव पड़ा देख उनके होश उड़ गए। यहां से सहजनिया जंगल की दूरी महज तीन किलोमीटर बताई गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे फॉरेस्टर शिवकुमार कश्यप, वनरक्षक अभिषेक वर्मा आदि ने बाघ के हमले, अधखाया शव मिलने की पुष्टि की है। अभी तक बाघ गन्ने के खेत में मौजूद है। उन्होंने गांव वालों को सतर्क रहने और सांड़ के शव के पास न जाने की सलाह दी है। वन कर्मियों ने बताया कि यह बाघ प्रभावित क्षेत्र है, यहां वन्यजीवों का आना-जाना बना रहता है।

## पूर्व सांसद रुवाब सईदा का निधन



पूर्व सांसद की (फाइल फोटो)।

**बहराइच:** शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व विधान सभा स्पीकर डॉक्टर वकार अहमद शाह की पत्नी पूर्व सांसद रुवाब सईदा का अलीगढ़ में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से सपा पार्टी में शोक है। पूर्व सांसद का शव लेकर उनके पुत्र यासर शाह बहराइच के लिए रवाना हो गए हैं। दोपहर बाद शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व सांसद रुवाब सईदा (75) पति पूर्व कैबिनेट मंत्री/पूर्व विधान सभा स्पीकर डॉक्टर वकार अहमद शाह अपनी बेटी डॉक्टर अलवीरा शाह के यहां इस समय अलीगढ़ में रहती थी। उनकी तबीयत कुछ दिन से खराब चल रही थी। मंगलवार सुबह 6.30 बजे के आसपास उनका हृदय गति रुकने से निधन हो गया। यह समाचार जिले में पहुंची तो परिवार के साथ सपा कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। सपा सोशल मीडिया के प्रभारी अर्जुन गुप्ता ने बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह रात में ही अलीगढ़ में बहन के घर पहुंच गए हैं। वह मां का शव लेकर बहराइच के लिए रवाना हो गए हैं। इसके बाद मंगलवार शाम को सात बजे के आसपास आजाद इंटर कॉलेज के निकट स्थित छड़े शाह तकिया के निकट कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो कि रुवाब सईदा वर्ष 1995 में जिला पंचायत अध्यक्ष, वर्ष 2004 में सांसद रहीं। इससे पूर्व वह तारा महिला इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य भी रहीं।

## वृंदावन के कलाकारों ने पूतना वध लीला का किया मंचन

पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार। बरगावां के दुर्गामंदिर पर रुद्रमहायज्ञ मेला महोत्सव के दौरान मथुरा वृंदावन से आये कलाकारों ने पूतना वध का मंचन किया। पूतना वध होते ही प्रांगण जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज गया। लीला की शुरुआत में दरबार में मौजूद राजा कंस अपने दरबारियों से भगवान श्रीकृष्ण को मारने की रणनीति बनाता है। इसी के चलते कंस राक्षसी पूतना को बुलाता है और श्रीकृष्ण को दूध पिलाने के बहाने आसमान में उड़ कर मार डालने का आदेश दिया। कंस का आदेश पाकर रूपसी बन गोकुल पहुंची पूतना ने नंद बाबा और यशोदा से आदेश लेकर कंस को दुलारने लगी और उन्हें दूध पिलाने के लिए स्तन पर लगा लिया। भगवान श्रीकृष्ण ने स्तन पर लगते ही दूध के बहाने पूतना के प्राण खींच लिए। पूतना के गिरते ही मौजूद दर्शक भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए घरों को लौट गए। कार्यक्रम स्थल को मेले का स्वरूप दिया गया था।जहां बच्चों के साथ पहुंचे लोगों ने मेले का लुत्फ भी उठाया और बच्चों ने खरीददारी की।

## एक नजर

### नहर किनारे चचेरे भाइयों का मिले शव, हत्या की आशंका

जारी/नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार : कौंधियारा थाना क्षेत्र के भरहरा गांव में नहर किनारे चचेरे भाइयों का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। कौंधियारा थाना क्षेत्र के भरहरा गांव में संजय (17) पुत्र राजेंद्र भारतीया एवं संदीप (16) पुत्र संगम लाल भारतीया की लाश गांव के बाहर नहर किनारे पुआल के ढेर में पाई गई है। बताया जाता है कि दोनों किशोर एक ही परिवार के हैं। मंगलवार सुबह उनका शव देखने के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया। कौंधियारा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि युवकों के मुंह से झांक निकल रहा था। इसलिए अंदेशा है कि किसी ने उन्हें जहरीला पदार्थ धोखे से खिलाकर मार डाला। कुछ लोग कह रहे हैं कि दोनों ठंड के कारण जान गवा बैठे हैं, जबकि दबी जुबान से कुछ लोग चर्चा कर रहे हैं कि इनका गांव के ही किसी महिला के साथ अवैध संबंध था। कौंधियारा की पुलिस ने कहा मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है जो जांच के बाद ही पता लग पाएगा।

### आज से हीरागंज नपं कार्यालय पर दिया जाएगा धरना

कुण्डा प्रतापगढ़। नवगठित हीरागंज नगर पंचायत में विकास कार्यों में अनियमितता और विभिन्न मांगों को लेकर शिकायतों की जांच न होने और सूचना न उपलब्ध कराए जाने से नाराज पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन का आरोप है कि एक हफ्ते पूर्व एसडीएम कुंडा को डीएम को सम्बोधित ज्ञापन देकर मांग की गई थी कि पूर्व में नगर पंचायत हीरागंज के वजीरपुर वार्ड के सभासद द्वारा की गई इंटरलॉकिंग निर्माण में अनियमितता के जांच में कोई प्रगति नहीं हुई। अभय ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे से वह अपने समर्थकों एवं नगर की जनता के साथ नगर पंचायत के अस्थायी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# सुलतानपुर के शैलेश ने चांद पर खरीदी तीन एकड़ जमीन

## तीन एकड़ जमीन के लिए देने पड़े मात्र 12 हजार रुपये

संवाददाता, सुलतानपुर



शैलेश सिंह।



चांद पर कराई गई ऑनलाइन रजिस्ट्री के दस्तावेज।

**अमृत विचार।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे हेमसिंह (रामनगर द्वितीय) गांव निवासी व्यवसायी शैलेश सिंह ने चंद्रमा पर तीन एकड़ जमीन खरीदी है। उन्होंने लूना सोसाइटी से जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। उन्होंने तीन एकड़ जमीन मात्र 12 हजार रुपये में खरीदा है।

लूना इंटरनेशनल लाइसेंस प्राप्त भूमि दावा बिक्री एजेंसी है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय लूना सोसाइटी द्वारा प्रशासित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने में मदद करती है। जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल है, साथ ही प्रत्येक ग्रेड स्तर पर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए धन उपलब्ध कराना शामिल है। शैलेश के रजिस्ट्री दस्तावेज़ में वाष्प सागर में संपत्ति की एक विस्तृत तस्वीर भी दी गई है, जो संपत्ति पथ का सटीक स्थान दिखाती है। लूनर ऑर्बिटर डेटाबेस की इस डिजिटल तस्वीर में पथ के क्षेत्र में स्थित सभी विशेषताएं शामिल हैं और यह संपत्ति को इंगित करने में सहायक है। पंजीकृत दावे में संपत्ति का स्थान, अक्षांश और देशांतर, पथ संख्या, लॉट संख्या और इसमें दर्ज मात्रा संख्या, साथ ही पंजीकरण की तारीख भी शामिल है। संपत्ति का रिकॉर्ड इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री द्वारा अपने वार्षिक प्रकाशन में स्थायी रूप से दर्ज किया जाता है, जिसे कॉपीराइट किया जाता है।

### चांद पर जमीन का मालिक बनना गौरव की बात

शैलेश ने बताया कि हम बिजनेसमैन है। काफी समय से कुछ असामान्य व मज़ेदार चीज खोज रहे थे। इससे बेहतर उपहार क्या हो सकता है। जब अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर गया तब लोगों की नजर वहां गई। हमको सपना आया कि क्यों न वहां जमीन खरीदी जाय, जो आने वाले भविष्य में कभी काम आए। इसी कारण हमने वहां तीन एकड़ जमीन खरीदी है।

### लूना इंटरनेशनल के बारे में जानें

चांद पर जमीन बेचने के लिए लूना इंटरनेशनल सोसायटी खुद को लाइसेंस प्राप्त एजेंसी होने का दावा करती है। इसकी वेबसाइट पर इसका कार्यालय स्विट्जरलैंड और न्यूयार्क में बताया गया है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय को विभिन्न अंतरिक्ष कार्यक्रमों पर खर्च किया जाता है, जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल होने का भी दावा है। हालांकि 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक चांद की जमीन पर किसी एक देश का एकाधिकार नहीं है और इस पर करीब 110 देशों के हस्ताक्षर हैं, लेकिन सालों से लूना सोसायटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री के जरिए चांद पर ऐसी जमीनें बेच रही है। जिसकी कानूनी मान्यता स्थापित नहीं है।

### रुपये की नहीं, सोच की वैल्यू: शैलेश

37 वर्षीय शैलेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पूरी हुई। परास्नातक डिग्री कूरेभार से हासिल की। 2010 से ठेकेदारी कर रहे हैं। वर्तमान समय में श्री राम मंदिर अयोध्या में एलएनटी कंपनी के साथ मैन पावर सप्लाई का काम कर रहे है। आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक में भी इनका काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान जब गया तो खूब चर्चा हुई। गुजरात और लखीमपुर के लोग वहां पर जमीन खरीदे, इसका समाचार देखा। मन में आया कि हम भी खरीदे। नेट पर सर्च किया। मात्र तीन हजार रुपये एकड़ जमीन चांद पर मिल रही है। कोई भी आनलाइन खरीद सकता है। तीन एकड़ जमीन 12 हजार में खरीदा। रुपया नहीं सोच की वैल्यु है। करीब तीन माह में सारी प्रक्रिया पूरी होती है। मैंने अपनी तहसील बल्दीराय में चेक कराया तो वहां पर मेरी रजिस्ट्री का दस्तावेज फेयर मिला।

# मन्नत का खुलासा, अतीक ट्रेडर्स के खाते में कहां से आई करोड़ों की रकम

## एलआईयू कर रही मामले की जांच कि खाते में चार करोड़ कहां से आए

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** माफिया अतीक अहमद ने ग्रेटर नोएडा में शाहरुख खान के 'मन्नत' की तर्ज पर अपनी "मन्नत" कोठी बनाई थी। जिसकी कीमत चार करोड़ रुपये बताई गयी है। इतनी बड़ी रकम कहा से आई। इसकी जांच एलआईयू कर रही है। जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ है कि ग्रेटर नोएडा में अतीक का एक खाता है, जिसमे अतीक ट्रेडर्स नाम के बैंक अकाउंट खोला गया था। उस खाते में चार करोड़ की रकम आई थी। इस रकम से उसने "मन्नत" कोठी खरीदी गयी थी। जांच में यह भी पता चला है कि कई सालो तक इस बैंक में लाखों का लेन-देन किया गया है।

**▸▸ अतीक ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में अतीक ट्रेडर्स के नाम से खुलवाया था खाता**

सूत्रों के मुताबिक अतीक अहमद ने स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में अतीक ट्रेडर्स के नाम से खाता खुलवाया था। इस खाते में कई सालों तक लाखों रुपए की लेनदेन की गई। पुलिस की छानबीन में कुछ ऐसे खुलासे हुए हैं, जो चौंकाने वाले हैं। इस अतीक ट्रेडर्स के खाते में 4 करोड़ रुपए भेजे गये थे। जिस रकम से मन्नत कोठी खरीदी गई थी। पुलिस अधिकारियों ने खाते की जांच शुरू कर दी है। इस खाते में पैसा कहां से आया और किसने भेजा है। उस व्यक्ति की भी जांच और खोजबीन की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि इस खाते से साल 2014 में 55 लाख रुपए का लेनदेन किया गया था। पुलिस और आयकर विभाग की जांच में यह भी बात सामने आई है कि साल 1990 से बाद से कोई रिटर्न नहीं भरा गया है। अब ऐसे में पुलिस इस कंपनी को फर्जी मानते हुए पता लगा रही है कि खाता में पैसा भेजने वाले कौन है। अधिकारियों की माने तो अतीक ट्रेडर्स के खाते में पैसे भेजने वालों की सूची भी तैयार की जा रही है। जल्द ही उस सूची मे शामिल लोगों का नाम भी सामने आएगा। मालूम हो कि अभी 2 दिन पहले ही पुलिस कमिश्नर कोर्ट ने करीब चार करोड़ रुपये की मन्नत कोठी को गैंगस्टर एक्ट में कुर्क करने का दिया जारी किया है।

# वकीलों ने उत्पीड़न के खिलाफ किया प्रदर्शन

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** अधिवक्ताओं पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर मंगलवार को वकीलों का हुजूम सड़क पर उतर आया। कमिश्नरेट प्रयागराज पुलिस के खिलाफ अधिकवक्ता सड़क पर उतर आये और नारे बाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों के हांथ पांव फूल गये। अधिकारी मौके पर पहुंचे अधिवक्ताओं को मनाने के लिए मान मनौव्वल करने लगे। वकीलों शव कहना था कि पुलिस अधिवक्ताओं का अपमान कर रही है। फर्जी मुकदमो में फंसाने का कम कर रही है।

अधिवक्ताओं के उत्पीड़न के मामले को लेकर जनपद न्यायालय में सोमवार को ही वकीलों ने हंगामा किया था। मामले में पुलिस कमीश्नर की तरफ से कोई कार्रवाई न किये जाने से नाराज अधिवक्ताओं ने मंगलवार को आक्रोशित होकर अड़क पर उतर आये और चक्कजाम करते हुए हंगामा शुरु कर दिया। सूचना पर कई पुलिस अधिकारी और ऊ जिलाधिकारी पहुंचकर मान मनौव्वल करने लगे। लेकिन अधिवक्ताओं ने एक न सुनी और हंगामा करते रहे। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र उर्फ रज्जू ने बताया कि जिले भर से बार को जानकारी मिल रही है कि मुवक्किलों के मुकदमों की पैरवी को लेकर कमिश्नरेट पुलिस लगातार वकीलों के खिलाफ झूठे मुकदमें दर्ज कर रही है। उन्हे फंसा रही है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने मुलाक़ात करने का समय दिया था लेकिन मुलाक़ात के लिए नहीं बुलाया गया।

**▸▸ मान मनौव्वल में जुटे रहे अधिकारी**

# बेसहारा जानवर चौपट कर रहे फसल आक्रोशित ग्रामीणों ने किया कैद

कार्यालय, कुण्डा प्रतापगढ़



**अमृत विचार :** बेसहारा जानवरों इस कदर फसलों को चौपट कर रहे हैं कि किसान त्रस्त हैं। गुस्साए ग्रामीणों ने एकजुट होकर सैकड़ों मवेशियों को पानी की टंकी के बाउंड्री वाल के अंदर बंद कर दिया। अफसरों से इस समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

बाबागंज ब्लाक के गिस्था, रायअसकरनपुर ग्राम पंचायत समेत आसपास के गांवों में बेसहारा जानवर किसान की फसलों के लिए मुसीबत बने हैं। फसलों को बचा पाना किसानों के लिए मुश्किल है। आए दिन बेसहारा पशु खेतों में घुसकर फसल को नष्ट कर रहे हैं, जिससे किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। मंगलवार को बेसहारा मवेशियों से परेशान गिस्था गांव के ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर आसपास के खेतों में घूम रहे बेसहारा पशुओं को खदेड़कर गिस्था गांव में बनी पानी की टंकी की बाउंड्री वॉल के अंदर कर बाहर से ताला बंद कर दिया। सूचना पर परियोजना निदेशक और प्रभारी खंड विकास अधिकारी बाबागंज डा.आरसी शर्मा ने बताया कि जल्द ही जमीन चिन्हित करके गौशाला का निर्माण कराया जाएगा। किसान संजय पटेल और देवेश, रामू समेत किसानों ने कहा कि फसलों की रखवाली के लिए रातभर पहरा देना पड़ता है। वहीं किसानों ने अफसरों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थिति में रेलकर्मी मौत

**कौशांबी। अमृत विचार:** सिराथू रेलवे स्टेशन में टीआरडी विभाग में सहायक के पद पर तैनात रेलवे कर्मचारी जा मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहुंचकर शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जांच पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक दिनेश कुमार पाल 51 वर्ष पुत्र स्व.सीताराम पाल निवासी गड़रियन का पुरवा मजरा अफजल पुर सातों थाना कड़ा धाम सिराथू टीआरडी विभाग (रेलवे) में सहायक के पद पर कार्यरत थे। बीती रात कमरे की कुंडी लगाकर सो गये। मंगलवार की सुबह काफी देर इस कमरे से बाहर नहीं निकले तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। काफी देर के बाद भी वह कमरे से बाहर नहीं आये। घरवालो ने सिराथू चौकी पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने परिजनों के सामने दरवाजा तोड़कर देखा तो बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़े थे। परिजनों की तहरीर पर चौकी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वहीं परिजनों में कोहराम मचा रहा। लोगों के अनुसार रेलवे कर्मचारी की मौत हार्ट अटैक से बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गयी है।

**▸▸ सिराथू रेलवे स्टेशन में टीआरडी के पद पर थे तैनात**

# क्रिकेटर के साथ हुई मारपीट युवकों के खिलाफ दी तहरीर

**नैनी, प्रयागराज।** यमुनानगर के नैनी कोतवाली अंतर्गत गंगोत्री नगर इलाके में सोमवार की रात कुछ युवकों ने स्टेट क्रिकेटर को बुरी तरह से मारपीटकर घायल कर दिया। घटना के बाद मौके के मारपीट करने वाले भाग निकले। किसी तरह चल घायल युवक ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। मामले में पुलिस तहरीर के आधार पर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली के चीनी मिल के समीप रहने वाले करण राज पुत्र स्वर्गीय राजकुमार झारखण्ड स्टेट क्रिकेटर है। वह इन दिनों अपने घर आये हुए है। उनकी गंगोत्री नगर में एक रेस्टोरेंट भी है। सोमवार की रात वह अपने रेस्टोरेंट से वापस लौट रहे थे। उस दौरान करीब आधा दर्जन युवकों ने उन्हें रोककर मारपीट शुरु कर दी। घटना के दौरान हमलावरों ने करण को मारपीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया और भाग निकले। किसी तरह से करण नैनी कोतवाली पहुंचकर मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

## सार-संक्षेप

### रोजगार मेले में 152 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ चयन



**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** उ.प्र. कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, आईटीआई एवं जनपद के अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार/स्वरोजगार में नियोजित कराने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के अन्तर्गत ब्लाक स्तरीय वृहद रोजगार मेला स्वर्णिम निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रामगंज आसपुर देवसरा में आयोजित किया गया। शुभारम्भ आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य बीबी सिंह ने किया। मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं जनपद के लगभग 208 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया व 175 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया। नियोक्ता कम्पनी टाटा मोटर्स, कॉसमॉस ग्रुप, मिंडा, यजाकी प्रालि, मदरसन सूमी द्वारा करीब 152 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करते हुये उन्हें रोजगार/स्वरोजगार के नये अवसर मुहैया कराया गया। जिला कौशल प्रबन्धक वंदना सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिये संकल्पित है। मृत्युंजय पाण्डेय जिला कौशल प्रबन्धक, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रवीन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र, प्रशिक्षण प्रदाता व नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त की बाबा साहब की प्रतिमा



**कुंडा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज के आंबेडकर नगर कल्यानपुर में डा. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति लगाई गई है। मंगलवार की रात अराजक तत्वों ने डाक्टर आंबेडकर की मूर्ति में चेहरे को क्षत्रिगस्त कर दिया। सुबह लोगों ने देखा तो आक्रोशित हो गए। सूचना पर महेशगंज थाना प्रभारी श्रवण सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचे। आक्रोशित लोगों से बात कर समझाया। जानकारी मिलने पर बसपा जिलाध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अभय प्रताप सिंह पप्पन भी मौके पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त मूर्ति की जगह नई लगवाने की बात कही। ग्रामीणों के समक्ष अभय प्रताप सिंह पप्पन ने नई प्रतिमा के लिए 21 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग किया। कहा कि महापुरुष की मूर्ति क्षतिग्रस्त करना दुर्भाग्य की बात है। पुलिस जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बेल्हा में अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी के लिए जमीन चिह्नित

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जीआईसी परिसर में डिजिटल पुस्तकालय के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। यह पुस्तकालय अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसकी सूचना जिलाधिकारी ने शासन को भेज दी है। जनपद में डिजिटल पुस्तकालय के लिए डीएम संजीव रंजन, सीडीओ नवनीत सेहारा के निर्देशन में जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जीआईसी के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी व पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय जिला पुस्तकालय नसरत अली के संयुक्त प्रयास से जनपद प्रतापगढ़ के लिए शासन द्वारा प्रस्तावित अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय को जमीन जीआईसी परिसर के पश्चिमी छोर पर जिलाविद्यालय निरीक्षक कार्यालय के नजदीक चिन्हित की गई है। इस लाइब्रेरी की लागत लगभग 14 करोड़ रुपये है। पुस्तकालयाध्यक्ष नसरत अली ने बताया कि अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय के लिए जमीन उपलब्ध कराने वाला प्रदेश में पहला जनपद जनपद प्रतापगढ़ है।

### माघ मेले में गौ संसद का प्रस्ताव हुआ पारित



**प्रयागराज।** संगम तीरे लगने वाले माघ मेले में मंगलवार को गौ संसद का आयोजन हुआ। जिसमें शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग उठाई गई। वही गौ हत्या में रूप से मदद करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की भी मांग की गई। इस दौरान अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि गौ हत्या में सहयोग करने वाले 3 महीने में प्रायश्चित करके इस कार्य से दूर होते है तो उन्हें समाज में रहने का अधिकार मिलेगा नहीं तो उन्हें समाज से सार्वजनिक रूप से बहिष्कार कराया जाएगा। शंकराचार्य ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम लाल बाल स्वरूप में विराजमान हुए हैं। उन्हें राष्ट्र माता यानि राम गाय के दूध का भोग लगेगा। जिसके लिए गोवंश को बचाना और सुरक्षित करने के लिए हिंदुओं को आगे आना होगा। ऐसे में हिंदू को एक होना होगा। इस गौ संसद में सांसद, विधायक ही नहीं बल्कि देश के अलग-अलग राज्यों से आए हुए साधु, संत, महात्मा भी इस गौ संसद में पहुंचकर एक साथ हुंकार भरी है। यह गौ संसद ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की अगुवाई में आयोजित किया गया। इस दौरान संसद में द्वारिका पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती भी मौजूद थे।



### जालसाज आवेदकों की आईडी हैक कर मांग रहे पैसा

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने वालों की आईडी हैक कर जालसाज फोन करके पैसे की मांग कर रहे हैं। पैसा न देने पर उन पर दबाव डाला जा रहा है। आवेदकों ने सीडीओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। कोतवाली देहात के पूरे खुशई मोहनगंज गांव की सपना यादव, सुनीता देवी, रीना, नीता, खुशबू गौतम, श्वेता, विद्या, नीलू ने शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा श्रम योजना का लाभ लेने के लिए माह भर पहले आवेदन किया था। इन सभी के शैक्षिक प्रपत्र जमा करने के लिए गरिमा गर्ल्स इंटर कालेज सराय भीमसेन बरईपुर मानधाता में बुलाया गया था। इस दौरान संस्था के अधिकारियों ने आवेदकों से कहा कि आप लोग जाइए। प्रशिक्षण के लिए आपके मोबाइल नंबर पर फोन आएगा। इस दौरान इन सभी आवेदकों के मोबाइल नंबर पर बारी-बारी से फोन आया और इन्हें राजकीय आइटीआई में बुलाया गया। यहां पूछने पर पता चला कि वह फ्राड कंपनी है। इस दौरान आवेदकों ने बताया कि कंपनी के सदस्यों ने हम लोगों की आईडी को हैक कर लिया है। मोबाइल पर फोन करके पैसे की मांग कर रहे हैं। ओटीपी मांगी जा रही है। न बताने पर धमकी दी जा रही है। सीडीओ नवनीत सेहारा का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

**विश्वकर्मा श्रम योजना**

# एक गांव ऐसा भी : रसगुल्लों की आमदनी से जलते हैं चूल्हे

मिथिलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश की विविधता में भी एकरुपता देखनी हो तो प्रयागराज के इस गांव पहुंचिए। यहां हर घर का चुल्हा रसगुल्लों की आमदनी से जलता। इससे भी हैरत वाली बात यह है कि इसकी मिठास यहां के वासिंदों के आपसी रिश्तों में इस कदर घुली है कि कमाई हो न हो सुबह शाम चुल्हें सबके जलते हैं।

प्रयागराज से रीवा रोड पर चलते हुए करीब 15 किलोमीटर आगे घूरपुर इरादतगंज हाईवे से सटा बिगहिया गांव है। गांव में तकरीबन 200 घर हैं। इस गांव के हर घर में रसगुल्ले की एक दुकान है जो पूरे परिवार के आजिविका का साधन है। परिवार के बुजुर्ग से लेकर महिलाएं तक पूरे दिन रसगुल्ले की दुकानें संभालती हैं। यहां पहुंचते ही हाईवे की रफ्तार थम जाती हैं।



**हर रिश्ते में घुली है इसकी मिठास**

### दक्षिण भारत तक फैले हैं इन रसगुल्लों के दीवाने

गाड़ियों की कतार यहां हर वक्त देखने को मिलेगी। लोग खाते भी हैं और ले भी जाते हैं। दो-तीन साल में ही यह गांव रसगुल्लों की मंडी सा बन गया है। स्थित यह है कि अब यहां के रसगुल्लों की मांग दक्षिण भारत तक होने लगी है। केवल यहां के दुकानदार डिमांड पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट के जरिए इन रसगुल्लों की सप्लाई चेन्नई, बेंगलूरू, हैदराबाद सहित कई शहरों तक कर रहे हैं।

### जिसकी आमदनी नहीं होती गांव वाले उठाते हैं उसका खर्च

चंद्रमा सिंह के मुताबिक अब यहां करीब हर घर में रसगुल्ले की दुकान हो गई है। लेकिन किसी के बीच प्रतिस्पर्धा नही बल्कि सहयोग की भावना से हर कोई अपनी दुकानदारी करता है। उनका कहना है कि कभी-कभी किसी दुकान पर ग्राहक नहीं पहुंचते तो उसकी आमदनी नहीं हो पाती है। ऐसे हालात में बाकी दुकानदार मिलकर उसका उस दिन का खर्च उठाते हैं। गांव वालों ने ठान रखा है कि जिसकी कमाई नहीं होगी उसका भी चुल्हा बुझने नहीं पाएगा।

### कोरोना ने सिखाया जुबान पर मिठास घोलने का यह हुनर

रसगुल्लों की दुकान लगाने वाले गांव के निवासी चंद्रमा सिंह बताते हैं कि यहां ज्यादातर लोग मजदूरी पेशा वाले थे। गांव में रहने वाले दिहाड़ी पर काम करके रोजी रोटी चलाते थे। युवा वर्ग सूदूर प्रदेशों में जाकर कामकाज करता था। कोरोना काल बाहर रहने वालों की नौकरियां छूट गई। गांव में भी काम मिलना बंद हुआ तो दोनों वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया। गांव के कुछ बुजुर्ग मिठाई के कारीगर थे। इन्हीं बुजुर्गों ने रसगुल्ले बनाने का सुझाव दिया। अपने हुनर को गांव के युवाओं को सिखाया और उन्हें खुद की दुकान खोलने के लिए प्रोत्साहित किया। यही शुरु हुआ रसगुल्लों का सफर दो-तीन सालों में काफी आगे निकल गया।

# राममंदिर देश का गौरव, अब आ गया रामराज्य : पेमा खांडू

- ▸▸ अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बोले- अयोध्या में बनेगा अरुणाचल प्रदेश भवन
- ▸▸ 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ किए रामलला के दर्शन, किया जय श्रीराम का उद्‌घोष

अयोध्या कार्यालय



राममंदिर में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** निर्माण संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद देश में रामराज्य आ गया है। ये बात आज मंगलवार को अयोध्या पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर कही। पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि अयोध्या में अरुणाचल प्रदेश भवन का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रामनगरी में अरुणाचल प्रदेश का प्रतीक चिह्न भी स्थापित करेगी इसका प्रयास किया जा रहा है।

## जन्मभूमि परिसर में 73 मिनट रहा 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल

अरुणाचल प्रदेश से मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में मंगलवार को उनके मंत्री मण्डल के सहयोगियों सहित लगभग 55 विधायकगण व पांच वरिष्ठ अधिकारियों का दल श्रीरामजन्मभूमि परिसर में करीब 73 मिनट रहा। सबसे पहले मुख्यमंत्री फ्लीट के साथ गेट नम्बर 11 से दाखिल हुए उसके बाद तीन ई-बसों में मंत्रिमंडल के सदस्य। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे दल ने यहां श्रीराम लला के दरबार में श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण, मंदिर की विशेषताएं आदि के बारे में जानकारी दी। खास बात यह रही कि इस दौरान आम श्रद्धालुओं का दर्शन नहीं रोका गया। दर्शन के बाद लौटते वक्त मुख्यमंत्री ने मीडिया को देख हाथ हिलाया। वहीं ई-बसों से में सवार मंत्रिमंडल के सदस्यों ने जय श्रीराम का उद्‌घोष किया। यहां से मंत्रिमंडल सीधे एयरपोर्ट पहुंचा और निर्धारित अवधि से आधे घंटे विलम्ब से अरुणाचल के लिए रवाना हुए।

प्रतीक चिह्न का स्वरूप क्या होगा यह अभी तय नहीं लेकिन शीघ्र ही इसकी जानकारी सामने आयेगी। इससे पहले चार्टड प्लेन से मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे यहां मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के सदस्यों का सांस्कृतिक अभिनंदन किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वागत किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने यहां गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।

# धर्म दर्शन

भारद्वाज मुनि के संबंध में बाबा तुलसी ने मानस में लिखा-भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा, तिन्हहि राम पद अति अनुरागा। तापस सम दम दया निधाना, परमारथ पथ परम सुजाना।। अर्थात भारद्वाज मुनि प्रयाग में रहते हैं, उनका श्रीरामचंद्र जी के चरणों में अधिक प्रेम है। वे तपस्वी, शांत स्वभाव, इन्द्रियजित, दयालु और परमार्थ के मार्ग में बड़े चतुर हैं। एक बार माघ मास में तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी तट पर भारद्वाज मुनि के आश्रम में बहुत सारे मुनियों के साथ भारद्वाज के गुरु महर्षि याज्ञवल्क्य पधारे। भारद्वाज मुनि ने याज्ञवल्क्य ऋषि के समक्ष अपना संशय प्रकट किया-रामु कवन प्रभु पूछऊं तोही।



## भरद्वाज मुनि बसहिं प्रयागा

याज्ञवल्क्य ऋषि ने जो रामकथा भारद्वाज मुनि को सुनाई वही कथा मानस में बाबा तुलसी ने गाया। वाल्मीकि रामायण और तुलसी के मानस दोनों में उल्लेख है कि राम वन जाते समय भारद्वाज आश्रम गए तथा भरत भीराम को वापस लाने के लिए जब चित्रकूट जा रहे थे तो प्रयाग में भारद्वाज मुनि के आश्रम में रुके थे। वाल्मीकि रामायण में क्रौंच युगल में से नर पक्षी की निषाद द्वारा हत्या किए जाने पर महर्षि वाल्मीकि को जो शोक हुआ और काव्य की जो धारा फूटी-मा निषाद प्रतिष्ठाम त्वमगमः शाश्वतीह समाः,यत क्रौन्च्मिथुनादेकमवाधिः काममोहितम। उसके साक्षी महर्षि वाल्मीकि के शिष्य भरद्वाज मुनि भी रहे। योगवशिष्ठ के अनुसार महर्षि वाल्मीकि ने सर्वप्रथम रामायण की कथा भारद्वाज मुनि की पत्नी पैठनसी को ही सुनाई थी। वाल्मीकि रामायण में अयोध्या कांड सर्ग 89 श्लोक 23 में भारद्वाज मुनि को देव पुरोहित से संबोधित किया गया है।

श्रुति-स्मृति-पुराण में भारद्वाज मुनि का संदर्भ मिलता है। अंगिरस वंशीय वृहस्पति अंगिरस के पुत्र-भारद्वाज मुनि वैदिक सुक्त-दृष्टा थे जिन्हें ऋग्वेद के छठवें मंडल के अनेक सूक्तों के प्रणयन का श्रेय दिया जाता है। अथर्ववेद और ब्राह्मण ग्रंथों में भारद्वाज मुनि का उल्लेख मंत्र दृष्टा ऋषि के रूप में मिलता है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

भारद्वाज मुनि के संबंध में बहुत सी कथाएं वायु पुराण, मत्स्य पुराण, विष्णु पुराण और ब्रह्मांड पुराण में मिलती हैं जिनके मंथन से स्पष्ट होता है कि अंगिरस पुत्र वृहस्पति वैशाली के मरुत राजा के पुरोहित थे। वैशाली में ही भारद्वाज का जन्म हुआ। इनका लालन-पालन मरुत राजा ने ही किया। आगे चलकर भारद्वाज मुनि काशिराज सुदेव पुत्र दिवोदास के पुरोहित बने। वायु पुराण और मत्स्य पुराण के अनुसार सुविख्यात पुरुवंशीय सम्राट राजा दुष्यंत और शकुंतला के यशस्वी पुत्र महाराज भरत जिससे भरत राजवंश की उत्पत्ति हुई और इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा,उनके कोई पुत्र नहीं था। वैशाली के मरुत ने पुत्र के रूप में भारद्वाज को भरत को प्रदान कर दिया।

भारद्वाज पहले ब्राह्मण थे,भरत के पुत्र होने के बाद क्षत्रिय कहलाए। दो पिताओं का पुत्र होने के कारण भारद्वाज को द्वयामुश्यायण भी कहा जाता है। मत्स्य पुराण और वायु पुराण में उल्लेख मिलता है कि भरत के मृत्योपरांत भारद्वाज ने राजपाट अपने पुत्र को सौंप कर वन चले गए। भरत वंश कई शाखा में बंटकर समस्त उत्तर भारत पर राज्य किया। भारद्वाज जन्मना कर्मणा ब्राह्मण और क्षत्रिय रहे। इसलिए भरत वंश में एक शाखा ब्राह्मण-क्षत्रिय मिश्रित रही जिसे उरुक्षय वंश कहा गया जिसमें महर्षि काप्य, महर्षि सांकृति, महर्षि गार्ग्य प्रसिद्ध हैं।

महाभारत में एक ऋषि भारद्वाज का उल्लेख मिलता है,जो उत्तर पांचाल के राजा पृषत के मित्र थे और कौरव पांडव के गुरु द्रोणाचार्य जिसके पुत्र थे। इन भारद्वाज को भी अन्गिराकुलोत्पन्न बताया जाता है,पर यह संशय है कि ये वही भारद्वाज हैं,जो त्रेतायुग में प्रयाग में बसते थे।

भारद्वाज के सूक्तों से विदित होता है कि महर्षि भारद्वाज का संबंध पायु, रजि, पेरुक जैसे मध्येशिया की जातियों से था। हिलेब्रांट ने अपनी पुस्तक वैदिक माइथोलॉजी में उल्लेख किया है कि सृंजयों के साथ भी भारद्वाज संबद्ध थे। विद्वानों का मत है कि महर्षि भारद्वाज ने प्रयाग त्रिवेणी तट पर गुरुकुल स्थापित कर इसे ज्ञान का केंद्र बनाया जहां भारत के बाहर से भी विद्याध्ययन के लिए जिज्ञासु आते रहे। मंत्रदृष्टा के साथ-साथ,महर्षि भारद्वाज,धर्मशास्त्रकार, व्याकरण,आयुर्वेद धनुर्वेद के मनीषी तथा राजनीतिशास्त्र कार तथा वैज्ञानिक के रूप में प्रसिद्ध रहे। वायु पुराण के अनुसार उन्होंने आयुर्वेद संहिता आठ भागों में लिखी। यंत्र सर्वस्व ग्रंथ में वैमानिकी का वर्णन बताया जाता है। मुंबई विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में श्रौतसूत्र की एक पांडुलिपि है,जो भारद्वाज द्वारा लिखी कही जाती है। भारद्वाज का उल्लेख कौटिल्य के अर्थशास्त्र में सात बार आया है। राजनीतिशास्त्र विषयक ग्रंथ-यशस्तिलक ग्रंथ में भारद्वाज के राजनीति विषयक श्लोक उपलब्ध हैं। भारद्वाज ऋषि ही ऐसे गोत्रकार ऋषि हैं,जो सभी वर्णों-ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र के विभिन्न आस्पद में गोत्र के रूप में मिलते हैं। भारद्वाज मुनि बसही प्रयागा जिन्हें रामपद अति अनुरागा।

## विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य

आधुनिक दक्षिण भारत के तमिलनाडु प्रांत के श्रीपेरुम्बुदूरपुरम् (तत्कालीन भूतपुरी) के एक तमिल ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनकी माता का नाम 'कांतिमती' तथा पिता का नाम केशव भट्ट या सोमैय्या था। विशिष्टाद्वैत दर्शन के प्रवर्तक होने के अतिरिक्त उनको हिंदूधर्म के पुरातन वैष्णव संप्रदाय का धुरंधर परमाचार्य माना जाता है। बचपन में ही उनको वैदिक शिक्षा के अध्ययन के निमित्त आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन से प्रभावित गुरु यादव प्रकाश के संरक्षण में भेज दिया गया। वहीं पर वह 'वरदराज पेरुमल मंदिर' के आराध्य भक्त बन गए। उनकी विलक्षण प्रतिभा और श्रीहरि विष्णु के प्रति अनन्य भक्ति उनके गुरु से अलगाव का कारण बनी। उधर यही अलगाव रामानुज के घूम-घूमकर उपदेश प्रसार के स्वर्णिम अवसरों का कारण बनी। उन दिनों वैष्णव धर्म के सुख्यात आचार्य एवं श्रृंरंगमपुरम के सुप्रसिद्ध "श्रीरंगस्वामी मंदिर" के प्रधान पुजारी "यामुनाचार्य" दक्षिण भारत के तत्कालीन चोल राज्य के सबसे लोकप्रिय आचार्य थे। नए उपदेशक की सुख्याति ने उनका ध्यान आकर्षित किया। स्वयं आगेआ "इलैय्यावार" (रामानुज का मूल तमिल नामथा, जिसका अर्थस्वतः 'प्रकाशमान' होता है) से संपर्क किया तथा अपना पट्टशिष्य और उत्तराधिकारी घोषित किया।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अपने गुरु की अंतिम इच्छा का पालन करने के लिए 'इल्लैय्यावर' से 'रामानुज' बने आचार्य ने तीन-तीन कठिन संकल्प लिया था। यामुनाचार्य की तीन इच्छाएं पूरी न हो सकीं थीं। उनके शिष्यों के अनुसार उनके गुरुदेव की तीन ये प्रतिज्ञाएं क्रमशः ब्रह्मसूत्र का भाष्य लिखना, (2) दिल्ली के सुल्तान के यहां से श्रीराम मूर्ति जी, वैष्णवाचार्य का उद्धार तथा (3) विशिष्टाद्वैत के चतुर्दिक प्रचार हेतु दिग्विजय हेतु भ्रमण। पारंपरिक अनुश्रुति के अनुसार ज्योंही मृतगुरु के शव के रामानुजाचार्य जी ने तीनों की पूर्ति का प्रण लिया, गुरु की टेढ़ी हुई तीनों अंगुलियां स्वतः सीधी हो गईं। गुरु यामुनाचार्य का अंतिम संस्कार संपन्न कर रामानुज जी कांचीपुरम लौट गए। वहां से लौटने के बाद अपने वैवाहिक जीवन से ऊबकर संन्यासी बन चुके रामानुजाचार्य ने कांची में ही महापूर्ण स्वामी से व्यासकृत वेदांत सूत्रों के अर्थ के साथ तीन हजार गाथाओं का उपदेश भी प्राप्त किया।

## शक्ति संपन्न सोमदेव

हे यज्ञ साधनों। आप नेतृत्व की क्षमता से संपन्न हैं। हम आपके माध्यम से राक्षसी शक्तियों के मर्मस्थल पर प्रहार करते हैं। हम द्युलोक, अंतरिक्ष एवं पृथ्वी के हित की दृष्टि से आपको शुद्ध करते हैं। आप पिता की तरह पालक एवं प्रजाओं के आश्रय हैं। आप अपनी सद्भावनाओं से द्युलोक का स्पर्श करें,सद्विचारों से अंतरिक्ष को भर दें तथा सत्कर्मों से पृथ्वी को सुदृढ बनाएं। हे सर्वव्यापी यज्ञदेव। ज्ञानीजनों का समूह आपको सूर्य के दिव्य प्रकाश की भांति कण-कण में समाया हुआ अनुभव करता है। समस्त पृथ्वी, वन एवं पशुओं में आपका ही विस्तार है। आप याजकों को चारों ओर से भरपूर वैभव प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हे याजक! हम आपके प्राण, वाणी, दृष्टि, श्रोत्र नाभि आदि अंगों को शुद्ध करते हैं। इस प्रकार आपके चरित्र का शोधन करके उसे यज्ञानुकूल बनाते हैं। आपके मन,वाणी और प्राण उत्कर्ष को प्राप्त करें। आपके नेत्र एवं कर्ण कल्याणकारी शक्तियों से संयुक्त रहें। आपके समस्त आचरण सदैव सुखदायी हों। हे औषधे। इनकी रक्षा करें और इन्हें नष्ट होने से बचाएं। हे जलदेवता। आप जिस प्रकार शरीरस्थ मैलों को दूर करते हैं,उसी प्रकार याजक के जो भी ईर्ष्या, द्वेष, असत्य भाषण, मिथ्यादोषरोपण आदि निंदनीय कर्म हैं,आप उन सब दोषों को दूर करें। जल एवं वायु अपने प्रवाह से पवित्र करके हमें यज्ञीय प्रयोजन के अनुरूप बनाएं।

हे हवि! आप स्थूल,सूक्ष्म और कारण रूप में सिंधुपर्यंत पृथ्वी,अंतरिक्ष एवं द्युलोक तक अपना विस्तार करें। आप इस जगत के उत्पादक सविता देवता,मित्र,वरुण, सोम, वैश्वानर अग्नि, दिन, रात्रि, छंदों, यज्ञादि समस्त देव शक्तियों को तृप्ति प्रदान करें। अपने धूम्र अर्थात् वायु-भूत ऊर्जा से द्युलोक को प्रकाश से अंतरिक्ष को एवं भस्म से पृथ्वी को परिपूर्ण करें। हमारे अंतःकरण को सत्कर्म के लिए दिव्य प्रेरणाएं प्रदान करें। हे सोमरूपी अमृत का संरक्षण करने वाली देवशक्तियों। आप कल्याणकारी हैं, वृत्र रूप विकारों का नाश करके सोम का पोषण करने वाली तथा धन प्रदायक हैं। आप इस यज्ञ का नेतृत्व करें तथा सोमरस का पान करें। कभी नष्ट न होने वाले हे दिव्य सोम। आप हमारे आहार को मधुर रस आदि तत्वों से युक्त कर दें। आपके जागृत स्वरूप के लिए हम यह आहुति समर्पित करते हैं। यह आहुति अनंत अंतरिक्ष में विस्तार प्राप्त करे। अनंत शक्ति संपन्न हे सोमदेव! आपके अनुग्रह से हम याजकगण सदैव देवताओं के निमित्त हवि देने वाले हों। विश्व मानव द्वारा वरण करने योग्य यह पहली सर्वोत्कृष्ट संस्कृति है। संस्कारित सोमदेव,वरुण मित्र तथा अग्निदेवों में अग्रणी हैं।

## बौद्धिक क्षमता का पर्व गुप्त नवरात्र

ऋषियों का 'यत पिंडे तत ब्रह्मांडे' कथन आध्यात्मिक दृष्टि से ही नहीं,बल्कि वैज्ञानिक कसौटी पर भी हर पल शोध का विषय बना हुआ है। संपूर्ण ब्रह्मांड अद्भुत है तो मानव-शरीर भी रहस्यातीत है। ऋषियों ने कोटिसूर्य की बात कही तो मानव शरीर में भी अनंत सूर्य सदृश तेज है,जो सुषुप्त अवस्था में है,उसे ही जागृत करने के लिए योग, तप, साधना, व्रत, उपवास आदि के विधान किए गए। वैदिक काल में वर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के बजाय माघ शुक्ल की प्रतिपदा से होती रही है। इसी अवधि में वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना बौद्धिक धन की प्राप्ति के लिए की जाती रही है। माघ महीने में संगम स्नान के दौरान जुटे गुरुजन जनमानस में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करते रहे हैं। समाज संचालन में जैसे शासक एवं शासित होते हैं,उसी तरह ज्ञान के क्षेत्र में गुरु और शिष्य तथा लोकजीवन में पुरोहित एवं गृहस्थ की व्यवस्था बनी है। शक्ति-संचय का पर्व वर्ष में शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र विख्यात है। भगवान राम ने भी रावण से युद्ध के पूर्व मां दुर्गा से शक्ति पाने के लिए शरद-ऋतु में कठोर उपासना की थी। वैसे तो श्रीमद्देवी भागवत महापुराण में एक सौर वर्ष में नौ नवरात्र के पर्व का उल्लेख है जिसमें शारदीय, वासंतिक के अलावा आषाढ़, श्रावण (सावन), भाद्रपद, कार्तिक, मार्गशीर्ष (अग्रहायण), माघ एवं फाल्गुन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तिथि तक व्रत-उपवास के साथ मां दुर्गा से उपासक शक्ति प्राप्त करता है। इसे नवाह यज्ञ बताया गया है। ब्रह्मांड में विद्यमान शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा से अनंत ऊर्जा प्राप्त करने के अलावा नौ माह गर्भ में रखकर जन्म देने वाली मां के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का भी विधान परिलक्षित होता है। पुराणकारों का मानना है कि प्राचीनकाल में हमारे ऋषियों, मुनियों ने इस तरह के तप-बल से प्रकृति से संवाद किया और प्रकृति में व्याप्त रहस्यों को मानव कल्याण के लिए प्रकट किया। आज विज्ञान भी इन ऋषियों के ही ज्ञान को आधार बनाकर अनेकानेक खोज करने में सफल हुआ है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

शारदीय एवं वासंतिक नवरात्र जिसे प्रकट नवरात्र कहा जाता है, के अलावा आषाढ़ एवं माघ महीने में गुप्त नवरात्र का भी उल्लेख उक्त पुराण में है। इसी पुराण के 12 वें स्कंध के 21 वें श्लोक में भक्तों की चार श्रेणियां बतायी गईं। जिसे वैष्णव, शैव, सौर तथा गाणपत्य भक्त शामिल हैं। इन सभी लोगों को अपनी रुचि के अनुसार या समस्त नवरात्रों पर साधना करनी चाहिए। इस वर्ष माघ का यह गुप्त नवरात्र नौ दिवसीय है,जो 10 फरवरी से 18 फरवरी तक रहेगा।

# प्रदेश

## विचाराधीन मामलों में सार्वजनिक बयान देने से बचें : हाई कोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**



**कोर्ट-कचहरी**

- **ज्ञानवापी प्रकरण पर पक्षकारों को हाईकोर्ट ने दिए निर्देश**
- **मुस्लिम पक्ष की संशोधन अर्जी को कोर्ट ने किया स्वीकार**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ज्ञानवापी मस्जिद स्थित व्यास तहखाने में 'पूजा' से संबंधित मामले में पक्षकारों को निर्देश दिया है कि वह इस मामले को लेकर तब तक कोई सार्वजनिक बयान ना दें, जब तक मामला विचाराधीन है।

उक्त मामले की सुनवाई को बुधवार के लिए स्थगित करते हुए न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने कहा कि पक्षकार मीडियाबाजी करने से बचें, साथ ही जनता के बीच तब तक बयान मत दीजिए, जब तक मामले का फैसला कोर्ट द्वारा नहीं हो जाता है। इसके साथ ही पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को अपनी अपील में संशोधन करने के लिए 6 फरवरी तक का समय दिया था, जिसके अनुपालन में मंगलवार को उक्त पक्ष ने संशोधन की अर्जी दी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद समिति द्वारा दाखिल याचिका में वाराणसी कोर्ट के 31 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी मस्जिद-व्यास तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी गई थी।

समिति के अधिवक्ता सैयद फरमान अब्बास नकवी ने जिला न्यायाधीश, वाराणसी के आदेश को निष्पादित करने में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दिखाई गई तत्परता पर सवाल उठाते हुए विवादित क्षेत्र की तेजी से सफाई करने और तहखाने के भीतर पूजा-अनुष्ठानों की व्यवस्था करने पर भी आपत्ति जताई। दूसरी ओर हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मस्जिद समिति ने वाराणसी कोर्ट के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती नहीं दी है, जिसमें जिला मजिस्ट्रेट को संपत्ति के रिसीवर के रूप में नियुक्त किया गया है। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट को बताया कि सीपीसी की धारा 151 के तहत शक्तियों का प्रयोग करके पूजा की अनुमति देने वाला आदेश 31 जनवरी को पारित किया गया।

इसके तुरंत बाद जिला मजिस्ट्रेट ने अन्य सरकारी अधिकारियों के साथ काशी कॉरिडोर के गेट नंबर 4 के माध्यम से मस्जिद परिसर में प्रवेश किया और तहखाने का ताला खोल दिया गया, जिसके बाद क्षेत्र में नियमित पूजा शुरू हो गई।

## मांगी गई राहत को दलीलों से समर्थित किया जाना चाहिए

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

- **याचिका का मसौदा तैयार करते वक्त बरतें सावधानी**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्रेच्युटी के मामले में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि मांगी गई राहत प्रदान करने के लिए एक रिट याचिका का मसौदा बहुत सावधानी से तैयार करना चाहिए। दलीलें किसी भी मुकदमे का अनिवार्य हिस्सा होती हैं। मांगी गई राहत को दलीलों द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। याचिकाओं का वर्तमान समूह इसका उदाहरण है, जहां मांगी गई प्रार्थनाएं न केवल अस्पष्ट हैं बल्कि भौतिक दलीलों द्वारा भी समर्थित नहीं हैं। याचियों ने संपूर्ण प्रासंगिक तथ्यों का खुलासा न करके विशेष त्रुटि की है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकल पीठ ने उषा वर्मा व अन्य दर्जनों याचिकाओं को निस्तारित करते हुए पारित किया। कुछ परिस्थितियों में संदर्भित सरकारी आदेशों के अनुसार शिक्षकों को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाता है, लेकिन उन आदेशों का विवरण वर्तमान याचिकाओं का हिस्सा नहीं है। यह अविश्वसनीय है कि याचियों को प्रासंगिक सरकारी आदेशों के बारे में कोई जानकारी नहीं है, जिसके तहत शिक्षकों को कुछ शर्तों के अधीन ग्रेच्युटी देय है, चाहे वह प्राथमिक विद्यालयों में हों या जूनियर हाईस्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे हों। याचियों ने मुख्य रूप से ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 के तहत बेसिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी की मांग की है, लेकिन उन्होंने उपरोक्त स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए ग्रेच्युटी का प्रावधान करने वाले सरकारी आदेशों का जिक्र नहीं किया है, न ही प्रासंगिक शासनादेश को रिकॉर्ड पर रखा। इस आधार पर कोर्ट ने पाया कि याची सेवानिवृत्त कर्मचारी या मृत कर्मचारियों के पिता, पति तथा माता हैं, जिन्होंने कई वर्षों से ग्रेच्युटी की कोई मांग नहीं उठाई है। अंत में कोर्ट ने मामले को निस्तारित करते हुए याचियों को ग्रेच्युटी का लाभ उठाने के लिए उपलब्ध कानूनी सहारा लेने की स्वतंत्रता दी है।

## वर्ग पहेली-335

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी, वेग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



**वर्ग पहेली - 334 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | | |
| | | ट | | 3 मां | |
| | | का | | ड | |
| | 4 भा | र | 5 जी | वी | |
| | रि | | वा | | 6 पा |
| | त | | धा | | व |
| | | 7 बी | र | बा | नी |

**सुडोकू-52**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

**सुडोकू - 51 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 14.02 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 8 फरवरी 04.37 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** - आज किसी को धन उधार न दें। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशन्सा होगी,किंतु इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

**वृष** - आज समय रहते समस्याओं को सुलझाना बेहद जरूरी है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। किडनी के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** - आज आप काफी मेहनत करेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। बिना विचार करे कोई काम न करें।

**सिंह** - आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको दूसरों पर निर्भर होना पड़ सकता है। कमीशन संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

**कन्या** - आज अपनी महत्वकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। विवाह आदि को लेकर तात्कालिक निर्णय लेना उचित नहीं होगा। माता के साथ अपने मन की बातें साझा करने से आपको काफी अच्छा लगेगा। जीवनसाथी से आपकी अपेक्षायें बढ़ सकती हैं।

**तुला** - आज व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन से कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे। राजनीतिक संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक** - आज दिखावे के लिए आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं। इससे आपकी बचत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**धनु** - आज साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के प्रपोजल मिल सकते हैं। कला और गेम्स में आप काफी रुचि ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर** - आज माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही न करें। आपको काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती है। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है।

**कुंभ** - आज शेयर मार्केट में धन निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

**मीन** - आज वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेंट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है। समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
धड़कन - सुबह : 11.14
यस बॉस - रात : 07.14

**Sony Pix**
एज ऑफ टूमारो - सुबह : 09.34
हेलबॉय - रात : 08.45

**Sony Max**
पागलपंती - सुबह : 10.11
पति पत्नी और वो - रात : 07.00

**Zee Cinema**
सिलसिला है प्यार का - सुबह : 10.30
स्पाइडर - रात : 07.30

**Colors Cineplex**
गब्बर इज बैक - दोपहर : 01.27
द बॉडी - रात : 10.03

**आज की सुपरहिट फिल्म**




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल-यार,मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

मिंटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पिंटू उसे खरीदने वाला था।
पिंटू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मिंटू- हां जी, मैं इसको दो बार पहले भी बेच चूका हू, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,186.09 | 21,929.40 |
| बढ़त | 454.67 | 157.70 |
| प्रतिशत में | 0.63 | 0.72 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, बुधवार, 7 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# देश जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## गोवा में नरेंद्र मोदी बोले-5-6 वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा निवेश

गोवा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी का दौरा किया। ● एजेंसी

### योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्यों में संतृप्ति तक पहुंचाना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। मोदी ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में विकसित भारत, विकसित गोवा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र सरकार की कई योजनाओं के कार्यान्वयन में, गोवा ने 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा-जब योजनाओं की संतृप्ति होती है, तो लोगों के बीच मतभेद समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक लाभार्थी को पूरा लाभ मिलता है।

# उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा निफ्टी 21900 के पार




स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक से अधिक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों... टीसीएस और इन्फोसिस में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही और यह 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के बाजारों में तेजी आने से भी धारणा मजबूत हुई। सोमवार की भारी गिरावट के बाद चीनी बाजार चार प्रतिशत तक उछल गये। इसका कारण एक सरकारी निवेश कोष का बयान है जिसमें उसने कहा कि वह शेयर खरीद बढ़ाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बाजारों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-बाजार में धारणा सकारात्मक रही और यह बढ़त में बंद हुआ। निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले अपना निवेश कम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसी संभावना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर को लेकर रुख उदार होगा। इससे बॉन्ड बाजार में धारणा मजबूत हुई।

### निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के बीच मंगलवार को निवेशकों की पूंजी में 4.21 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक उछल गया था। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत और मिडकैप में 1.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,850-48,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,700 |
| चांदी तैयार | 72,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## कतर से एलएनजी आयात बढ़ाने के लिए समझौता करेगा भारत

**बेतुल (गोवा)।** भारत एलएनजी आयात को कतर से मौजूदा कीमतों से कम दरों पर 2048 तक बढ़ाने के लिए 78 अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर कर सकता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड यहां भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) के मौके पर प्रति वर्ष 75 लाख टन के आयात को बढ़ाने के लिए कतरएनर्जी के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेगी। कतर के ऊर्जा मंत्री और कतरएनर्जी के शीर्ष अधिकारी यहां आईईडब्ल्यू में हिस्सा ले रहे हैं। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कीमतें मौजूदा कीमत से काफी कम होंगी।

## भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों का भरोसा लौटा : नागेश्वरन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा लौटा है और यह बात निजी क्षेत्र में निवेश में आ रही तेजी से पता चलती है।

नागेश्वरन ने बातचीत में कहा-यह (भरोसा) वापस आ गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो कैसे भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करती। आप अगर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रो में खरीद प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजर इंडेक्स) को देखें, विस्तार और गिरावट को देखें, शेयर बाजार के प्रदर्शन को देखें, यह पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़ों में भी दिख रहा है। नागेश्वरन ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियां अपने पूंजीगत व्यय और नई परियोजनाओं की घोषणा में तेजी ला रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपने अंतरिम बजट में कहा है कि निजी निवेश हो रहा है।

## सरकार ने उतारा 29 रुपये किलो के भाव पर भारत चावल

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।

## देश में रेपो दर के यथावत रखने की जताई गई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को शुरू हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने के बीच अल्पकालिक ऋण दरों पर यथास्थिति बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से अल्पकालिक ऋण दर यानी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा हुआ है। वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से बढ़ी महंगाई पर काबू पाने के लिए मानक ब्याज दर में आखिरी बार बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में हुई थी जब इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.69 प्रतिशत पर आ गई जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के भीतर ही है।



# महंगाई नियंत्रण के लिए केंद्र ने उठाए कदम: सीतारमण

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के नेताओं को दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा समय-समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) सरकार के साथ मिल कर प्याज को गामा किरणों की मदद से नमी-रहित करने पर काम कर रहा है ताकि प्याज को लंबे समय तक रखा जा सके और यह खराब न होने पाए। उन्होंने कहा "जल्द खराब होने वाली कुछ खाद्य सामग्री का भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।" उन्होंने कहा कि प्याज के दामों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसका बफर आकार 2023-24 में सात लाख मीट्रिक टन कर दिया है जो 2020-21 में एक लाख मीट्रिक टन था। सीतारमण ने बताया कि तीन फरवरी 2024 तक कुल 6.32 लाख मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ और खुदरा बिक्री, थोक बिक्री तथा ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेड ए का 3.96 लाख टन प्याज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी जल्द ही खराब होने वाली जिन्स को लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सके।

### जल संशोधन विधेयक 2024 को मिली मंजूरी

राज्यसभा ने मंगलवार को जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान करने वाले जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए।

### ओबीसी को आरक्षण संबंधी विधेयक पारित

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के जवाब के बाद सदन ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

### एससी, एसटी की सूची के लिए 2 विधेयक पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों में आंध्र प्रदेश के तीन और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति समूह में शामिल करने का प्रावधान है। विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के इतने लंबे कालखंड के बाद भी कई ऐसे जनजातीय समूह रह गए हैं।




गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। शाह और नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को 'भारत रत्न' के लिए बधाई दी। ● एजेंसी

## एक नजर

### पुणे विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की स्थानीय अदालत ने पुणे के जंगली महाराज रोड़ पर अगस्त 2012 में हुए बम विस्फोटों के आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए अदालत से जमानत की गुहार लगायी है। उसने याचिका में कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दिया था और अदालत ने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मामला निपटाने का निर्देश दिया था।

### संजय सिंह को शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अभी नहीं बुलाया गया है। सूत्रों ने श्री सिंह के आठ या नौ फरवरी को शपथ लेने संबंधी रिपोर्टों पर मंगलवार को कहा कि उन्हें अभी शपथ लेने के लिए राज्य सभा की ओर से समन नहीं भेजा गया है इसीलिए उनके शपथ लेने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह के राज्य सभा से निलंबन का मामला गत 11 अगस्त को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

## नेहरू के भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना किए जाने के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी ने नेहरू के एक भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया तथा यह दर्शाता है कि स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्षों के प्रति उनके मन में कितनी कटुता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए अतीत के कुछ प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की आलोचना की थी।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते हुए कहा था कि देश के लोगों को उनकी गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "भारतीय चेतना के अभिभावक पंडित नेहरू क्या भारतीयों को आलसी मानते थे? कल लोकतंत्र के मंदिर संसद में प्रधानमंत्री मोदी जी ने ठीक यही आरोप पंडित नेहरू पर लगाया। क्या इसमें जरा सी भी सच्चाई है?" उन्होंने 15 अगस्त, 1959 को दिए नेहरू के उस भाषण का अंश साझा किया, जिसके एक हिस्से को प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में उद्धृत किया था। प्रियंका गांधी ने नेहरू को उद्धृत किया, "जब तक हिंदुस्तान के लाखों गांव नहीं जागते, आगे नहीं बढ़ते तो सिर्फ बड़े शहर हिंदुस्तान को नहीं आगे ले जाएंगे। वे बढ़ेंगे अपनी कोशिश से, अपनी हिम्मत से, अपने ऊपर भरोसा करके। हमारे लोग अपने ऊपर भरोसा करना भूलकर समझते हैं कि और लोग मदद करें।" उनके मुताबिक, नेहरू ने कहा था, "मैं चाहता हूं कि लोग बागडोर अपने हाथों में लें।... तरक्की नापने का एक ही गज है कि कैसे हिंदुस्तान के 40 करोड़ लोग आगे बढ़ते हैं... कौम अपनी मेहनत से बढ़ती है।

## कोर्ट ने कैग से डीजेबी के ऑडिट में तेजी लाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा-कैग को कानून के अनुसार डीजेबी के खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। यह याचिका दिल्ली के भाजपा नेता हरीश खुराना द्वारा दायर की गई थी।

## अदालत ने सिद्धारमैया पर जुर्माना लगाया विशेष अदालत में पेश होने का दिया निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 2022 में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और उन्हें छह मार्च को सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तत्कालीन पंचायत राज मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए प्रदर्शन मार्च निकालने के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार:** अब भारत का विकास विदेशी तकनीक से नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसी सोच पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम का निर्धारण किया है। ओके थीम की शुरुआत केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को करना था, लेकिन लोकसभा में संसदीय कार्यों की वजह से यह कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी एवं नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।



नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ। ● अमृत विचार

▸▸ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का नारा होगा "स्वदेशी प्रौद्योगिकी"

इस मौके पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. गोखले ने कहा कि अब युवा महिला गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखते हुए घरेलू प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा, ताकि देश का समग्र कल्याण हो सके।

डॉ. करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की जमात को एक साथ काम करने का नया अवसर प्रदान करना है। इससे वर्ष 2047 तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकेगा।

डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि 10 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व व्यापी तरक्की की है। वैज्ञानिक शोध ग्रंथों के प्रकाशन में शीर्ष पांच देशों में भारत अपना स्थान बना चुका है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में वर्ष 2015 में भारत की रैंक 81वीं थी, मगर नौ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए भारत 40वें स्थान पर हैं। यही नहीं, पेटेंट के क्षेत्र में भी भारत ने रिकॉर्ड काम किया है। भारत की पेटेंट फाइलिंग 90,000 को पार कर गई है जो दो दशकों में सबसे अधिक है। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी की वजह से भी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के नाम पर देशभर में आज से 4 मार्च तक उत्सव मनाए जाएंगे। दिल्ली में 28 फरवरी को विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# जुलाई में टी-20 के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी भारतीय टीम

**आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद**

**हरारे, एजेंसी**

भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इसका आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। इसमें हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना कम है। सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में 5 मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 6 से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इसकी पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।

# संघ की आपसी लड़ाई से दांव पर एथलेटिक्स खिलाड़ियों का भविष्य

## जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों आयोजित कर रहे ट्रायल

**उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव के बाद से शुरू हुआ विवाद**

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

अमृत विचारः राजधानी में एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ी परेशान है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि वह किस ट्रायल में शामिल हो। लखनऊ की टीम कहां से बनेगी? एथलेटिक्स संघ की आपसी लड़ाई में उनका खेल बिगड़ता नजर आ रहा है। एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों के अनुसार उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव पिछले वर्ष नियमों को ताख कर किए गए। उसके बाद खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन और फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने भी इस चुनाव को अवैध घोषित करार कर नई कार्यकारिणी को गठित करने के निर्देश दिए। इसके उलट उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ को बर्खास्त कर एडहॉक कमेटी गठित कर दी। अब जिला लखनऊ एथलेटिक्स संघ और एडहॉक कमेटी दोनों ही राजधानी के खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुला रहे हैं। ऐसे में खिलाड़ी परेशान है कि वह किस ट्रायल में हिस्सा ले।

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के सदस्यों के अनुसार एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया ने निर्देश दिए है कि राज्य संघ किसी भी जिला इकाई को बर्खास्त नहीं कर सकता। इसके बावजूद उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने 23 जनवरी को चुनी गई जिला एथलेटिक्स संघ की नई कार्यकारिणी समेत पूरे संघ को बर्खास्त कर एडहाक कमेटी बना दी। यह तब है जब रजिस्ट्रार फर्म सोसायटी ने उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को कालातीत घोषित कर दिया है। खेल विभाग और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को अमान्य करार कर दिया है।

### चुनाव के चार दिन बाद ही बर्खास्त हुई थी कमेटी, बना दी गई थी एडहाक कमेटी

जिला एथलेटिक्स संघ ने 18 जनवरी को आईएएस अफसर और संघ के अध्यक्ष अनिल सागर की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी के चुनाव कराए। चुनाव सेवानिवृत्त न्यायाधीश केके शर्मा की मौजूदगी में हुए। इसमें अनिल सागर अध्यक्ष और बीआर वरुण सचिव चुने गए। चार दिन बाद ही उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ ने इस संघ को बर्खास्त कर एक एडहाक कमेटी बना दी। संघ के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के समन्वयक जीएस राठी ने निर्देश जारी किया था कि संबद्ध राज्य संघों को अपने संबंधित राज्यों में जिला स्तर पर किसी तदर्थ ईकाई निलंबित करने का कोई अधिकार नहीं है।

संघ का चुनाव नियमानुसार हुआ है। इसकी वीडियो रिकार्डिंग हुई है। फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स ने जो फैसला लिया है, वह एकतरफा है। उसके खिलाफ कोर्ट जाएंगे। **-देवेश दुबे, सचिव, उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ**

खेल विभाग के अधिकारी को चुनाव में भेजा गया था। उसने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव नियमों के अनुसार नहीं हुए हैं। **-डॉ. आरपी सिंह, निदेशक, उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय**

उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ अपनी मनमानी करने पर उतारू है। हमारे यहां से भी उसकी मान्यता निरस्त की जा चुकी है। नियमों की अनदेखी कर चुनाव आयोजित किये गए। **-आनंदेश्वर पाण्डेय, सचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ**

### 15 दिन में बनानी थी नई कार्यकारिणी

फर्म सोसाइटीज एवं चिट्स के डिप्टी रजिस्ट्राल लोकेश श्रीवास्तव ने भी उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के चुनाव को कालातीत बताया है। बीती नौ जनवरी को इसकी जानकारी भी खेल विभाग, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ और उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ को दे दी थी। साथ ही 15 दिन के अंदर नई कार्यकारिणी गठित करने के आदेश भी दिए थे। लेकिन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने अब तक इस ओर कोई ध्यान नही दिया।

## खेल डायरी

### उम्मीद है तोक्यो में खेल पाउंगाः मेस्सी



**तोक्यो, एजेंसी।** हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने से हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को तोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन मंगलवार को वह संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे।

### इंग्लैंड ने दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में भारत को हराया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** कैलम फ्लिन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद श्रृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फ्लिन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फ्लिन और लियाम ओ'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने 3 विकेट लिए। फ्लिन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

### एफए कप की तर्ज पर सुपर कप कराने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंटों में शामिल सुपर कप का आयोजन आगामी सत्र से नए प्रारूप में इंग्लैंड के एफए कप के समान होगा। सुपर कप से टीमों को एएफसी चैंपियंस लीग 2 में स्थान हासिल करने का मौका मिलता है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आगामी सत्र के लिए अपने कैलेंडर में सुपर कप के लिए एक अक्टूबर 2024 से 15 मई, 2025 की तारीख तय की है। सुपर कप ने 2018 में देश के शीर्ष नॉकआउट टूर्नामेंट फेडरेशन कप की जगह ली थी। इससे पहले इसका आयोजन आम तौर पर एक महीने से कम समय में होता था। एआईएफएफ के एक सूत्र ने बताया कि एआईएफएफ इस सत्र से एफए कप (इंग्लैंड का) की तरह सुपर कप का आयोजन करना चाहता है। यही कारण है कि इसके लिए सात महीने से अधिक की विंडो (समय) है।

### बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेंगी देश की 16 टीमें

**महोबा, एजेंसी।** यूपी के महोबा जिले मे 12 फरवरी से शुरू होने वाले 75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट में देश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी फेडरेशन से सम्बद्ध आयोजन समिति के चेयरमैन कुलदीप भटनागर ने मंगलवार को बताया कि चरखारी के डाक बंगला ग्राउंड मे आयोजित टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर .गाजीपुर, विवेक अकाडमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सीलेंसी इंफ़ाल . मणिपुर, एएलबीएम झांसी, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल की टीमों के अलावा नागपुर, जयपुर और सागर की टीमे प्रतिभाग करेंगी। इनका स्वीकारोक्ति पत्र प्राप्त हो गया है। इन टीमों की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर नजर आयेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फ़रवरी को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन की तिथियां दो से आठ फ़रवरी तक निर्धारित की गयी थी जिन्हे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

# इंग्लैंड के पास नहीं था बुमराह की जादुई स्पेल का कोई जवाबः हुसैन

## भारतीय गेंदबाज के प्रदर्शन से भारत ने 106 रन की जीत से की श्रृंखला में वापसी

**लंदन, एजेंसी**



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह की जादुई स्पेल ने बड़ा अंतर पैदा किया, जिसका मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। सभी प्रारूपों में भारत के पसंदीदा गेंदबाज बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 106 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार वापसी की।

उन्होंने ने इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए 6 विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उन्हें तीन सफलता मिली। बुमराह ने इस मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए। हुसैन ने एक सोशल मीडिया साइट पर लिखा, मुझे लगता है कि दोनों टीमों के बीच में बुमराह की जादुई गेंदबाजी ने बड़ा अंतर पैदा किया था। उन्हें आज (सोमवार) तीन विकेट मिले, लेकिन पहली पारी में उन्होंने अविश्वसनीय स्पैड डाल कर 45 रन पर छह विकेट लिये थे। इससे इंग्लैंड की टीम सपाट पिच पर 253 रन पर आउट हो गई। विशाखापत्तनम में भारत की जीत में बुमराह की गेंदबाजी और युवा यशस्वी जयसवाल (209 रन) का पहली पारी में दोहरा शतक मुख्य आकर्षण थे। हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास बुमराह की इस गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि कभी-कभी आप अपनी टीम के प्रति आलोचनात्मक हो सकते हैं, अपने प्रदर्शन को देखकर कह सकते हैं, 'हम इससे बेहतर क्या कर सकते थे?' लेकिन कभी-कभी आपको प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करना पड़ता है और कहना पड़ता है कि उनकी प्रतिभा ने उन्हें प्रभावित किया है। हुसैन ने कहा कि बिल्कुल वैसा ही हुआ। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह का वह स्पैल शानदार था। रिवर्स स्विंग, अपने थोड़े अपरंपरागत एक्शन के साथ और जिस तरह से वह ऑफ साइड की ओर झुकते हैं उससे अच्छा कोण बनता है।

**भारतीय तेज गेंदबाज ने खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए**



# बुमराह का सामना करने का तरीका ढूंढ़ेंगेः मैकुलम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार स्पेल से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी इस अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज के खतरे से निपटने का कोई रास्ता निकालेंगे।

बुमराह ने 45 रन पर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया था। इससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 253 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम खिलाड़ी के तौर पर खुद भी आक्रामक बल्लेबाजी करते थे। मैकुलम ने कहा कि हम वास्तव में सिद्धांतों पर काम नहीं करते हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे है कि हमारे खिलाड़ी मौजूदा समय में रहे और वे अपने तरीके पर भरोसा करे। वे इस मामले में मुझसे कहीं बेहतर हैं और वे इस पर काम करेंगे कि इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। उन्होंने कहा कि इस बारे में उनका तरीका बिलकुल अलग हो सकता है। हम देखेंगे कि हम क्या हासिल कर पाते है। अभी के लिए हमें जसप्रीत की तारीफ करनी होगी और कहना होगा कि वह स्पैल (दूसरे टेस्ट की पहली पारी में) बेहद ही शानदार था। मैकुलम ने बुमराह के कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि उसके पास हर परिस्थिति में गेंदबाजी करने की काबिलियत है। गेंद जब स्विंग होती है तो वह ज्यादा खतरनाक होता है। वह कमाल का गेंदबाज है। वह अपनी तरह का इकलौता गेंदबाज है और हवा से काफी स्विंग हासिल करता है।इसमें कोई शक नहीं कि वह अच्छा गेंदबाज हैं, लेकिन हमने 18 महीनों में अच्छे गेंदबाजों का सामना किया है और उनका मुकाबला करने के तरीके ढूंढे हैं।

# भारत में दक्षिण एशिया की पहली महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत में मंगलवार को यहां दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया गया जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबॉल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में लीग के लोगो का अनावरण भी किया गया। इस लीग का आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ और एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है। भारतीय हैंडबॉल संघ के लीग चेयरमैन और दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने कहा कि इस लीग के शुरू होने से महिला खिलाड़ियों को काफी बढ़ावा मिलेगा।

# न्यूजीलैंड ने ली द. अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त

**माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी**

पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था।

डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।



## बॉलीवुड हलचल

# शास्त्रीय संगीत सीख रहे आमिर



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं , वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा,मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा।अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं। एक फरवरी से मेरी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

### सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लॉन्च किया



**मुंबई, एजेंसी।** आरपीएसजी समूह की कंपनी, भारत का प्रमुख म्यूज़िक लेबल, सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लांच किया। माही ने सॉरी गाना को न केवल लिखा है बल्कि अपनी भावपूर्ण आवाज भी दी है। यह गाना एक युवा लड़के द्वारा अपनी प्रेमिका से किए गए वादे को परिभाषित करता है जिसे उसने पूरा नहीं किया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने के लिए वह अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करता है। माही का पहला सिंगल 'सॉरी' अब सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ



'मलाईकोट्टई वालिबन' में अपने काम के लिए सराहना पाने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने मलयालम मेगास्टार की उदारता के बारे में एक घटना सुनाई। उसी पर विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मोहनलाल सर के साथ सहयोग करना सिनेमाई दुनिया का बेहतर अनुभव था। जैसलमेर में सेट पर पहली मुलाकात से ही उनके गर्मजोशी भरे स्वागत ने मेरे लिए एक असाधारण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर दी थी। अभिनेत्री ने कहा कि ठंडी रेगिस्तानी हवाओं के बीच अपने एक्शन सीक्वेंस शूट के दौरान उन्होंने मेरे आराम के प्रति चिंता जाहिर की, जो उनके उदारता और सौहार्द का प्रतीक थी। इस शूटिंग के दौरान मैंने प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रतिबद्धता देखी, हर एक्शन सीक्वेंस उनके स्थायी जुनून का प्रमाण था। उन्होंने न केवल मेरे काम को पहचाना बल्कि मेरे हालिया लोकप्रिय गीतों की बारीकियों के बारे में भीबात की। अभिनेत्री ने निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लिजो सिनेमाई ब्रह्मांड में अप्रत्याशित आदर्श बन गए हैं। उनके साथ काम करना एक उत्साहजनक अनुभव है, जो सहजता और आश्चर्य से भरा है। लिजो की दुनिया में मेरी यात्रा उसकी कहानियों में आए मोड़ों की तरह अप्रत्याशित रूप से शुरू हुई। मैंने कभी उनके निर्देशन में मलयालम फिल्म में काम करने की कल्पना नहीं की थी। यहां मैं एक ऐसा सपना जी रही हूं, जिसे मैंने कभी पूरा होते नहीं देखा था।

# फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर संग काम करना शानदारः भक्ति



मुंबई, एजेंसी । अभिनेत्री भक्ति राठौड़ का कहना है कि फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। अनिल शर्मा निर्देशित -निर्मित, जर्नी में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, अश्विनी कालसेकर, राजपाल यादव जैसे कई कलाकार हैं।इस फिल्म में भक्ति राठौड़ ने नाना पाटेकर की सबसे बड़ी बहू मंजरी का किरदार निभाया है। फिल्म का पहला शेड्यूल बनारस के हर में शूट किया गया था, और अब, टीम दूसरा शेड्यूल हिमाचल प्रदेश में कर रही है। नाना पाटेकर के साथ काम करने को लेकर भक्ति राठौड़ ने कहा,नाना सर के साथ काम करना बहुत स्वाभाविक लगता है। उनके साथ दृश्य करना बहुत आसान है। वास्तव में, शूटिंग के पहले दिन के भीतर ही हम एक परिवार बन गए। हम ऑफ-स्क्रीन एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कैमरे पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री बनती है।

### राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज हो गया है। हवेली पा गाना एसआर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। यह गाना राकेश मिश्रा और शिल्पी राज ने गाया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना धांसू है। इस गाने को हमने बड़े लेवल से बनाया है। शिल्पी राज के साथ कोई भी प्रोजेक्ट करने में बेहद मजा आता है . गाने में मजेदार डांस भी है। उम्मीद करते हैं कि यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाली है। हम भोजपुरी दर्शकों से अपील कर रहे हैं कि आप सभी इस गाने को खूब बड़ा बनाये। गाना हवेली पा के म्यूजिक वीडियो में पूजा ढाकुर के साथ राकेश मिश्रा हैं। इस गाने के गीतकार दीपक ब्याहुत और खबरी लाल गुप्ता हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय और डीआई हमिंग बर्ड वीएफएक्स है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# बेहद नाजुक है अभी चंद्रमा की धरती

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचारः** चंद्रमा की भूगर्भीय स्थिति बेहद नाजुक है। भूकंप से इसकी धरती कांपती रहती है और इसका सिकुड़ना भी जारी है। दक्षिणी ध्रुव कंही उथला है और कुछ हिस्सा फिसलनभरा है। नासा के आर्टेमिस मैन मून मिशन अभियान को लेकर किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आगामी वर्षों में इंसान के एक दल को चन्द्रमा पर भेजने जा रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। जिस स्थान पर दल को उतारा जाना है, नासा उस जगह का चयन भी कर चुका है। लैंडिंग स्थलों की अधिक जानकारी को लेकर हाल में किए शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं। शोध मे दावा किया है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है। इसके दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा के भूकंप उत्पन्न हो रहे हैं। चंद्रमा के इसी स्थान पर नासा अपने मानव दल को भेजने की योजना बना रहा था। अध्ययन में कहा गया है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण सिकुड़ रहा है। भूगर्भीय हलचल के कारण भूकंप आ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ दोष उस हिस्से में पाए गए हैं, जहां आर्टेमिस का मानव यान लैंड करने जा रहा है। इस शोध के बाद नासा को लैंडिंग का स्थान बदलना पड़ सकता है। बहरहाल इस संदर्भ में नासा ने अभी कोई टिप्पणी नही की है। मगर इतना तो तय है कि शोध के अनुसार इस जमीन पर इंसानो को उतारना सुरक्षित नही हो सकता।



चंद्रमा के सिकुड़ती सतह की तस्वीर।

### चंद्रमा के गर्भ में झांकने की क्षमता रखता है चंद्र टोही ऑर्बिटर

**नैनीताल :** नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) के जरिये चंद्रमा की धरती की तमाम जानकारी मिल पाई है। यह ऑर्बिटर चाँद के थ्रस्ट दोष, भू-आकृतियाँ, संकुचन बल परत, भ्रंश आदि को देख सकता है। नया शोध वाशिंगटन, डी.सी. में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के टॉम वॉटर्स, पीयर-रिव्यूड प्लैनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

## पासपोर्ट धोखाधड़ी के लिए भारतीय अमेरिकी को ठहराया दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज दाखिल करने और झूठ बोलने के लिए एक भारतीय अमेरिकी को दोषी पाया गया है। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन ने इस बात की जानकारी दी।

होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टीगेशन्स (एचएसआई) द्वारा जांच के बाद फ्लोरिडा में रह रहे जयप्रकाश गुलवाडी (51) को गैर कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने, नागरिकता के सबूतों का दुरुपयोग करने, पासपोर्ट के आवेदन में झूठा बयान देने और झूठा बयान देकर बनवाए गये पासपोर्ट का इस्तेमाल करने का दोषी पाया गया है। गुलवाडी को अधिकतम 10 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है।

## 50 दिनों में श्रीलंका पुलिस ने 56,000 संदिग्ध किए गिरफ्तार

**कोलम्बो।** श्रीलंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़ रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।



## सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के अधिकारी का सम्मान

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है।

हरेश चंद्रन को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह में 2023 के लिए 'सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया।

## एक नजर

### कजाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने ओल्जास बेक्टेनोव

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को कजाकिस्तान गणराज्य में ओल्जास बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, जो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में कार्य करते थे। टोकायेव ने कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन माजलिस के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की। टोकायेव ने बाद में बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। गौरतलब है कि कजाकिस्तान की सरकार ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

### चिलीः जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 122 हुई

**सैंटियागो।** चिली के मध्य क्षेत्र वालपराइसो के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। चिली सरकार ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश की फोरेंसिक एजेंसी लीगल मेडिकल सर्विस के अनुसार 122 मृतकों में से केवल 32 की ही पहचान हो पाई है और 40 शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। वालपराइसो क्षेत्र में लगी आग से 11 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई है और छह हजार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, जंगल में लगी आग के कारणों की जांच जारी है।

### श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री ने इस्तीफा दिया

**कोलंबो।** श्रीलंका के पर्यावरण मंत्री केहेलिया रामबुकवेला ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। रामबुकवेला को स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान विवादास्पद मानव इम्युनोग्लोबुलिन खरीद घोटाले को लेकर कुछ ही दिन पहले गिरफ्तारी किया गया था। पुलिस के अपराध जांच विभाग द्वारा 10 घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद 2 जनवरी को रामबुकवेला को गिरफ्तार किया गया था। रामबुकवेला ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा पत्र भेजा था। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि इस्तीफा राष्ट्रपति द्वारा स्वीकार कर लिया गया था और इसे सरकारी गजट के माध्यम से प्रकाशन के लिए निर्देशित किया गया है। उसने कहा कि हिरासत में लिये जाने के बाद मंत्री को बीमार होने के कारण जेल अस्पताल में ले जाया गया था।

### ईरान में बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन ठहर सकें गे भारतीय

**नई दिल्ली।** ईरान ने मंगलवार को पर्यटन के लिए हवाई मार्ग से देश में प्रवेश करने वाले भारतीयों के लिए अधिकतम 15 दिन के वीजा मुक्त प्रवास कार्यक्रम की घोषणा की। ईरानी दूतावास ने कहा कि भारतीय नागरिकों के लिए चार फरवरी से चार शर्तों के तहत वीजा-मुक्त प्रवेश सुविधा शुरू कर दी गई है। दिसंबर में ईरान ने भारत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, जापान, सिंगापुर और मलेशिया समेत 32 अन्य देशों के लिए एक नए वीजा-मुक्त कार्यक्रम को मंजूरी दी। ईरान की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि साधारण पासपोर्ट धारक व्यक्तियों को हर छह महीने में एक बार बिना वीजा के अधिकतम 15 दिन के लिए देश में ठहरने की अनुमति दी जाएगी। बयान में कहा गया है यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि 15 दिन की अवधि को बढ़ाया नहीं जा सकता।

### दक्षिण अफ्रीका में हैजा के 46 मामले

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक जनवरी से एक फरवरी के बीच हैजा के 46 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने मंगलवार को बताया कि पांच मामले प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए हैं और इनमें से तीन मामले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे से आए हैं, जो वर्तमान में डायरिया बीमारी के प्रकोप से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि पुष्टि किए गए मामलों में से चार लिम्पोपो प्रांत में पाए गए, और दूसरे की पुष्टि गौतेंग प्रांत में हुई। हैजा संक्रमण के प्रसारण को रोकने के लिए नियंत्रण उपायों को स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रकोप प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय किया गया है।

### इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए ब्लिंकन ने की मिस्र के नेताओं से मुलाकात

# बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

काहिरा, एजेंसी

मिस्र के नेताओं और अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा में मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियों से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इजराइल ने संकेत दिए हैं कि गाजा में जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद में विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर में शरण ले रखी है है और वे दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र में दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे हैं कि कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नहीं हैं



### फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

**बर्लिन।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। स्कोल्ज ने कहा कि सरकार केवल बातचीत के जरिए दो-राज्य समाधान से ही मध्य पूर्व संघर्ष के स्थायी समाधान की संभावना खुलेगी। यह गाजा और वेस्ट बैंक दोनों पर लागू होना चाहिए। रूस की ओर से बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बात की।

### द. लेबनान में हवाई हमला, तीन की मौत, दो घायल

**बेरूत।** इजराइली युद्धक विमान ने सोमवार को अपराह्न में दक्षिणी लेबनान के एक गांव में एक घर पर बमबारी की, जिसमें लेबनान के शिया अमल आंदोलन के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी चिकित्सा एवं सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सिविल डिफेंस एवं मुस्लिम स्काउट एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले ने बेयट लिफ गांव को निशाना बनाया। हमले के बाद राहत एवं बचावकर्मी और एम्बुलेंस मलबे को हटाने और हताहतों को नजदीकी अस्पताल में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि अल-जिबिन के एक अन्य गांव को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में छर्रे लगने से दो एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर 14 हवाई हमले किए और क्षेत्र के 18 कस्बों और गांवों पर लगभग 100 गोले दागे। उल्लेखनीय है कि लेबनान-इजराइल सीमा पर गत आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ गया है।

### अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर-चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं।

# पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमला, तीन बच्चे घायल

क्वेटा, एजेंसी

बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए।

डॉन समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ। रक्सान डिवीजन के खारन इलाके में तीन विस्फोट हुए जहां अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्कूल भवनों को निशाना बनाया। ग्रेनेड हमलों में स्कूल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

### खैबर पख्तूनख्वा में मार गिराए दो आतंकवादी

**उत्तरी वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान अयूबुल्लाह मंसूर के रूप में की गई है। पाकिस्तानी सेना ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। आतंकवादियों और सेना के बीच यह मुठभेड़ डेरा इस्माइल खान के एक पुलिस थाने पर आतंकवादी हमले में 10 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने और अन्य छह के घायल होने के एक दिन बाद हुई।

### पाकिस्तानी ने अरब सागर में फंसे भारतीय नागरिकों को दी मदद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचाई। पाकिस्तानी सेना द्वारा हा गया कि भारतीय जहाज सैस फाइव से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

# पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

लाहौर, एजेंसी

पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह 'बल्ला' वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था, जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।



पुलिस की निगरानी में आगामी आम चुनाव के लिए मतपेटियों को तैयार करते लोग। ● एजेंसी

## यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री को किया बर्खास्त

**सना।** यमन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया है सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है।

परिषद ने एक आदेश में विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले बिन मुबारक ने मईन अब्दुलमलिक सईद का स्थान लिया है जो 2018 से यमन के प्रधानमंत्री थे। परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बताई है।

## किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित

**लंदन।** ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के ने कहा कि किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा।






रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने का कामना करते हुए रेत की मूर्ति बनाई (ऊपर)। वहीं मुंबई में एक कलाकार ने किंग चार्ल्स की पेंटिंग में यही दुआ मांगी।

## ट्रंप को चुनाव हस्तक्षेप मामले में अभियोजन से छूट नहींः अदालत

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि डोनाल्ड ट्रंप को 2020 के चुनाव के परिणामों को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोपों में मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है और पूर्व राष्ट्रपति का यह दावा स्वीकार करने योग्य नहीं है कि उन्हें अभियोजन से छूट प्राप्त है।

यह निर्णय कुछ महीनों में दूसरी बार है जब न्यायाधीशों ने ट्रंप की छूट संबंधी दलीलों को खारिज कर दिया है। लेकिन अभी पूर्व राष्ट्रपति की ओर से अतिरिक्त अपील का अवसर खुला है जो अमेरिकी उच्चतम न्यायालय तक पहुंच सकते हैं। मुकदमा मूल रूप से मार्च के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे पिछले सप्ताह स्थगित कर दिया गया और न्यायाधीश ने तुरंत कोई नई तारीख निर्धारित नहीं की।

# ...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा

*ये तो आपने सुना ही होगा कि कई लोगों ने चांद पर जमीन खरीद रखी है। लेकिन क्या आपको पता है चांद पर जमीन के क्या रेट हैं। अगर हम आपको चांद पर जमीन के रेट बता देंगे तो शायद आपको यकीन नहीं होगा। बता दें कि चांद पर 1 एकड़ जमीन का रेट मात्र 3000 रुपये है। अब आप सोच रहे होंगे ये जमीन आखिर इतनी सस्ती क्यों है। चलिए हम आपको इसके बारे में डिटेल में बताते हैं। अक्सर इस बात को सुनने को मिलता है कि अमुक आदमी ने चांद पर जमीन खरीदी है। कभी सुपरस्टार अभिनेता शाहरूख खान का नाम, तो कभी सुशांत सिंह राजपूत का नाम चांद पर जमीन खरीदने वालों की लिस्ट में सुनने को मिलता है। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2018 में चांद पर जमीन खरीदी थी। वहीं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को उनके एक फैन ने चांद पर जमीन तोहफे में दी थी।*



### कैसे खरीदें चांद पर जमीन

रिपोर्ट के मुताबिक लूना सोसाइटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनार लैंड्स रजिस्ट्री ऐसी कंपनी है जो चांद पर जमीन बेचने का दावा करती है। इन कंपनियों के द्वारा 2002 में ही हैदराबाद के राजीव बागड़ी और 2006 बेंगलुरु के ललित मोहता ने भी चांद पर प्लॉट खरीदा था। इन लोगों का मानना है की चांद पर आज नहीं तो कल जीवन तो बसना ही है। सुशांत ने चांद पर जमीन इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनकी यह जमीन चांद के 'सी ऑफ मसकोवी' में है।



### कितनी है कीमत

लूनर रजिस्ट्री डॉट कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37 ।50 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3112 ।52 रुपये है। कम कीमत होने के कारण लोग भावनाओं में बहकर रजिस्ट्री कराने के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। जब जमीन की कीमत तय है तो सवाल ये भी उठता है कि आखिर चांद का मालिक कौन है? आउटर स्पेस ट्रीटी 1967 के मुताबिक, अंतरिक्ष के किसी भी ग्रह या फिर चांद पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। चांद पर बेशक किसी भी देश का झंडा लगा हो, लेकिन चांद का मालिक कोई नहीं।

### चांद पर जमीन की बिक्री कानूनी या गैरकानूनी?

इस बारे में इंटरनेशनल संगठनों का मानना है कि चांद की जमीन पर कानूनी तौर पर किसी का मालिकाना हक नहीं माना जा सकता, क्योंकि पृथ्वी से बाहर की दुनिया पूरी मानव जाति की धरोहर है। इस पर किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक स्पेस में किसी भी ग्रह या उनके उपग्रहों पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। भारत समेत 110 देशों ने इस पर साइन किए हैं। बिना किसी अधिकार के लिए कंपनियां चांद पर जमीन की रजिस्ट्री करने का दावा करती हैं। यह एक तरह से गोरखधंधा है।



## सूडान के पास सांप्रदायिक झड़प में 23 लोगों की मौत

**जुबा।** दक्षिण सूडान के पास विवादित अबयेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और न्गोक दिन्का के बीच नए सिरे से हुई सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सप्ताहांत में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के क्षेत्रों पर हमला किया। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सशस्त्र हमलावरों ने तीन और चार फरवरी को मालुअल अलेउ, बैंटन, अबाथोक, मजबोंग, अवल और रूमामियर के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों पर हमला किया और इस दौरान रॉकेट, हथगोले और मोर्टार जैसे भारी हथियारों का उपयोग किया गया।